RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 76
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर





ड्रू बैरीमोर को राजनीति से है अरुचि
विविध-12



www.dailypioneer.com


# डेढ़ साल तक कानूनों पर अमल टालने का प्रस्ताव

- आपस में सलाह करने के बाद जवाब देंगे किसान नेता, संयुक्त समिति के गठन का भी प्रस्ताव
- 22 जनवरी को होगी अगली बैठक

## सरकार की किसानों को पेशकश



नई दिल्ली में किसान नेताओं से वार्ता के बाद पत्रकारों को संबोधित करते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

**राजेश कुमार** । नई दिल्ली

**किसान** नेताओं और सरकार के बीच बुधवार को हुई 10वें दौर की बातचीत में गतिरोध को खत्म करने में कोई खास सफलता मिलती नहीं दिखी। केंद्र ने तीनों कृषि कानूनों को 18 महीने तक निलंबित रखने तथा कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने समेत आंदोलन कर रहे किसानों की लंबित मांगों पर गौर करने के लिए संयुक्त कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा।

बहरहाल किसान नेताओं ने तुरंत प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और कहा कि वे आपस में सलाह-मशविरा करने के बाद गुरुवार को जवाब देंगे। किसान कानूनों को पूरी तरह से निरस्त करने की मांग पर अड़े थे क्योंकि उनका मानना था कि कानूनों को कुछ समय के लिए स्थगित रखने से कोई बदलाव नहीं होगा। किसान नेताओं बताया कि 10वें दौर की बातचीत खत्म हो चुकी है। अगले दौर की बैठक 22 जनवरी को होगी। पांच घंटे तक चली बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार ने तीनों कृषि कानूनों पर अमल 1-1.5 साल तक निलंबित रखनेका प्रस्ताव रखा, इस दौरान सरकार और किसानों की संयुक्त समिति के प्रतिनिधि किसानों के आंदोलन से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा करे जिससे कि किसी उचित निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके और कड़ाके की ठंड में दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे लोग अपने घरों को लौट जाएं।

बातचीत के दौरान किसान संगठनों ने कहा कि वे सरकार के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करेंगे और फिर 22 जनवरी की बैठक में भाग लेंगे। मंत्री ने कहा कि कुछ 'नरम-गरम' क्षणों के बावजूद बातचीत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। किसान कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे। तोमर ने कहा ' मुझे लगता है कि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही और उम्मीद है कि 22 जनवरी तक कोई समाधान ढूंढ लिया जाएगा। बैठक के बाद भारतीय किसान यूनियन (उग्राहन) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उग्राहन ने कहा कि सरकार ने डेढ़ साल के लिए कृषि कानूनों को स्थगित रखने ( शेष पेज 9 )

## समिति के सदस्यों पर आक्षेप लगाने से सुप्रीम कोर्ट नाराज

- कहा-विशेषज्ञों की कमेटी को नहीं दिया गया है फैसला सुनाने का कोई अधिकार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने नये कृषि कानूनों पर गतिरोध खत्म करने के लिए गठित की गई समिति के सदस्यों पर कुछ किसान संगठनों द्वारा आक्षेप लगाए जाने को लेकर बुधवार को काफी नाराजगी जाहिर की। साथ ही, शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि उसने विशेषज्ञों की समिति को फैसला सुनाने का कोई अधिकारी नहीं दिया है, जो कृषि क्षेत्र के बेहतरीन विशेषज्ञ हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि उसे इस बारे में गंभीर आपत्ति है कि समिति के सदस्यों का गलत चित्रण किया जा रहा है, जो कि 'अब एक संस्कृति बन गई है।' उल्लेखनीय है कि शीर्ष न्यायालय ने 12 जनवरी को नये कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी तथा केंद्र और दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के बीच गतिरोध खत्म करने के सिलसिले में सिफारिशें करने के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की थी। प्रधान न्यायाधीश ( शेष पेज 9 )

## शीर्ष अदालत का ट्रैक्टर रैली पर दखल से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली पूरी तरह 'कार्यपालिका से जुड़ा मामला' है।

इसके बाद केंद्र ने मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध करने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की पीठ ने कहा कि हम आपको कह चुके हैं कि हम कोई निर्देश नहीं देंगे।

यह पुलिस का मामला है। हम आपको (याचिका वापस लेने) की अनुमति देंगे। आप प्राधिकार हैं और आपको इससे ( शेष पेज 9 )

## नए स्ट्रेन के लिए बनानी पड़ सकती है दूसरी वैक्सीन

- हालिया शोध में जताई गई आशंका- भविष्य में कोरोना के दूसरे वायरस के खिलाफ शायद कारगर न हों मौजूदा टीके



**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**भले** हाल ही में विकसित टीके कोरोना से लड़ने में मददगार हों, लेकिन ऐसी संभावना है कि ये भविष्य में इस महामारी के नए स्ट्रेन से लड़ने में कारगर न हों। ऐसी आशंका एक नए अध्ययन में जताई गई है। इस शोध में यह भी कहा गया है कि कोविड-19 समेत कोरोना परिवार के कुछ वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने के लिए ताकत विकसित कर सकते हैं।

जर्नल ईलाइफ में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 का कारण बनने वाला नोवल कोरोना वायरस एसएआरएस-सीओवी -2 उसी तरह विकसित होता है जैसे कोई अन्य रोगजनक वायरस। इसलिए ऐसा हो सकता है कि हाल ही में तैयार हुई मौजूदा वैक्सीन कोरोना के नए स्ट्रेन पर असर न करें। इसलिए भविष्य में कोरोना के नए स्वरूप से लड़ने के लिए एक और वैक्सीन विकसित करने की जरूरत पड़ सकती है। इस शोध के पहले लेखक अमेरिका की फ्रेड हचिंसन कैंसर रिसर्च सेंटर के कैथरीन किस्टलर ने कहा कि कोरोना के कुछ वायरस मानव में संक्रमण फैलाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये हमारे इम्यून मेमोरी फेडिंग या एंटीजेनिक बहाव के कारण किस हद तक आगे बढ़ते हैं।

वर्तमान में भारत सहित कम से कम आठ देशों ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण को मंजूरी दे दी है। किस्टलर ने कहा कि शोध के जरिए हम यह जांचना चाहते थे कि क्या कोरोना वायरस से संबंधित एसएआरएस-सीओवी-2 में हमारे इम्यून सिस्टम को चकमा देने वाली ताकत विकसित करने का कोई सबूत है या नहीं। जब कोई व्यक्ति वायरस से संक्रमित होता है या उसे वायरस से बचाने के लिए टीका लगाया जाता है, तो उनके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा एंटीबॉडी विकसित करत है जो एंटीजन कहलाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली ( शेष पेज 9 )

# अमेरिका में बाइडेन युग का आगाज, कहा-लोकतंत्र की जीत

- राष्ट्रपति पद की शपथ ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई
- कमला देवी हैरिस पहली महिला और पहली भारतवंशी उपराष्ट्रपति बनीं





शपथ ग्रहण के दौरान अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला देवी

**भाषा** । वाशिंगटन

**जो** बाइडन ने अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति और कमला देवी हैरिस ने पहली महिला उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों को रोकने के लिए कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) के आसपास हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। डेमोक्रेटिक नेता बाइडन (78) को प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कैपिटल बिल्डिंग के वेस्ट फ्रंट में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने के बाद अपने पहले भाषण में कहा कि लोकतंत्र की जीत हुई है। इस बार समारोह में कम लोगों को आमंत्रित किया गया और नेशनल गार्ड के 25,000 से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडन को शुभकामनाएं दीं और कहाकि हम साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए साथ खड़े हैं। डोनाल्ड ट्रंप, बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए और अंतिम बार राष्ट्रपति के तौर पर व्हाइट हाउस से विदा लेते हुए विमान से फ्लोरिडा स्थित अपने स्थाई आवास मार-आ-लागो एस्टेट के लिए रवाना हो गए। निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस समारोह में शामिल हुए हैं। अमेरिका इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बाइडन ने अपने परिवार की 127 साल पुरानी ( शेष पेज 9 )

## संसद का बजट सत्र

## सर्वदलीय बैठक 30 को, प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**संसद** के आगामी बजट सत्र के मद्देनजर 30 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक होगी जिसमें सरकार सत्र संबंधी कामकाज से सभी दलों को अवगत कराएगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक डिजिटल माध्यम से होगी और इस सिलसिले में सभी दलों के सदन के नेताओं को सूचना दे दी गई है। संसद सत्र की शुरुआत से पहले सर्वदलीय बैठक आहूत किए जाने की परम्परा रही है। हालांकि इस बार सत्र की शुरुआत के एक दिन बाद यह बैठक हो रही है। सत्र 29 जनवरी से आरंभ हो रहा है। जोशी ने बताया, सर्वदलीय बैठक 30 जनवरी को होगी, जिसमें सरकार विधाई कामकाज की रूपरेखा पेश करेगी और विपक्ष के सुझावों को भी सुनेगी। बजट सत्र की शुरुआत 29 जनवरी से होगी। सत्र ( शेष पेज 9 )

# आशा के अनुरूप गति नहीं पकड़ पा रही टीकाकरण मुहिम

- पांचवें दिन सिर्फ 1,12,007 स्वास्थ्यकर्मियों को लगी वैक्सीन, 16 से अब तक 7.86 लाख लोगों का टीकाकरण
- सरकार को डर, अभियान इसी तरह चला तो पहला चरण पूरा होने में ही लग जाएंगे कई साल



ठाणे में कोरोना का टीका लगवाती एक चिकित्साकर्मी।

**अर्चना ज्योति** । नई दिल्ली

**कोरोना** के खिलाफ टीकाकरण अभियान उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। पांचवें दिन बुधवार को सिर्फ 1,12,007 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया और 16 जनवरी को टीकाकरण शुरू होने के बाद से अब तक कुल 7.86 लाख लोगों को ही वैक्सीन की पहली खुराक दी गई है। सरकार को डर है कि यदि अभियान इतनी ही धीमी गति से आगे बढ़ा तो पहले चरण में लक्षित तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के टीकाकरण में ही वर्षों लग जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बुधवार को 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शाम 6 बजे तक 1,12,007 लाभार्थियों को टीका लगाया गया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पूरी रिपोर्ट देर रात तक ही आ पाएगी। अगनानी ने कहा कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रतिक्रिया के दस मामले सामने आए हैं।

उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में टीकाकरण के बाद तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन सभी को छुट्टी दे दी गई है। दिल्ली में चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, उनमें से भी एक ( शेष पेज 9 )

## भारत में कोविड-19 के 13,823 नए मामले, 162 मौतें

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 13,823 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 1,05,95,660 हो गई, जिनमें से 1,02,45,741 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, वायरस से 162 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,52,718 हो गई। आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,02,45,741 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 96.70 प्रतिशत हो गई। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या दो लाख से कम है। अभी 1,97,201 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,792 ↑ 393 | |
| निफ्टी | 14,644 ↑ 123 | |
| सोना | 48,758 ↑ 347 | /10g |
| चांदी | 65,814 ↑ 606 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में सड़क हादसे में 14 बारातियों की मौत

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में पत्थर लदे एक ट्रक और कार में भिंड़त हो गई जिसके बाद ट्रक पलट कर दो अन्य वाहनों पर गिर गया जिससे 14 बारातियो की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्घटना में मारे गए लोगों केपरिजनों और घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है। एक अधिकारी ने बताया कि बारातियों की कारें राजमार्ग पर गलत दिशा से धुपगुड़ी की ओर जा रही थी और घने कोहरे की वजह से यह टक्कर हुई। पहले कार और ट्रक में भिड़ंत हुई जिससे वह तेजी से किनारे की तरफ चली गई और टक्कर के कारण ट्रक से पत्थर गिरने लगे। चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक एक ओर झुककर अन्य दो कारो पर गिर गया।

# तांडव से कुछ दृश्य हटाए गए, निर्माताओं को अग्रिम जमानत

**पायनियर समाचार सेवा** । मुंबई




**विवादास्पद** वेब सीरीज तांडव से कम से कम दो दृश्य हटा दिए गए हैं। लेकिन बुधवार को इसने खुद को और अधिक संकट में घिरा पाया क्योंकि इस बार इसके निर्माताओं के खिलाफ मध्य प्रदेश में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जबकि महाराष्ट्र में एक अन्य दर्ज की जा सकती है। सीरीज की प्रथम कड़ी तानाशाह से दो दृश्य हटा दिए गए हैं, जिनमें मुख्य किरदारों के बीच बातचीत का एक दृश्य भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही अमेजन प्राइम वीडियो की इस सीरीज के निर्माताओं एवं कलाकारों ने एक बार फिर से माफी मांगी थी और कहा था कि उन्होंने इस संबंध में चिंताओं को दूर करने के लिए कुछ बदलाव करने का फैसला किया है। इस सीरीज को लेकर विवाद के केंद्र में वह दृश्य है, जिसमें हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इस दृश्य में भगवान शिव का किरदार निभा रहे जीशान अयूब और नारद मुनि के बीच एक संवाद को लेकर आपत्ति जताई गई थी।

यह दृश्य हटा दिया गया है। अब जीशान दर्शकों की तालियों के बीच भगवान शिव के वेश में मंच पर आते दिख रहे हैं और इसबीच, परिसर में पुलिस द्वारा एक छात्र को गिरफ्तार किए जाने को दिखाया जाना शुरू हो जाता जाता है। साथ ही, सीरीज में प्रधानमंत्री देवकी नंदन सिंह के संवाद में दलित नेता कैलाश कुमार का अपमान करने वाले दृश्य को भी हटा दिया गया है। इसमें सिंह का किरदार तिगमांशु धूलिया, जबकि कुमार का किरदार अनूप सोनी निभा रहे हैं। सिंह और संध्या मृदुल के संध्या किरदारों के बीच दृश्य को भी छोटा कर दिया गया है। हालांकि, इसके बावजूद भी सीरिज पर संकट गहराता जा रहा है। दूसरी ओर बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को तांडव के निर्देश अली अब्बास जफर, आमेजन प्राइम इंडिया की प्रमुख अपर्णा पुरोहित, निर्माता हिमांशु मेहरा और लेखक गौरव सोलंकी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी। इन सभी के खलाफ वेब सीरीज के माध्यम से लोगों की धार्मिक भावनाओं को कथित रूप से आहत करने के सिलसिले में लखनऊ में मामला दर्ज किया गया है। न्यायमूर्ति पी. डी. नाइक ने चारों को गिरफ्तारी से तीन सप्ताह की राहत दी है।

इससे सभी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में संबंधित अदालत में जाने का मौका मिल जाएगा। अधिकारी ने बताया कि आज दिन में उत्तर प्रदेश पुलिस की चार सदस्ईय टीम मांडव के खिलाफ लखनऊमें दर्ज मामले की तहकीकात करने मुंबई पहुंची। संभावना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस लखनऊ में दर्ज मामले के संबंध में वेब सीरीज के निर्माताओं और अभिनेताओं आदि का बयान दर्ज करेगी। जफर और अन्य की ओर से पैरवी कर ( शेष पेज 9 )

# कई माह गायब रहने के बाद नजर आए जैक मा

- सरकार के खिलाफ टिप्पणी के बाद चीनी अरबपति के लापता होने की चर्चा थी गरम

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**चीनी** अरबपति जैक मा करीब दो महीने तक लापता रहने के बाद अचानक सामने आ गए।

अलीबाबा और आंट ग्रुप के सह-संस्थापक जैक मा के लापता होने की खबर उस वक्त तेज हो गई थी, जब वह अपने ही शो 'अफ्रीका के बिजनेस हीरो' के आखिरी एपिसोड में दिखाई नहीं दिए थे। 10 अक्टूबर को आखिरी बार उनका ट्वीट आया था। उसके बाद से ना वह सामने आए थे और ना ही उनका कोई ट्वीट आया था। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वे चीन के 100 ग्रामीण शिक्षकों के साथ ऑनलाइन बातचीत करते दिख रहे हैं। यह कार्यक्रम ग्रामीण शिक्षा की उपलब्धियों की से जुड़ा सालाना समारोह का हिस्सा था। बता दें कि अलीबाबा के संस्थापक जैक मा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुए विवाद के बाद से लापता थे और करीब 2 महीने से नहीं देखे गए थे। इसके बाद यह कयास लगाए जाने लगे थे कि या तो चीन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है या फिर नजरबंद कर कहीं रखा है।

ग्लोबल टाइम्स ने जैक मा का वीडियो शेयर करते हुए उन्हें इंग्लिश टीचर से बिजनेसमैन बनने वाला बताया। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि इंग्लिश टीचर से बिजनेसमैन बनने वाले अलीबाबा के संस्थापक जैक मा ने बुधवार को वीडियो लिंक के माध्यम से देश के 100 ग्रामीण शिक्षकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हम कोविड-19 महामारी खत्म होने के बाद फिर से मिलेंगे।

# नोएडा के लोगों को मिला बड़ा तोहफा

## दिल्ली की तरह बनेगा कल्चरल सेंटर व शानदार क्लब

● देश की बड़ी एजेंसी को सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण फाइल फोटो

विकास प्राधिकरण ने शहर में एक शानदार कल्चरल सेंटर और क्लब को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसका नाम दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर हैबिटेट सेंटर ही रखा जाएगा। इसका निर्माण करने की जिम्मेदारी देश की चुनिंदा एजेंसी में शामिल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंप दी गई है। यह प्रस्ताव सोमवार को प्राधिकरण के बोर्ड में रखा गया था। जिसे मंजूरी मिल गई है। अब इसका काम इस महीने के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है।

हाइकोर्ट ने अपने आदेश में निर्माण निगम को ब्लैक लिस्ट कर रखा है। ऐसे में निगम को काम का जिम्मा नहीं दिया गया था। इस वजह से इसका अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। अब बोर्ड की मंजूरी से यह अड़चन समाप्त हो गई है। सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में सोमवार को औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन की अध्यक्षता में 201वीं बोर्ड बैठक हुई थी। बैठक में प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण, यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कुल 28 एजेंडे रखे गए।

अधिकारियों ने बताया कि हैबिटेट सेंटर सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाया जाएगा। हेबीटेट सेंटर 1,980 और कन्वेंशन सेंटर 42,766 वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। यह सेंटर 31 मंजिल होगा। इसमें 3 बेसमेंट भी होंगे।

# कन्या गुरुकुल से लापता छात्रा का अब तक नहीं मिला सुराग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● जांच के लिए पुलिस ने गठित की दो टीमें

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सोरखा गांव में स्थित कन्या गुरुकुल से 18 जनवरी को लापता हुई एक छात्रा का अब भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस दो टीम गठित कर छात्रा की तलाश में जुट गई है। सहायक पुलिस आयुक्त विमल कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव स्थित एक कन्या गुरुकुल से 18 जनवरी की रात को वहां पढ़ने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा लापता हो गई। उन्होंने बताया कि गुरुकुल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जब जांच की गई तो पता चला कि छात्रा देर रात को अपने कपड़े आदि लेकर गुरुकुल से बाहर जा रही थी।

अधिकारी ने बताया कि छात्रा की बरामदगी के लिए, पुलिस की दो टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त गुरुकुल में छात्रा की सगी बहन तथा तीन मौसेरी बहनें भी पढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि छात्रा के आधार कार्ड में पिता का नाम गलत दर्ज है, जिसकी वजह से वह परेशान थी। उन्होंने बताया कि छात्रा पहले अपने बुआ के यहां रहती थी।

उन्होंने बताया कि छात्रा के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। छात्रा की बुआ तथा उसकी मां से भी पुलिस ने संपर्क किया लेकिन वह उनके पास नहीं गई। उन्होंने बताया कि छात्रा की बरामदगी जल्द कर ली जाएगी। वहीं छात्रा के बरामद ना होने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मालूम हो कि उक्त गुरुकुल में पढ़ने वाली एक छात्रा की 2020 में संदिग्ध परिस्थिति में गुरुकुल के भीतर ही मौत हो गई थी।

# मासूम से रेप व हत्या के केस में फांसी की सजा

## कोर्ट ने 30 दिन में सुनाया फैसला, एक लाख का जुर्माना भी लगाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी को कोर्ट से जेल ले जाती पुलिस।

जिला अदालत की पॉक्सो कोर्ट ने ढाई साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या केस में रिश्ते के चाचा को दोषी करार दिया है। अदालत के विशेष न्यायाधीश महेंद्र श्रीवास्तव ने सिर्फ 30 दिन की सुनवाई में अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को फांसी की सजा सुनाई और एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में 10 गवाह पेश किए। इस सनसनीखेज घटना को फैक्ट्री कर्मचारी के ही जिगरी दोस्त चंदन पांडेय ने अंजाम दिया था।

दरअसल, गाजियाबाद में 19 अक्तूबर 2020 को कविनगर थाने में पीड़ित पिता ने सूचना दी थी कि उसकी ढाई साल की मासूम बेटी अचानक लापता हो गई है। परिजनों के शक पर पुलिस ने पीड़ित के जिगरी दोस्त चंदन पांडेय को उसी रात हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन वह बच्ची के बारे में जानकारी न होने की बात कहते हुए गुमराह करता रहा। दूसरे दिन दोपहर में कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया में नाले के किनारे झाड़ियों में बच्ची का शव बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस की सख्ती पर चंदन ने जुर्म कबूल कर लिया था। परिजनों की तहरीर पर हत्या, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर चंदन को गिरफ्तार कर लिया गया था, तभी से वह डासना जेल में बंद है। कोर्ट से सजा का ऐलान होने के बाद बच्ची की मां ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना

# गौतमबुद्धनगर के हजारों लोगों को मिला लाभ

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम ने जारी की 2,691 करोड़ रुपये की सहायता राशि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सौगात दी। उन्होंने इन लाभार्थियों को करीब 2,691 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि जारी की।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर लाभार्थियों को मदद राशि उनके खाते में भेज दी। इससे इन लाखों लोगों के अपने पक्के आशियाने का सपना साकार हो सकेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 तक सभी नागरिकों को पक्के मकान देने का आश्वासन दिया था। इसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना साल 2016 में शुरू की गई थी। अब तक इस योजना के तहत देश भर में तकरीबन 1.2 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके हैं। बुधवार को वितरित सहायता में 5.30 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त मिलेगी। जबकि इनमें 80 हजार लाभार्थियों को दूसरी किस्त जारी की जाएगी। ये 80 हजार लाभार्थी पहली किस्त पहले ही ले चुके हैं।

योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को अपना पक्का घर बनाने में मदद करती है। साथ ही पुराने घर की मरम्मत के लिए भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाती है। समतल जमीन पर पक्का घर बनाने के लिए 1,20,000 रुपये की आर्थिक सहायता देती है। जबकि, पहाड़ी इलाकों के लिए 1,30,000 रुपये की आर्थिक मदद देती है।

# फैक्टरी के मालिक को न्यायिक हिरासत में भेजा

नोएडा। जिले में 56 करोड़ रुपए की कथित आयकर चोरी के मामले में गिरफ्तार प्रभात जर्दा फैक्टरी की मालिक छाया देवी को मेरठ की एक अदालत ने बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नोएडा के सेक्टर 62 स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की कर अपवंचन शाखा के प्रमुख ऋषिकेश सिंह ने बताया कि सीजीएसटी नोएडा की टीम को करोड़ों रुपए की आयकर चोरी के संबंध में जानकारी मिली थी। सिंह ने बताया कि देवी पर 56 करोड़ रुपए की आयकर चोरी का आरोप है। मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद उन्हें मेरठ की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# वाहन चोरी के आरोप में 3 दबोचे चार मोटरसाइकिलें बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर तीन लोगों को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया और इनके पास से चार मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं।

थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि सुबह गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर दीन मोहम्मद, अमान तथा गौरव नामक तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने विभिन्न जगहों से चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य घटना में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से मारपीट करके उससे मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व नकदी लूट लिए। घटना गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर की सीमा पर हुई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झाझर के रहने वाला बंटी नामक युवक बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था तभी ककोड़ थाना व खुर्जा थाना क्षेत्र की सीमा पर बाइक सवार बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 5,000 रुपए की नकदी राशि छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना थाना ककोड़ पुलिस को दी।

# प्रॉपर्टी विवाद में भाई ने बहन को चाकू घोपा

गाजियाबाद। थाना टीला मोड़ क्षेत्र सोनिया विहार में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक भाई ने अपनी बहन को चाकू मारकर घायल कर दिया। लड़की की हालत गंभीर है और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना अध्यक्ष टीला मोड़ रण सिंह ने बताया कि सोनिया विहार निवासी सुमन और लखन दोनों भाई-बहन ने अपनी पसंद से लव मैरिज की हुई है। दोनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद है। बुधवार सुबह लखन का प्रॉपर्टी को लेकर अपने पिता से झगड़ा हुआ था बाद में वह अपनी बहन के यहां चला गया। सुमन भी इसी मोहल्ले में अपने पति रोहित के साथ रहती है। बुधवार सुबह लखन ने अपनी बहन सुमन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया।


# संक्षिप्त समाचार



गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

### गुरु गोविन्द सिंह की जयंती मनाई

गाजियाबाद। मात्र जयंतियां मना लेने भर से देश महान नहीं बनने वाला, जयंतियों से लोग जागरूक हों, सकारात्मक सोच के साथ महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर आगे बढ़ें, देश तब महान बनेगा। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गदिया ने मेवाड़ ऑडिटोरियम में आयोजित 354वें गुरु गोविन्द सिंह जयंती समारोह में ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में गुरु गोविन्द सिंह जैसा महान बलिदानी पैदा नहीं हुआ। देश के लिए उन्होंने अपने पिता व बच्चों का बलिदान तक कर दिया। वह अन्याय के प्रति संघर्ष करते रहे मगर अपनी कौम की आन, बान और शान को नहीं छोड़ा। वह परिवार बलिदान हो जाने के बावजूद टूटा नहीं, बल्कि दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया। उनका संघर्ष किसी एक समुदाय विशेष के साथ नहीं बल्कि अत्याचारियों के खिलाफ था।





विवादित होर्डिंग व पूर्व विधायक मदन भईया।

### पूर्व विधायक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

गाजियाबाद। जिला पंचायत चुनाव की राजनीति में नया विवाद आया है। यहां पर होर्डिंग की फोटो को लेकर पूर्व विधायक मदन भईया ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने टीला मोड थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर उनकी अनुमति के बिना चुनावी होर्डिंग पर उनका फोटो लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा है। पूर्व विधायक मदन भईया ने अपनी तहरीर में लिखा कि वह उत्तर प्रदेश के खेकड़ा, बागपत विधानसभा से चार बार विधायक रहे हैं। क्षेत्र में और समाज में निजी प्रतिष्ठा और सम्मान है। जिला पंचायत गाजियाबाद के वार्ड संख्या 12 से जिला पंचायत सदस्य के कई प्रत्याशियों ने अपने पोस्टर, बैनर होर्डिंग लगाये हैं। जिसमें कई स्थानों पर होर्डिंग पर बिना मेरी सहमति के मेरा फोटो प्रकाशित करवाया गया है। तहरीर में कहा कि ऐसे होर्डिंग से उनकी छवि को नुकसान हुआ है।

### एनसीआर में वायु गुणवत्ता बेहद खराब

नोएडा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न शहरों में बुधवार को वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही और गाजियाबाद सबसे प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गाजियाबाद में 347, ग्रेटर नोएडा में 336 और नोएडा में 322 दर्ज किया गया। वहीं बागपत में 308, बुलंदशहर में 348, हापुड़ में 122, फरीदाबाद में 265, गुरुग्राम में 235, आगरा में 320, बल्लभगढ़ में 170, भिवानी में 96, मेरठ में 340 दर्ज किया गया।

# फेसबुक के जरिए मांग रहे राम के नाम पर चंदा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● लोगों को ठगने के लिए गिरोह सक्रिय

फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाले गिरोह ने इन दिनों एक नया धंधा शुरू कर दिया है। अब यह श्रीराम मंदिर के नाम पर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए ठगी कर रहे हैं। भगवान राम के नाम पर पैसे मांगने पर इनको आसानी से रकम भी मिल रही है और यह अपना शातिर अंदाज में ठगी कर मौज उड़ा रहे हैं।

ताजा मामला कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में रहने अशोक शर्मा के साथ हुआ है। बीते तीन दिनों के दौरान उनकी दो अलग-अलग फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई। साथ ही उनके कुछ जानकारों से श्रीराम मंदिर के लिए चंदा मांगा गया। कुछ लोगों ने भावनाओं का सम्मान करते हुए पैसे दे दिए। बाद में जब जानकारी की तो मामला ठगी का निकला। वहीं राजेंद्र नगर में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर कंपनी कर्मचारी और कौशांबी की एक नामी कंपनी में काम करने वाले मैनेजर के साथ भी इसी प्रकार भगवान राम के नाम पर ठगी का गोरखधंधा सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा है कि श्रीराम मंदिर के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से कोई चंदा नहीं मांगा जा रहा है। इसीलिए लोग इस प्रकार से सतर्क रहें। जो धनराशि एकत्रित की जा रही है वह कूपन, चेक और ऑनलाइन ऐप के माध्यम से हो रहा है। उसके लिए बकायदा कूपन और रसीद दी जाती हैं। साथ ही अधिक धनराशि होने पर 80जी से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए जाते हैं। जिन स्वयं सेवकों और कार्यकर्ताओं को राम मंदिर के लिए धनराशि एकत्रित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# किसानों ने धरनास्थल पर ही मनाया गुरु पर्व

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गुरु पर्व के अवसर पर यूपी गेट पर नगर कीर्तन निकालते किसान।

नए कृषि कानूनों के विरोध में पिछले 56 दिनों से यूपी बॉर्डर पर डटे किसान अपने-अपने धर्म और आस्था के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान और पर्व भी मना रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को सिख समुदाय के साथ सभी धर्मों को मानने वाले किसानों ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला। इसके बाद शब्द कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया।

धरना स्थल पर नगर कीर्तन के दौरान सिख समुदाय के लोगों ने गतका खेलते हुए गुरु गोविंद सिंह को नमन किया। इस दौरान यूपी गेट पर मौजूद सभी धर्मों को मानने वाले किसानों ने फूल मालाओं में फूलों से प्रभातफेरी का स्वागत किया। नगर कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हुईं।

किसान करण जीत सिंह का कहना कि आज गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर किसानों द्वारा नगर कीर्तन सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गाजियाबाद के 5 निजी अस्पताल हुए नॉन कोविड

गाजियाबाद। वैक्सीनेशन शुरु होने से पहले ही कोरोना संक्रमण अब दम तोड़ता नजर आ रहा है। जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में अब 100 से भी कम मरीज भर्ती हैं, जबकि होम आइसोलेशन में 100 से ज्यादा मरीज हैं। रोजाना नए मरीजों की संख्या भी लगातार घट रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अस्पतालों को नॉन कोविड किए जाने की अनुमति दे दी है। कोरोना संक्रमण का उपचार करने वाले 14 निजी अस्पताल थे। इसके अलावा सरकारी स्तर पर फिलहाल दो ही अस्पताल संचालित हैं, ईएसआई राजेंद्रनगर में पिछले एक माह से कोई नया मरीज भर्ती नहीं हुआ है।

# गौतमबुद्धनगर जिले में कोरोना संक्रमण के तीन नए केस मिले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में बुधवार को कोविड-19 के तीन नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 25,293 हो गई। गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस से प्रभावित 10 शीर्ष जनपदों में शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 14 दिन में संक्रमण के सिर्फ 93 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल दिसंबर और नवंबर महीने में रोजाना संक्रमण के 200 से 300 मरीज सामने आ रहे थे।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बुधवार सुबह तक कोरोना वायरस से संक्रमित तीन मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में 24 मरीज संक्रमण मुक्त हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में अभी 124 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 25,078 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक संक्रमण की वजह से 91 लोगों की मौत हो चुकी है।

# जिले में 95 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ

गाजियाबाद। जिले में 95 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ। मंडल में सबसे ज्यादा बागपत में 96 फीसद वैक्सीनेशन हुआ। कोविड वैक्सीनेशन के मामले में जनपद सूबे में चौथे स्थान पर रहा। पहले चरण में जनपद में 21000 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होना है। जनपद को पहली खेप में 27000 डोज प्राप्त हुई हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोविड टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में 22, 28 और 29 जनवरी को 26 केन्द्रों पर कोरोना टीकाकरण किया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हैं। एक बूथ पर एक दिन में 100 लोगों को टीका लगाया जायेगा।





कार्यशाला में मौजूद सीएमओ व अन्य चिकित्सक।

# कोविड टीका पूरी तरह सुरक्षित और असरदार : सीएमओ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● टीकाकरण पर दी विस्तार से जानकारी

घबराइये मत कोविड टीका पूरी तरह सुरक्षित व असरदार है। इसके दुष्प्रभाव को लेकर उठी अफवाहों को दरकिनार करें ये केवल भ्रांति मात्र हैं। यह बात सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बुधवार को स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के सहयोग से आरडीसी स्थित एक होटल में आयोजित स्वास्थ्य संचार सुदृढ़ीकरण कार्यशाला के दौरान कही।

सीएमओ ने टीकाकरण के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया जिले में 379 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया, इनमें केवल नौ ऐसे थे जिन्हें मामूली परेशानी हुई। उन्होंने कहा कोविड का टीका आने से कोविड पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। सीएमओ ने कहा कि टीकाकरण के लगभग 42 दिन बाद कोरोना से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बन जाएगी। इसलिए बार-बार कहा जा रहा है कि 'दवाई भी-कड़ाई भी' यानि अभी मास्क लगाना और एक दूसरे से दो गज की दूरी का पालन करना सभी के लिए जरूरी है। साबुन-पानी से अच्छी तरह से हाथ धुलने से जहां कोरोना से बचाव होगा वहीं अन्य संक्रामक बीमारियों से भी बचे रहेंगे। उन्होंने कोरोना काल में मीडिया की सकारात्मक भूमिका की सराहना की।

सीएमओ ने कहा कि गाजियाबाद में जिस तरह कोविड का फैलाव हुआ उस हिसाब से यहां मृत्युदर काबू रही।

दरिया दिली की अनूठी मिसाल

# बेजुबान कुत्तों के लिए कॉलोनी में बनाए दर्जनों घरौंदे

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद





रामप्रस्थ ग्रीन में स्ट्रीट डॉग के लिए तैयार किए गए घरौंदे का दृश्य।

देश के एक नामचीन बिल्डर ने हाड कंपा देने वाली ठंड से बचाने के लिए बेजुबान स्ट्रीट डॉग के लिए शहर की पॉश कालोनी रामप्रस्थ ग्रीन्स के विभिन्न केंद्रों पर 25 शानदार घरौंदे तैयार कर दरियादिली की एक अनूठी प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। यह कॉलोनी लगभग 100 एकड़ विशाल एरिया में फैली हुई है और देश की राजधानी दिल्ली यूपी बॉर्डर से सटी हुई है।

खास बात यह है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देसी नस्ल के कुत्तों को ब्रिड को डवलप करने और उन्हें अपनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के इस आह्वान से प्रेरित होकर बिल्डर ने गाजियाबाद की रामप्रस्थ ग्रीन सोसायटी में स्ट्रीट डॉग को ठंड से बचाने के लिए सोसायटी के विभिन्न प्रवेश द्वारों व आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर ये खास तरह के घरौंदे तैयार किए हैं। इन घरौंदों की छत वाटरप्रूफ है और छत के ऊपर आर्टीफिशियल घास का कारपेट लगाया गया है ताकि देखने में भी अच्छा लगे। इसमें कुत्तों के बैठने व सोने के लिए दरी और गर्म कंबल बिछाये गये हैं। साथ ही घरौंदों के बाहर भोजन व पानी के लिए कुछ बर्तन भी रखे हैं। इस इलाके में 80 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग हैं। अब आसानी से ये बेजुबान यहां ठंडी, गर्मी और बरसात से बच सकते हैं।

इस संबंध में बिल्डर के प्रबंधक भास्कर गांधी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि स्ट्रीट डॉग को लेकर आम जनता इधर काफी परेशान थी। किसी भी विभाग ने इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया। हमने प्रधानमंत्री के स्ट्रीट डॉग को एडोप्ट करने के आह्वान का संदेश जब सुना तो हमारी कंपनी ने कॉरपोरेट उत्तरदायित्व के तहत इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# यूरोप की तरह दिखेंगी राजधानी की सड़कें

## सौंदर्यीकरण का कार्य समय सीमा के अंदर पूरा करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

यूरोप की तरह दिल्ली की सड़के चमकेंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री सत्येंद्र जैन और विभाग के आला अधिकारियों संग सौ फुट चौड़ी, 540 किलोमीटर लंबी सड़कों के सौदर्यीकरण काम की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को इस काम को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिल्ली सरकार ने 15 वर्षों तक इन सड़कों का रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए निर्माण एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। उसकी जिम्मेदारी होगी कि वह सड़कों के विकसित बुनियादी ढांचे को बनाए रखे। साथ ही कचरा हटाने, सड़कों की धुलाई करने, हरियाली विकसीत करने, फुटपाथ की नियमित पेंटिंग, सड़कों के फर्नीचर का रखरखाव और उसकी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इन सड़कों का काम वर्ष 2023 के शुरूआत तक पूरा करना है। पहले चरण में यूरोपियन शहरों की तर्ज पर दिल्ली की सात सड़कों के सौंदर्यीकरण का कार्य पायलट

### ● 15 सालों तक सड़कों के विकसित बुनियादी ढांचे और रखरखाव व सुरक्षा की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी

प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक-एक सड़क की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी सड़कों के सौंदर्यीकरण कार्य में आने वाली सभी बांधाओं को समय रहते दूर करें, ताकि समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा किया जा सके। अधिकारियों ने सीएम को भरोसा दिया कि कार्य तेजी से चल रहा है और निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

केजरीवाल ने सड़कों को री-डिजाइन करने की परिकल्पना की है, ताकि राजधानी की सड़कें भी दुनिया के विकसित देशों की तरह खुबसूरत दिखें। उन्होंने नवंबर 2019 में पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली कुछ सड़कों को री-डिजाइन करने की मंजूरी दी थी। केजरीवाल ने हाल ही में चांदनी चौक सड़क को पायलट प्रोजेक्ट के तहत दोबारा विकसित कराते हुए दिल्ली की 100 फीट चौड़ी, करीब 540 किलोमीटर लंबी सड़कों तक इस योजना का विस्तार किया है।

### री-डिजाइन कर दूर की जाएंगी समस्याएं

सड़कों के री-डीजाइन करने से बाटलनेक खत्म होंगे। अभी कोई सड़क चार लेन से तीन लेन की हो जाती है या छह लेन से चार लेन की हो जाती है। इससे अचानक सड़क पर एक जगह वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इन सड़कों के री-डिजाइन के बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी और सड़क एक समान चौड़ी दिखेगी। फुटपाथ, नान मोटर व्हीकल के लिए जगह बनाई जाएगी। कम से कम 5 फुट के फूटपाथ को बढ़ाकर अधिकतम 10 फुट का किया जाएगा। दिव्यांगों की सुविधा के मुताबिक फूटपाथ को डिजाइन किया जाएगा, ताकि सड़क एक जैसी दिखें और दिव्यांगों को परेशानी न हो।

### हरियाली बढ़ाई जाएगी

अभी सड़कों के किनारे हरियाली का दायरा कम है। री-डिजाइन के बाद फुटपाथ पर पेड़ लगाने के लिए जगह होगी और ग्रीन बेल्ट के लिए भी जगह होगी। आटो व ई-रिक्शा के लिए अलग से जगह और स्टैंड बनेंगे। सड़क के स्लोप व नालों को री-डिजाइन व री-कंस्ट्रक्ट किया जाएगा। नालों के अंदर री-हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे होंगे। सड़क के स्लोप को ठीक किया जाएगा, ताकि बारिश के पानी को जमीन में री-चार्ज किया जा सके। स्ट्रीट फर्नीचर लगेंगे, जंक्शन को ठीक किया जाएगा और सड़क पर कोई खुला स्पेस नहीं होगा। सड़क किनारे घास या पेड़ लगाया जाएगा।



गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाली परेड की रिहर्सल के दौरान राजपथ पर सेना के जवान।

# नीति आयोग ने सरकारी स्कूलों को सराहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

*नीति आयोग ने दिल्ली में सरकारी स्कूलों के ऐतिहासिक कायाकल्प की सराहना की। सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों ने देश की राजधानी को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) में सर्वाधिक अंक हासिल करने में मदद की है। भारत नवाचार सूचकांक 2020 में सभी राज्यों ने औसतन 35.66 अंक प्राप्त किए हैं। सूचकांक के मुताबिक दिल्ली की अधिक आय और सरकारी स्कूलों के ऐतिहासिक कायाकल्प के चलते राष्ट्रीय राजधानी ने उच्चतम एनएएस स्कोर (44.73) हासिल किए। इसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि किसी राज्य की आय का स्तर भी एक बड़ी भूमिका निभाता है। इसमें कहा गया है कि सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनश्चित कर राज्य एनएएस स्कोर बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।*

*सूचकांक के मुताबिक देश भर में इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में दाखिले में कमी दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में छात्रों का दाखिला देश के दक्षिणी हिस्सों में केंद्रित रहा, हालांकि यह आंकड़ा पूर्वोत्तर राज्यों में कम रहा।*

### ● राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में अव्वल रहे राजधानी के विद्यालय

# जहरीला पदार्थ खाने से किसान की मौत



जय भगवान राणा की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के टीकरी बॉर्डर पर जहरीला पदार्थ खाने वाले एक किसान की बुधवार को एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जय भगवान राणा (42) के तौर पर हुई है वह हरियाणा के रोहतक जिले में पकासमा गांव का रहने वाला था।

उन्होंने बताया कि राणा ने मंगलवार को टीकरी बॉर्डर पर प्रदर्शन स्थल पर सल्फास की गोलियां खा ली थीं। सुसाइड नोट में राणा ने लिखा था कि वह एक छोटा किसान है और केंद्र के नए कृषि कानून के खिलाफ बहुत से किसान सड़कों पर हैं। उसने एक पत्र में लिखा, सरकार कहती है कि यह सिर्फ दो या तीन राज्यों का मामला है, लेकिन पूरे देश के किसान कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। दुखद है कि अब यह सिर्फ आंदोलन नहीं, बल्कि मुद्दों की लड़ाई बन गया है। किसानों और केंद्र के बीच बातचीत में भी गतिरोध बना हुआ है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) ने कहा कि राणा को एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मामले में दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

पिछले महीने पंजाब के एक वकील ने कथित तौर पर टीकरी बॉर्डर के प्रदर्शन स्थल से कुछ किलोमीटर दूर जहर खाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली थी।

# नई आबकारी नीतिः सड़क पर उतरा महिला मोर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नई आबकारी नीति के खिलाफ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कई महिलाओं ने गिरफ्तारी दी। प्रदर्शनकारियों को पुलिस मंदिर मार्ग ले आई। बाद में उन्हें रिहा कर दिया।

प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नई आबकारी नीति के पीछे केजरीवाल सरकार युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ करना चाहती है और पैसा कमाने के चक्कर में दिल्ली को बर्बाद करने पर तुली है। शराब पीने पर जहां सरकार को रोक लगानी



चाहिए वहीं उल्टा सरकार ही इसको बढ़ावा दे रही है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार को नई आबकारी नीति का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर ही पड़ेगा।

जब रात तीन बजे तक शराब की दुकाने खुलेंगी और 21 साल के उम्र में ही बेटा हो या बेटी को शराब पीने की छूट होगी तो परिवार कैसे बचेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि केजरीवाल नलों में पीने का साफ पानी तो मुहैया करा नहीं पाये, लेकिन उनकी सरकार हर चौराहे पर शराब का ठेका खोलना चाहती है।

उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ दिल्ली की आम आदमी पार्टी महिलाओं की हितैषी बनने का ढ़ोंग करती है और दूसरी तरफ उनके उत्पीड़न की सेज सजा रही है।

### ● आप सरकार दिल्ली को पानी की जगह परोस रही शराबः भाजपा

# केजरीवाल सरकार ने 407 निर्माण श्रमिक को दिए 10-10 हजार रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने 407 निर्माण श्रमिकों को दस हजार रुपये दिए। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निर्देश पर दिल्ली बिल्डिंग और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने मंगालवार को कोविड राहत के तहत यह राशि दिए हैं। मार्च, 2020 में लॉकडाउन के समय राज्य सरकार ने बोर्ड के साथ पंजीकृत सभी 39600 श्रमिकों को राहत राशि मुहैया कराई थी। सुनील कुमार अलेडिया बनाम दिल्ली सरकार मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए बोर्ड ने 30 सितम्बर, 2018 तक अपने तहत पंजीकृत सभी श्रमिकों को राहत राशि इस शर्त पर मुहैया करायी कि वो अपनी सदस्यता को नवीनीकरण करा लेंगे।

मनीष सिसोदिया ने सभी निर्माण श्रमिकों से खुद को दिल्ली बिल्डिंग और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के साथ पंजीकरण कराने का अनुरोध किया है ताकि वे बोर्ड द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। नवंबर में श्रम मंत्रालय की जिम्मेदारी लेने के बाद श्रम कार्यालयों में उपमुख्यमंत्री द्वारा काफी निरीक्षण किये गए। इनके आधार पर श्रम विभाग में काफी नए बदलाव लाये गए जिनमें डोर स्टेप डिलीवरी द्वारा निर्माण श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन, आवेदन करने के 72 घंटे के भीतर निर्माण श्रमिकों को दावा संवितरण और दावों के भुगतान की सुधार प्रक्रिया शामिल है।

आने वाले समय में 2000 से ज्यादा निर्माण श्रमिकों को इस राहत फण्ड से लाभान्वित होंगे। ये निर्माण श्रमिक समाज के सबसे गरीब तबके के हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान सबसे मुश्किल परिस्थितियों में थे।

### ● श्रमिक अपना पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभ : सिसोदिया

# दो आरोपियों को जमानत मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने पिछले साल फरवरी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा से जुड़े एक मामले में दो व्यक्तियों को जमानत दे दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने दंगों के दौरान जाफराबाद इलाके में एक स्थानीय व्यक्ति के घर को जलाने के मामले में शानू और जरीफ को 20,000 रुपए की जमानत राशि और इतनी ही राशि के मुचलके पर यह जमानत याचिका मंजूर की। अदालत ने दोनों अभियुक्तों की हिरासत की अवधि और समान मामले में समान व्यवहार के आधार पर विचार करते हुए जमानत की अनुमति दी। अदालत ने कहा, इस मामले में आरोपी (शानू और जरीफ) 8 अप्रैल, 2020 से न्यायिक हिरासत में है।

यहां समान मामले का आधार बनता है क्योंकि इस मामले के सह-अभियुक्त आतिर और गुलफाम को पहले जमानत दी गई थी। अदालत ने 19 जनवरी को पारित किए अपने आदेश में कहा, आरोपियों की हिरासत की अवधि और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए, जमानत याचिका मंजूर की जाती है। अदालत ने आरोपियों को सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करने और उसकी अनुमति के बिना दिल्ली से नहीं जाने का निर्देश दिया।




फ्लाई ओवर पर बैनर लगाकर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश उपध्यक्ष व अन्य नेता

# नगर निगमों का बकाया देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगमों के 13000 करोड़ रुपए के बकाए के भुगतान की मांग को लेकर फ्लाई ओवर पर बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने दावा किया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यह बताना कि केजरीवाल सरकार किस तरह राजनीतिक कारणों से नगर निगमों की बकाया धनराशि नहीं दे रही।

प्रदेश मीडिया सेल के प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि बैनर और पोस्टर लगाकर राज्य सरकार से बकाया भुगतान की मांग कर रहे है। आप ने भाजपा पर निशाना साधते हुए तीनों नगर निगमों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाया है।

उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने तीनों नगर निगमों की बकाया राशि जारी करने की मांग को लेकर शास्त्री नगर क्षेत्र में जनजागरण अभियान में हिस्सा लिया। राज्य सरकार निगमों का बकाया फंड नहीं देकर सिर्फ राजनीति कर रही है ताकि वो इसका फायदा आगामी निगम चुनावों में ले सके। बकाया फंड जारी नहीं किए जाने के कारण दो लाख कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन देने में काफी समस्या आ रही है।


## संक्षिप्त समाचार

### डीयू में प्लांट साइंस में अवसर और चुनौतियों पर वेबिनार




**नई दिल्ली।** महात्मा हंसराज फैक्ल्टी डेवलपमेंट सेंटर और वनस्पति विज्ञान विभाग हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्लांट साइंस में अवसर और चुनौतियों को लेकर परिचर्चा हुई। हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रमा ने कार्यक्रम के विषय की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हंसराज कॉलेज के द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास वनस्पति क्षेत्र में नए योगदान देंगे। बायोटेक्नोलॉजी विभाग , भारत सरकार के पूर्व सलाहकार डॉ नतेश ने युवाओं को वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में रुझान पैदा करने के तरीकों को बताया। पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरके कोहली ने वनस्पति क्षेत्र में शोध की महत्ता और इसको विकसित किए जाने पर प्रकाश डाला। साथ ही क्लासरूम से हटकर फील्डवर्क के माध्यम से अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी को जानने एवम् समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ मोनिका कौल द्वारा किया गया।


### 'तेरे नाल प्रीत लगा ली' एलबम जारी



**नई दिल्ली।** राजधानी के एक क्लब में एक म्यूजिक एल्बम तेरे नाल प्रीत लगा ली का लॉन्च किया गया। इस एलबम के जीम्यूजिक द्वारा पेश किया गया। लॉन्च के दौरान कई कलाकार मौजूद रहे। इस एलबम में उभरते हुए कलाकार अशरुल हुसैन, अंकिता दवे, निदेशक नदीम अंसारी और नासिर राणा ने काम किया गया है। इस लॉचिंग में सिंगर प्रेम भाटिया, सूफी गायक हमसर हयात सूफी ब्रदर्स, पंजाब पॉप सिंगर आशू पंजाबी, सिंगर मोहमम्द फारूक, स्टेज फार्मर सिंगर चन्नी मस्ताना आदि ने टीफा के संयोजक शमीम खान ने एलबम को लॉन्च किया।

# 15 दिन के अंदर दिल्ली में 1200 पक्षियों की हुई मौत

## राजधानी में 201 नमूनों में से अभी तक 24 में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई : पशुपालन निदेशक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बर्ड फ्लू संकट के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले 15 दिनों में 1,200 से ज्यादा पक्षियों के मरने की सूचना है। दिल्ली सरकार के विकास विभाग में पशुपालन इकाई के निदेशक डॉक्टर राकेश सिंह ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न जगहों से एकत्र किए गए पक्षियों के 201 नमूनों में से अभी तक 24 में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है।

उन्होंने कहा, दिल्ली में छह जनवरी से अभी तक कुल 1,216 पक्षियों के मरने की सूचना है। लेकिन, सभी की मौत का कारण बर्ड फ्लू नहीं है। कड़ाके की ठंड भी उनके मरने की एक वजह है। प्रशासन ने लाल किले में मृत मिले कौओं में से एक के नमूने में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद परिसर को बृहस्पतिवार से 26 जनवरी तक दर्शकों के लिए बंद कर दिया। 10 जनवरी को किले के परिसर में करीब 15 कौवे मृत मिले थे।

सिंह ने कहा, कुछ दिन पहले दिल्ली चिड़ियाघर में चार सारस पक्षी मृत मिले थे। सोमवार को एकत्र किए गए 12 नमूनों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्चसुरक्षा पशुरोग संस्थान में जांच के लिए भेजा गया है। प्रशासन को अभी तक भोपाल स्थित संस्था से जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। वहीं शनिवार को दिल्ली चिड़ियाघर के एक मृत उल्लू के नमूनों की जांच में उसके भी बर्ड फ्लू से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई है। दिल्ली सरकार ने बर्ड फ्लू के मद्देनजर शहर के बाहर से आने वाले प्रसंस्कृत और पैक्ड चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी थी और पूर्वी दिल्ली में स्थित गाजीपुर मुर्गा मंडी को बंद करने का आदेश दिया था।

बहरहाल, बृहस्पतिवार को गाजीपुर से लिए गए सभी 100 नमूनों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद मंडी को फिर से खोल दिया गया। वहीं 11 जनवरी को संजय झील में करीब 400 बतखों को मारा गया।


# बर्ड फ्लू : चिकन और अंडा खाने के शौकीन तलाश रहे विकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बर्ड फ्लू की वजह से बटर चिकन, अंडे और काली मिर्च चिकन सलामी व्यंजन के शौकीन भयभीत हैं तथा इन व्यंजनों से दूरी बना रहे हैं। संकट में आए रेस्तरां मालिक अपना कारोबार चालू रखने के लिए विकल्प तलाशने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

मृत कौए के नमूने में बर्डफ्लू की पुष्टि होने के बाद लालकिले को मंगलवार को आगंतुकों के लिए बंद कर दिया गया। इस घटना से तीन दिन पहले दिल्ली के चिड़ियाघर में मृत मिले उल्लू के नमूने में बर्डफ्लू की पुष्टि हुई थी जिसकी वजह से लोगों में भय का महौल है। अजय कपूर उन लोगों में शामिल हैं जो नियमित रूप से चिकन और अंडे का सेवन करते थे। एमबीए छात्र कपूर ने कहा, जिम जाने वाला व्यक्ति हूं। चिकन और अंडे मेरी खुराक का अहम हिस्सा हैं लेकिन अब कोई खतरा नहीं लेना चाहता हूं। महामारी से कुछ सीखा है तो वह यह है कि इन मामलों को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

उच्च प्रोटीन वाले अन्य विकल्पों पर गौर कर रहा हूं लेकिन निश्चित तौर पर अंडे और चिकन से दूर रहूंगा। भारत के सबसे बड़े सोशल नेटवर्कों में से एक पब्लिक ऐप के नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर के करीब 3,500 लोगों में से 61.68 प्रतिशत ने कहा कि वे



बर्डफ्लू के डर से अंडा और चिकन नहीं खाएंगे। इस संबंध में एक लक्जरी होटल के खानसामा ने कहा कि कुछ लोग अब चिकन और अंडे की जगह मटन, सीफूड और मछली पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जबकि कुछ अन्य लोग मांसाहार जैसे दिखने वाले सोयाबीन तथा कटहल पर ध्यान दे रहे हैं। राजेंद्र नगर इलाके में स्थित पिकल रेस्तरां के मालिक जसनीत साहनी ने बताया कि उन्होंने अपने मेन्यू में सीफूड और वनस्पति उत्पाद से तैयार व्यंजनों को जोड़ा है। लोग अंडे और चिकन को लेकर सतर्क हैं, ऐसे में हमें चीजों को थोड़ा बदलना होगा।

# महिलाओं ने ट्रैक्टर रैली निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

**26 जनवरी को होने वाली ट्रैक्टर परेड में भी जाएंगी महिलाएं**

**ट्रैक्टर रैली में पुरुषों की भी रही भागीदारी**

**बाटा चौक पर पुलिस ने ट्रैक्टरों के काफिले को रोका**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में किसान आंदोलन को लेकर निकाली गई ट्रैक्टर रैली में शामिल महिलाएं।

**कृषि** अध्यादेश को लेकर देश में विशेषकर राजधानी दिल्ली में सिंघु बॉर्डर और टीकरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन देने के लिए बुधवार को गुरुग्राम में महिलाओं ने ट्रैक्टर रैली निकाली। इस दौरान हाथों में तिरंगे लिए महिलाओं ने अपनी मांगों के हित में नारेबाजी भी की। साथ ही देशभक्ति गीत भी बजाए। इस ट्रैक्टर रैली को पुलिस ने एमजी रोड स्थित बाटा चौक पर रोक दिया गया। काफी देर तक वहां गहमागहमी रही।

बुधवार को यहां पालम विहार के निकट बजघेड़ा फ्लाईओवर के पास महिलाएं एकत्रित हुई। यहीं पर काफी संख्या में ट्रैक्टर भी लाए गए। पहले तो महिलाओं ने रैली शुरू करने पहले ही नारेबाजी की। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले निकाली गई रैली में महिलाओं में खूब जोश नजर आया। भाषण देते हुए महिलाओं ने यहां एक तरफ सरकार को ललकारा और दूसरी तरफ किसानों के समर्थन में बहुत कुछ कहा। यहां निशाना अंबानी-अडानी पर भी साधा गया। सरकार को नारे लगाते हुए कहा कि अंबानी-अडानी की दलाली बंद करो। नो फार्मर-नो फूड के बैनर लिए महिलाओं ने किसानों की अहमियत समझने की बात सरकार से कही। यहां अपने संबोधन में सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सहरावत ने कहा कि देश में खेती-किसानी में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। इसलिए महिलाओं को किसी भी सूरत में कम नहीं आंका जाना चाहिए। महिलाओं की भागीदारी के बिना न परिवार चल सकता है और न ही सरकार। चूल्हा-चौका करने वाली महिलाएं आज गाड़ियों के स्टीयरिंग भी थाम रही हैं और ट्रैक्टर भी चला रही हैं। आज की ट्रैक्टर रैली महिलाओं का भी एक ट्रेलर था। आने वाली 26 जनवरी को भी ट्रैक्टर परेड में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

## पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को बाटा चौक पर रोका

**इसके** बाद ट्रैक्टर रैली की शुरुआत की गई। ट्रैक्टर्स पर लगे म्यूजिक सिस्टम में किसानों के गीत, देशभक्ति गीत बजाते हुए ट्रैक्टरों के काफिले को लेकर महिलाएं आगे बढ़ीं। बजघेड़ा फ्लाईओवर से चलकर ट्रैक्टर रैली सिगनेचर टावर क्रॉसिंग की तरफ बढ़ी। बाटा चौक पर तैनात पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर जाने से रोकने के लिए बाटा चौक पर ही रोक दिया। रैली में ट्रैक्टरों के साथ गाड़ियां भी काफिले में शामिल रहीं। बाटा चौक पर किसानों को पुलिस द्वारा रोकने के चलते यहां बीच सड़क पर किसान बैठ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एक्सप्रेस-वे की तरफ नहीं जाना। वहां पर यातायात को बाधित नहीं कर सकते। किसानों के धरने का नेतृत्व करने वाले एडवोकेट संतोष सिंह ने कहा कि यह हमारी तिरंगा यात्रा है। हम तिरंगा का सम्मान कर रहे हैं। हम शांतिपूर्वक यह कार्य कर रहे हैं। हर नागरिक का यह संवैधानिक अधिकार है। पहले से ही हमने रूट पुलिस को दिया था। हम अनुशासन से चल रहे हैं। किसी को परेशान करने का हमारा काम नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट मैच में पातली अदानी की टीम विजयी

**फर्रूखनगर।** खंड के गांव हाजीपुर स्थित सर छोटू राम स्टेडियम में बुधवार को पांच दिवसीय जय दादा भैयां रतन सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी सुनील प्रधान मोहम्मदपुर के द्वारा किया। प्रतियोगिता का प्रथम क्रिकेट मैच ढोहरका व पातली अदानी की टीम के बीच हुआ। ढोहरका की टीम ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण चुना। पातली अदानी की टीम ने निधारित 12 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाये। लक्ष्य का पिछा करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 55 रन ही बना पाई। इस टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। सुनील प्रधान ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करके क्षेत्र की प्रतिभाओं को अच्छा मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के खिलाड़ी भाईचारे को कायम रखते हुए खेल भावना से खेलें। धर्मपाल सरपंच, कृष्ण पंडित, जगदीश, राजू मेंबर, सुनील, प्रतीश एडवोकेट, राजीव, राजू पंडित व समस्त ग्राम पातली हाजीपुर व श्री श्याम सेवा समिति, चेतन, सेठी, राकेश, कुलदीप, साहिल, कमल, कुणाल, धर्मेन्द्र, अनिल, विकास, गौरव आदि मौजूद रहे।

### जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को नकाबपोशों ने पीटा

**सोहना।** रात के समय में टूटी पेयजल लाइन ठीक कर रहे जनस्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारियों को नकाबपोश बदमाशों ने पीटा। बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद गाड़ी में बैठकर भाग गए। पीड़ित कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया है। सोहना में रविवार रात अस्पताल मार्ग पर पेयजल आपूर्ति की लाइन टूटी हुई थी। करीब 6 हजार घरों में रविवार सुबह पानी नहीं पहुंचा था। सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारी पाइप लाइन जोड़ रहे थे। रात के साढ़े आठ बजे के लगभग 5-6 नकाबपोश कर्मचारियों के पास आए। जिन्होंने तीनों कर्मचारियों को लात-घूसों से हमला कर दिया। घायल कर्मचारी कैलाश चंद ने बताया कि बदमाशों ने आते ही बिना किसी कारण मारपीट की। एक कर्मचारी को पाइप लाइन के गड्ढे में गिरने के बाद पैरों के नीचे कुचला गया। जिससे उसकी छाती में गंभीर चोटें आई। कैलाश ने बताया कि बदमाश एसडीएम कार्यालय के पास अपनी गाड़ी खड़ी करके आए थे। पीड़ित कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया था। तीन में से दो कर्मचारियों को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि कर्मचारियों पर बिना किसी कारण के हमला करने वाले नकाबपोशों के खिलाफसिटी थाना में शिकायत दी है। सिटी थाने के एसएचओ अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। मामला आपसी रंजिश का हो सकता है। पीड़ित कर्मचारी से पूछताछ की जाएगी।

### मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म के विरोध में प्रदर्शन 22 को

**गुरुग्राम।** मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म को लेकर भीम सेना ने विरोध दर्ज कराया हुआ है। फिल्म को 20 जनवरी को रिलीज किया जाना है। इसे लेकर भीम सेना गुरुग्राम में 22 जनवरी को विरोध प्रदर्शन करेगी। भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर का कहना है कि सनातन धर्म को टारगेट करने, हिंदू धर्म को आहत करने वाली तांडव फिल्म के कलाकारों, निर्माता, निर्देशक व अन्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन गुड़गांव के सेक्टर 37 स्थित पुलिस थाना में 4-5 दिन पूर्व उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी, जो आज तक भी उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इससे स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों की सरकार और प्रशासन के सामने कोई महत्व नहीं है। तंवर का कहना है कि 22 जनवरी को गुड़गांव पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर भीम सेना प्रदर्शन कर फिल्म के पोस्टर जलाएगी और जिन सिनेमा घरों में मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा होगा वहां पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी शिकायत पर फिल्म निर्माताओं के खिलाफ शीघ्र एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह जयन्ती पर निकाली प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**सिख** धर्म के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की 350वीं जयन्ती पुन्हाना शहर में प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम के साथ मनाई गई, जयंती के उपलक्ष्य में पंजाबी समाज पुन्हाना के कार्यकर्ताओं ने तीन दिवसीय प्रभात फेरी व बुधवार को भव्य लंगर प्रसाद का आयोजन किया।

बुधवार प्रातः के समय पुराने पंजाबी गुरुद्वारे से शहर के मुख्य बाजारों में प्रभात फेरी निकाल कर भजन कीर्तन का गुणगान किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला-पुरुषों ने गुरु गोबिंद सिंह के रास्ते पर चलने का प्रण भी लिया। लंगर प्रसाद कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नरेश खरबंदा, पंकज खरबंदा, राजू, मोनू सरदार, मनीष अरोड़ा, डॉक्टर बाले, आत्मप्रकाश, भीम, मा. अशोक गंभीर, सन्नी, हेमराज, नरेश, इशान तनेजा सहित लोगों ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1666 में पौष मास के शुक्ल पक्ष कह सप्तमी को पटना साहिब में हुआ था।

इस दिन को सिख समुदाय गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशपर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने जीवन में दीन दुखियों की सेवा की और लोगों को एकता और अखंडता से मिलकर चलने का संदेश दिया। गुरु गोबिंद सिंह ने ही खालसा पंथ की स्थापना की थी, उन्होंने प्रत्येक सिख के कृपाण या श्री साहिब धारण करने को कहा। उन्होंने ही खालसा वाणी वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह दी थी। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बाद गोबिन्द सिंह जी ने नौ वर्ष में पिता की गद्दी संभाली। वे निड़र और बहादुर यौद्धा थे। उनकी बहादुरी के बारें में लिखा गया है- सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन तें मैं बाज तुडाऊ तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।

# अटोहां में चल रहे किसान धरने पर पहुंचे सांसद दीपेन्द्र हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा पलवल के गांव अटोहां में चल रहे किसान धरने पर पहुंचे और किसानों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी और 15 अगस्त दोनों राष्ट्रीय पर्व हैं और हर भारतवासी को दोनों पर्व धूमधाम से मनाने का अधिकार है। देश के किसानों को भी इन राष्ट्रीय त्यौहारों को मनाने का पूरा अधिकार है। किसान देश का पेट भरते हैं और उनके बेटे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं।

किसी को भी किसानों की देशभक्ति पर सवाल नहीं उठाना चाहिए, बल्कि अन्नदाताओं के जज्बे को सलाम करना चाहिए। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार किसानों को डराने की बजाय मनाने की कोशिश करे। डरकर मोर्चा छोड़ना न तो हिन्दुस्तान के जवान की फितरत है, न ही किसान की फितरत है। इसलिए सरकार ये गलतफहमी अपने मन से निकाल दें कि वो उनकी मांगें नहीं मानेगी और किसानों को डराने में सफल भी हो जायेगी। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि दिल्ली की सीमाओं सहित हरियाणा के कोने-कोने में किसान बेहद मुश्किल हालातों का सामना करते हुए धरना दे रहे हैं। हर रोज किसानों की कुर्बानी की खबर आती है।

सरकार के उपेक्षात्मक रवैये से दुःखी होकर कल टिकरी बॉर्डर धरने में शामिल रोहतक के गांव पाकस्मा के किसान जयभगवान राणा ने आत्मबलिदान दे दिया। तो दूसरी ओर गांव साहूवाला, सिरसा के हरप्रीत सिंह की तबियत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें खून की उल्टियां होने लगी। उन्होंने रोहतक के किसान जयभगवान राणा को श्रद्धांजलि दी और अस्पताल में भर्ती सिरसा के किसान हरप्रीत सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, विधायक नीरज शर्मा, विधायक मामन खान, विधायक मोहम्मद इलियास, पूर्व विधायक उदयभान, पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, चौ. इसराइल सिंह, विजय प्रताप, लखन सिंगला, जगन डागर, सुभाष लाम्बा, संतोष बाला, कुंज बिहारी, अरुण जैलदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पलवल में धरने के दौरान किसानों को सम्बोधित करते सांसद दीपेन्द्र हुड्डा।

# फर्रूखनगर को उपमंडल की मांग पर महिलाएं भी हुईं लामबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। फर्रूखनगर



**फर्रूखनगर** को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर अब मातृशक्ति भी मैदान में कूद गई हैं। उनका कहना है कि फर्रूखनगर क्षेत्र सरकार से अपना हक मांग रहा है, कोई खैरात नहीं। सरकार ने वर्षों पुरानी फर्रूखनगर को उप मंडल बनाने वाली मांग पूरी नहीं की तो क्षेत्र की महिलाएं सबसे पहले धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल पर बैठने का मन बना चुकी हैं।

गीता यादव चेयरपर्सन पंचायत समिति फर्रूखनगर, नीता यादव सरपंच डाबोदा, पूजा यादव सरपंच सेखूपुर माजरी, किरण यादव सरपंच बिरहेड़ा, उषा चौहान सरपंच गुगाना, समाज सेविका कृष्णा यादव ख्वासपुर की ढ़ाणी सुल्तानपुर आदि का कहना है कि फर्रूखनगर खंड शिक्षा, चिकित्सा, वेयर हाउस का हब तो बन ही गया है। जिसके कारण दूसरे प्रदेशों से लोग बुढ़ेडा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण व उपचार कराने के लिए आते हैं। विभिन्न बड़ी कम्पनियों के वेयर हाउसों में रोजगार के लिए लोग अपनी जीविका चला रहे हैं। क्षेत्र का बहुत ज्यादा विस्तार हो गया है। अनेक कालोनियों बस गई हैं। लेकिन सुविधाएं सीमित हैं।

आबादी व क्षेत्रफ्ल के हिसाब से फर्रूखनगर को उप मंडल का दर्जा काफी पहले मिल जाना चाहिए था। राजनीति उपेक्षा और सही नेतृत्व के अभाव ने क्षेत्र को पिछड़ेपन की पंक्ति में सबसे लास्ट में धकेल दिया है। इलाके को अगृणी पंक्ति में लाने के अबकी बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने की वकालत करने के लिए मैदान में आ गए हैं। फर्रूखनगर ब्लॉक की सभी महिला सरपंच, पंच, समिति सदस्य फर्रूखनगर को उप मंडल बनाने की मुहिम के समर्थन में कंधे से कंधा मिलाकर इलाके सम्मान में हर बलिदान के लिए तैयार हैं।

## श्मशान घाट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**गुरुग्राम।** वजीराबाद में बन रहे श्मशान घाट का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों ने गत 15 जनवरी से श्मशान घाट के निर्माण को रुकवाने व अन्यत्र शिफ्ट कराने के लिए धरना प्रदर्शन शुरु किया हुआ है। इस धरना प्रदर्शन में बुधवार को नगर निगम की महापौर, वरिष्ठ उप महापौर व उप महापौर के पति तथा सभी वार्डों के निगम पार्षद भी शामिल हुए और उन्होंने ग्रामीणों के धरने का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ग्रामीणों की भावनाओं का आदर करते हुए श्मशान घाट का निर्माण रुकवाकर इसको अन्यत्र शिफ्ट किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उनका कहना है कि इस कड़कड़ाती ठंड में ग्रामीण बड़ी संख्या में प्रतिदिन धरना प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं।

# बीवां गांव के लोग कीचड़ से गुजरने पर मजबूर

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**बीवां** गांव में लोग कीचड़ युक्त रास्तों से गुजरने पर मजबूर हैं। गांव के हरिजन मोहल्ले और फिरनी के रास्ते पर कीचड़ के ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीणों के सामने विडंबना है कि शिकायत करें भी तो किससे करें कोई अधिकारी या जन प्रतिनिधि लोगों की समस्या दूर करने के लिए तैयार नहीं है।

जिला प्रशासन द्वारा पिछले चार सालों में गांव-गांव स्वच्छता अभियान पर भारी भरकम राशि खर्च की गई, उसके बावजूद बीवा गांव में प्रशासन के स्वच्छता अभियान की किरण आज तक क्यों नहीं पहुंची, बीवा झिरका उपमंडल का बड़ा गांव है। इसके विकास के लिए सरकार की ओर से पंचायत विभाग के माध्यम से कई करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है फिर भी हरिजन मोहल्ले व फिरनी का रास्ता कच्चा व कीचड़ युक्त बना हुआ है। यह दृश्य पिछले कई सालों से बना हुआ है। गांव के राकेश कुमार, रामलाल, जयसिंह आदि हरिजन मोहल्ले के लोगों ने बताया कि घरों के सामने पूरे रास्ते मे कूड़ा एकत्रित है साथ में गन्दा पानी भरा हुआ है। बरसात में तो घरों से निकलना खतरे से खाली नहीं है।

फिरनी के रास्ता भी आज तक कच्चा बना हुआ है रास्ते का निर्माण न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शब्बीर, जमाल, नादिर आदि ने कहा कि फिरनी के रास्ते मे काफी दिनों से गन्दा पानी भरा हुआ है। रास्ते से निकलना ग्रामीणों के लिए दूभर बना हुआ है।

ग्रामीणों ने कहा कि रास्तों की परेशानी को लेकर अनेक बार गांव के सरपंच व पंचायत विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की गई है। लेकिन किसी ने आज तक ग्रामीणों की समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरकार की ओर से गांव के रास्तों को पक्का करने के लिए पिछले पांच सालों में भारी-भरकम राशि आई है लेकिन इन रास्तों पर खर्च नही की गई है। अब ग्रामीणों के सामने विडंबना है कि रास्तों की समस्या से त्रस्त ग्रामीण किस को शिकायत करें और किस अधिकारी या नेता के पास फरियाद लेकर जाए ताकि रास्तों की समस्या का समाधान किया जा सकें।


बीवां गांव में गंदा पानी भरने से कीचड़ में बदले रास्ते।

# एक से शुरू होगा श्रीराम मंदिर निधि समर्पण अभियान

**750 टोलियां पहुंचेंगी तीन लाख से अधिक घरों तक**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान को गुरुग्राम में सुचारू संचालन के लिए हवन यज्ञ का आयोजन कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। सोहना चौक स्थित श्री एसएन सिद्धेश्वर मंदिर में बनाए गए कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के ट्रस्टी स्वामी परमानंद की शिष्या महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरी ने कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण से संतो का संकल्प पूरा हो रहा है।

आत्म चेतना गिरी ने कहा कि यह केवल मंदिर का निर्माण ही नहीं, बल्कि समरस समाज की ज्योति जागृत हो रही है। निश्चित ही मंदिर निर्माण से समाज में भगवान श्रीराम के आदर्श स्थापित होंगे। आरएसएस के प्रांत संघचालक पवन जिंदल ने कहा कि यह सम्पूर्ण समाज के लिए गौरव की बात है कि 492 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे समय अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। उनके अनुसार मंदिर निर्माण में सर्व समाज की सहभागिता रहे इसलिए रामभक्त की टोलियां घर-घर जाकर सहयोग निधि एकत्रित करेंगी।

जिंदल के अनुसार हरियाणा में 12 हजार टोलियां करीब 50 लाख घरों से सम्पर्क करेंगी। अभियान में प्रदेश में 3 करोड़ लोगों से सम्पर्क किया जा सकेगा। उन्होंने टोलियों में शामिल राम भक्तों से आह्वान किया कि सर्व समाज को जोड़ते हुए शुद्ध सात्विक भाव से इस निधि समर्पण अभियान को सफल बनायें। समाज इस पवित्र सहयोग के लिए तैयार बैठा है। गुरुग्राम में निधि समर्पण अभियान के प्रमुख अजीत यादव व संजीव सैनी ने बताया कि गुरुग्राम महानगर में इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए महानगर को 132 जोन में बांटा गया है। जिसमें 750से अधिक टोलियों में लगभग 3 हजार कार्यकर्ता घर-घर जाकर श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि को एकत्रित करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत इन राम भक्त टोलियों ने करीब तीन लाख घरों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया ये अभियान एक फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस मौके पर शेख सराय हनुमान मंदिर के महंत व निर्वाणी अखाड़े के कोतवाल स्वामी मुक्तानंद जी व बाल्मीकि समाज मंदिर न्यू कालोनी मोड़ मंदिर के पुजारी हरि चंद, इस्कॉन टेम्पल के फाउंडर मेम्बर महेंद्र यादव, इस्कॉन मंदिर बादशाहपुर से कमल माधवदास ने भी अपने विचार रखे। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर स्वर्णकार तिलकराज मल्होत्रा 51 हजार की समर्पण निधि भेंट की।


गुरुग्राम स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान की शुरुआत के मौके पर हवन करते संगठन के लोग।

## सांचौली में दो गुट भिड़े, आधा दर्जन लोग घायल

**सोहना।** सोहना सदर थाने के गांव सांचौली में प्लाट को लेकर दो गुटों के बीच हुए झगड़े में लाठी-डंडा, लोहे की रॉड चलने से दोनों पक्ष के 8-9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने दोनों पक्ष से मिली शिकायतों के आधार पर 20 से 25 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गांव सांचौली निवासी खुर्शीद पुत्र रमजान व साहिद पुत्र जुनैद गुट के लोगों में प्लाट को लेकर मंगलवार दोपहर झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों पक्ष अपना हक जता रहे हैं। मंगलवार को प्लाट पर निर्माण कार्य के दौरान छत का लेंटर डालने का काम चल रहा था। उसी समय दोनों गुटों के लोगों में झगड़ा हो गया। खुर्शीद पक्ष की तरफ से रमजान, कुर्बान व खुर्शीद को चोटें आई। दूसरे गुट के नफीस और साहिद समेत काम कर रहे 4-5 मजदूरों को चोटें आई। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश चंद ने बताया कि पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

# देश के हालात खराब, सरकार को चिंता नहीं : कैप्टन अजय यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** सेवादल द्वारा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव मोलाहेड़ा में किसान मजदूर संवाद सम्मेलन में पूर्व मंत्री अजय सिंह यादव ने शिरकत की। यहां पर उपस्थित मजदूरों को कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा लेबर कार्ड वितरित किए गए।

कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि लेबर कार्ड के माध्यम से मजदूरों को काफी फायदे पंहुचते हैं, इसलिए हर मजदूर को अपना यह कार्ड बनवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के हालात बिगड़े हुए हैं। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार न जाने किस मिट्टी की बनी है। जिसे पूरे देश की दुख-तकलीफ नहीं दिख रही है। अजय सिंह ने कहा कि सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भाजपा किसानों को डराने की चाहे कितनी कोशिश कर लें वे नाकाम रहेंगे। वे भूल गए हैं कि किसान अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। भाजपा सरकार यदि किसानों की जरा सी भी हितैषी होती तो अब तक तीनों काले कानूनों को वापस ले चुकी होती। श्री यादव ने कहा कि उधर देश 40 जवानों की शहादत पर दुखी था और कुछ लोग खुशियां मना रहे थे कि अब हम जीत जाएंगे। बड़े ही शर्म की बात है कि सत्ता हासिल करने के लिए कोई इस हद तक भी गिर सकता है। देश की खुफिया जानकारी किसी पत्रकार को देना क्रिमिनल एक्ट है। भाजपा का तथाकथित पत्रकारों के साथ राष्टविरोधी गठजोड़ देश की सैन्य कार्रवाइयों से संबंधित गोपनीय जानकारियां लीक कर देश की सैन्य शक्ति को कमजोर करने में लगे हैं। ऐसा राष्टविरोधी गठजोड़ देश की सैन्य शक्ति पर आक्रमण कर रहा है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि अरनव गोस्वामी की व्हाट्सएप चैट से साफ पता चलता है कि उनको बालकोट में एयरस्ट्राइक की सूचना 3 दिन पहले ही पता चल गई थी। यह सब 2019 के लोकसभा चुनाव पर असर डालने और प्रचार करने के लिए किया गया था। इसलिए इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के द्वारा होनी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ इंद्र सिंह सैनी, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉडिनेटर वर्धन यादव, भीम सिंह यादव, जगमोहन यादव, गुड़गांव उद्योग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव, सेवादल के अध्यक्ष कृष्ण सैनी समेत काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बादशाहपुर क्षेत्र में मजदूरों को लेबर कार्ड वितरित करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार 21 जनवरी, 2021



# शहर की सड़कों पर हर तरफ ऑटो चालकों का कब्जा

कविता। फरीदाबाद

**शहर** की सड़कों पर ऑटो चालकों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि अब रोड पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। जिससे सड़कों पर दिनभर जाम जैसी स्थिति रहती है। पुलिस तैनात होने पर भी ऑटो चालकों को भय नहीं होता। वह जहां मर्जी होती है, वहीं सवारियों के लिए ऑटो रोक देते हैं।

जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक नियमों का मखौल उड़ाते शहर की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। बेलगाम ऑटो चालकों का शहर की सड़कों पर कब्जा हो चुका है और नागरिक बेहद परेशान हैं। हालात ये हैं कि शहर में कभी चींटी की तरह रेंगते तो कभी तेजी से दौड़ते ऑटो कब आपकी गाड़ी के सामने अचानक रुक जाएं, कुछ पता नहीं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। नेशनल हाईवे जैसे मुख्य मार्ग पर मनमाने तरीके से सवारी उतारने-चढ़ाने की ऑटो चालकों की आदत से जाम लगते हैं। सड़क पर कब्जा कर चलने वाले ऑटो चालकों के आगे पुलिस बेबस नजर आ रही है। शहर में इस समय करीब 30 हजार ऑटो हैं और बिना परमिट के कितने दौड़ रहे हैं इसका किसी के पास हिसाब नहीं।

चालकों ने ऑटो में ड्राइवर की सीट के साथ दोनों ओर अतिरिक्त सीट बना रखी हैं। अंदर तीन वाली सीट के सामने भी दो या तीन सवारी बैठाने की जुगाड़ करके रखते हैं। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड वहां पर ऑटो अनाधिकृत रूप से चल रहे हैं।



## देखती रहती है ट्रैफिक पुलिस

**जहां-जहां** जाम के प्वॉइंट हैं वहां पर ट्रैफिक पुलिस भी रहती है। यहां ट्रैफिक पुलिस वाले इन ऑटो वालों को मनचाही जगह रोकने, सवारी चढ़ाने और ओवरलोडिंग से नहीं रोकते हैं। ट्रैफिक पुलिस कभी-कभी चंद चालान काटकर एक दो दिन रोकने की खानापूर्ति करती है। इसके बाद रोड पर फिर यही गाड़ियां दौड़ती नजर आती हैं। नासूर बनती इस समस्या के स्थायी समाधान की कोशिश नहीं हो रही।

## बल्लभगढ़ बना गढ़

**बल्लभगढ़** में मथुरा रोड पर जगह-जगह ऑटो चालकों के जमावड़े से पैदल यात्रियों और वाहन चालकों का वहां से निकलना मुश्किल होता है। दुकानदारों का कहना है कि चालक कहीं भी ऑटो खड़े कर देते हैं जिससे जाम लग जाता है। अगर कोई दुकानदार उन्हें समझाने का प्रयास करता है तो सभी ऑटो चालक मिलकर लड़ने पर उतारू हो जाते हैं। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी इन्हीं की चलती है। इनके लिए शहर में कोई स्टैंड नहीं है और न ही कोई स्टॉपेज है।

## संयुक्त आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे निगम कर्मी

**फरीदाबाद।** म्युनिसिपल कारपोरेशन इम्पलाइज फैडरेशन ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रशांत अटकान के द्वारा नगर निगम परिसर में चल रहे केनरा बैंक से वसूली के संबंध में निरंतर की जा रही व्याजबाजी को तथ्यों के विपरित बताते हुए इस अधिकारी पर फरीदाबाद नगर निगम और देश के एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीयकृत बैंक की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। फैडरेशन के अध्यक्ष रमेश जागलान, महासचिव महेन्द्र चौटाला, वरिष्ठ उपप्रधान शाहबीर खान, कार्यालय कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश बैसला ने बताया है कि वह बैंक से वसूल की जाने वाली 1.50 करोड़ रुपये का हैड-वाइज ब्योरा सार्वजनिक करें।

# रहस्यमय हालत में दम घुटने से परिवार के तीन लोगों की मौत

### शहर में स्थित एक कंपनी में काम करता था मृतक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**सेक्टर** 55 के निकट स्थित राजीव कॉलोनी में बीती रात रहस्यमय हालत में दम घुटने से कमरे में सो रहे एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी के अलावा उनका करीब तीन-चार साल का बच्चा शामिल है। आसपास के लोगों की मानें तो मृतक परिवार रात को सर्दी से राहत पाने के लिए कमरे में अंगीठी चला कर सो रहा था।

अंगीठी से निकले धुंए के कारण तीनों की दम घुटने से मौत हुई है। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिए हैं। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में 25 वर्षीय अमन नामक व्यक्ति किराए का कमरा लेकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। उसके परिवार में उसकी 22 वर्षीय पत्नी प्रिया और करीब चार साल का बेटा मानव शामिल है।

अमन शहर में ही स्थित एक कंपनी में काम कर परिवार का गुजारा चला रहा था। अन्य दिनों की तरह मंगलवार की शाम को भी वह काम से घर लौट था। रात को खाना खाने के बाद अमन ने सर्दी से राहत पाने के लिए कमरे में अंगीठी जला कर रख ली। जिसके बाद तीनों सो गए। इस दौरान अंगीठी से लगातार धुंआ निकल कर कमरे में भरता रहा।

धुंआ निकलने की जगह न होने के कारण तीनों की सोते हुए दम घुटने से मौत हो गई। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को संदेह हो गया। दरवाजा खटखटाए जाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा खुलवाया तो तीनों बिस्तर पर मृत हालत में पड़े हुए थे और पास अंगीठी रखी हुई थी। पुलिस ने तीनों शव मोरचरी में रखवाने के बाद परिजनों को सूचना भेज दी है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक इस संदर्भ में किसी तरह का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# कंट्रोलरूम की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी पीसीआर: सीपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जनहित** व पुलिस प्रणाली में सुधार करने की अपनी कार्यशैली के लिए अलग पहचान के लिए जाने जाने वाले पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम (डायल 100) सेवा की समीक्षा की जिसके दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में फरीदाबाद शहर के लोगों ने 100 नंबर डायल करते ही आस-पास की पीसीआर वैन जरूरतमंद की सहायता के लिए उसके पास पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनता पुलिस विभाग से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए 100 नंबर डायल कर सकती है और आम जनता की समस्याओं के निवारण के लिए कंट्रोल रूम में तैनात स्टाफ की कार्य प्रणाली व पुलिस सहायता के लिए घटनास्थल पर पहुंचे सम्बंधित अधिकारी के कार्य की समीक्षा के लिए राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के निर्देशानुसार अब एक राजपत्रित अधिकारी मौके पर गए हुए अनुसंधान अधिकारी से मामले की जानकारी लेकर शिकायतकर्ता से फीडबैक लेंगे और शिकायतकर्ता से पूछा जाएगा कि क्या वह पुलिस की सहायता से संतुष्ट हैं अथवा नहीं, जिसके बाद अनुसंधान अधिकारी द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने डायल 100 नंबर की समीक्षा में पाया कि कंट्रोल रूम में प्रतिदिन लगभग 50 हजार से 70 हजार कॉल आती है। 19 जनवरी को वॉयस लोगर कॉल 69039, मिस्ड, साइलेंट कॉल 145, चिल्ड्रेन कॉल 11, एक्शन कॉल 156, इंक्वारी कॉल 56, वरोंग कॉल 14, दूसरे जिलों से सम्बन्धित 54 कॉल के साथ सम्पूर्ण 436 कॉल प्राप्त हुई। ज्यादातर कॉल आने के कारण काफी बार डायल 100 नंबर व्यस्त हो जाता है जिसे तत्काल सुधारा जा रहा है जिससे आमजन को भविष्य में ऐसी परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

# पुलिस लाइन में लगाया नेत्र जांच शिविर

### 88 में से सात लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन की पहल से फरीदाबाद पुलिस लाइन में सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में पुलिसकर्मियों के साथ साथ आमजन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 88 लोगों के आंखों की जांच की गई जिसमें से 7 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया और कुछ लोगों को उनके चश्मा का नंबर बताया गया।

जांच के लिए आए लोगों को आंखों को प्रदूषण व अन्य बीमारियों से बचाने के बारे में जागरूक भी किया गया। सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल की तरफ से डॉ अपर्णा त्रिपाठी मार्केटिंग मैनेजर अजय कुमार व उनकी टीम ने लोगों की आंखों का परीक्षण किया। डॉ अपर्णा त्रिपाठी ने मोतियाबिंद से ग्रसित लोगों को उनकी आंखों के इलाज के लिए दवाइयों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर के अन्य अंगों की तरह आंखों का ख्याल रखना भी अति महत्वपूर्ण है इसलिए अपनी आंखों की समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त डॉ अर्पित जैन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दिन रात धूल मिट्टी में कड़ी ड्यूटी करते हैं इससे उनकी आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसकी वजह से आंखों में कई तरीके की बीमारियां पैदा हो जाती हैं इसलिए उनकी आंखों की नि:शुल्क जांच के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है।

## बल्लभगढ़ में बनाया जाएगा मिनी बाल भवन : शर्मा

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति बुधवार को राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। कोविड-19 के चलते यह आयोजन इस बार ऑनलाइन किया।

हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने कहा कि यह जानकर बेहद हर्ष हुआ कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रदेश भर में जिला स्तर पर आयोजित 23 प्रकार की प्रतियोगताओं में एकल व समूह सहित कुल 73 प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों में प्रदेश भर के 4 लाख, 96 हजार 850 बच्चों ने भाग लेकर कीर्तिमान रच दिया है। जिसमें 1 लाख 30 हजार 959 प्रतिभागी बालकों व 3 लाख 4 हजार 3 प्रतिभागी बालिकाओं ने भाग लिया। बालिकाओं ने बालकों से लगभग 3 गुणा अधिक प्रतिभागिता कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे को चरितार्थ किया है। हरियाणा के परिवहन मंत्री ने कहा कि वे बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी एक मिनी बाल भवन का निर्माण करवाने के लिए प्रयास करेंगे। ताकि यहां पर भी बच्चे सरकारी सुविधाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य निर्माण में चार चांद लगा सके।

# भारतीय जूझते तो रोटी के लिए जीते हैं राम के लिए



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्री राम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान हरियाणा के प्रांत कार्यालय का उद्घाटन श्री रघुनाथ मंदिर सेक्टर 28 में हुआ। कार्यालय का उद्घाटन पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा, आलोक अंतराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, डॉ. सुरेंद्र जैन अंतराष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विश्व हिंदू परिषद ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

निधि समर्पण अभियान सामग्री की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गंगा शंकर ने किया। स्वागत विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने किया। सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का अभियान के प्रांत प्रमुख राकेश त्यागी ने धन्यवाद किया। यद्यपि अभियान का शुभारंभ 1 फरवरी से होना था परंतु 50 से अधिक दानदाताओं ने पूज्य दीदी मां की उपस्थिति से उत्साहित होकर कार्यक्रम में दान दिया। दीदी मां ने सभी दानदाताओं को श्री राम जी का चित्र आशीर्वाद के रूप में प्रदान किया। ऋतंभरा ने राम मंदिर के महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदुओं ने राम मंदिर के लिए शबरी की तरह प्रतीक्षा की है।

मुकेश कुमार उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री, श्रीकृष्ण सिंघल, अभियान, प्रान्त अभियान सह प्रमुख प्रेम शंकर, विजय लक्ष्मी पालीवाल, प्रान्त प्रचार-प्रसार प्रमुख मंजुल पालीवाल, डॉ. अरविंद सूद, कैलाश, कालीदास, साहिल, राजन सेठी, राकेश गुप्ता, एचके बत्रा, सुशील मित्तल, रूद्रलुराम गर्ग, सुरेश गुप्ता, गोविन्द राम गुप्ता, गीता मंदिर, प्रेमचंद गोयल आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने किया लाइब्रेरी का शुभारंभ किया

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन ने ग्राम पंचायत नरियाला के सहयोग से गांव में ग्रामीण लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। मौके पर गांव के मौजिज लोगों ने क्लब के प्रधान पंकज गर्ग, सचिव डॉ. आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन खोसला, सुनील गुप्ता, हेमा, सुरूचि, डॉ.डिम्पिल, मीनल, दिनेश व सचिन जैन का फूलों से स्वागत किया। उन्हें हरियाणवी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। गांव के लोगों ने एक सुर में कहा कि रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन का यह एक सराहनीय कदम है। जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है।

उन्होंने कहा कि क्लब के प्रधान पकंज गर्ग और उनकी टीम ने हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य के बारे में सोचा उसके लिए पूरा गांव उनका तहे दिल से धन्यवाद करता है। इस मौके पर क्लब के प्रधान पंकज गर्ग ने कहा कि ग्रामीण बच्चे एक अच्छे वातावरण में अपनी प्रवेश परीक्षा की तैयारी, उच्च शिक्षा की तैयारी या फिर सरकारी नौकरी के लिए अपने को तैयार कर पाएं उसी को देखते हुए यह लाइब्रेरी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरी परियोजना का खर्च 65 हजार रुपये आया है।

# बाल महोत्सव के विजेता सम्मानित किए

### कोरोना आपदा की वजह से इस बार ऑनलाइन आयोजित की गई थी सभी प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद यशपाल ने कहा कि कोरोना आपदा के बावजूद बच्चों ने अपना हौसला बनाए रखा। अपने घर पर रहकर ही पढ़ाई की और आपदा के बावजूद अपनी बहतर शिक्षा ग्रहण करने का जज्बा नहीं छोड़ा।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने जिस ढंग से शिरकत की, उसमें भी उनके हौसले की झलक साफ दिखाई देती है। मंगलवार देर से बाल भवन में ऑनलाइन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को जिला उपायुक्त ने सम्मानित करते हुए यह बात कही। मुख्य अथिति यशपाल यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने बच्चों को कुछ बड़ा सपना देखने को कहें और उनको कहें कि आप बहुत बड़ा बनोगे। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं एक छोटे से गांव से निकलकर यहां तक पहुंचा हूं। मेरी दादी कहती थी कि आप बहुत बड़े अफसर बनोगे और यह उनका कथन सत्य साबित हुआ।

ऑनलाइन प्रतियोगिताएं 10 अक्टूबर से 10 नवंबर 2020 तक चली। बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद यशपाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मंडलीय जिला बाल कल्याण अधिकारी कुसमेंद्र यादव रहे। उपायुक्त ने विधिवत रूप से ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में बाल महोत्सव 2020 के दौरान 23 विभिन्न प्रतियोगिताओं के 71 ग्रुपों में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता 292 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रदीप बेरी गोल्ड लाइफ मेम्बर, वीरभान, गीता सिंह, डा. रूद्रदत्त शर्मा, रविंदर कुमार मनचंदा, रूपकिशोर, अंजू यादव, विनोद कुमार आदि थे।

## 7.70 लाख की चोरी की सिगरेट बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने गोदाम से सिगरेट चोरी करने के आरोप में चार आरोपियों रवि, कमल, पवन और अरुण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। जिसमें उनके कब्जे से 7 लाख 70 हजार रुपये कीमत के 5700 सिगरेट के पैकेट व वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद किया है।

आरोपी पवन एनआईटी 5 में स्थित रामा इंटरप्राइजेज नामक सिगरेट के गोदाम में एक साल पहले कार्यरत था इसलिए आरोपी को वहां पर रखे सारे सामान की जानकारी थी। पिछले महीने 23 दिसंबर को आरोपी पवन ने अपने दो अन्य साथियों रवि और कमल के साथ मिलकर गोदाम से 300 पैकेट गोल्ड फ्लैक सिगरेट के चोरी किए थे जिसकी कीमत लगभग 70000 रुपए है। 4 जनवरी को आरोपी पवन ने साथियों के साथ मिलकर उसी गोदाम में सिगरेट के 5400 पैकेट चोरी किए।

# कोरोना: 18 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46099



**ये हैं आंकड़े**

जिले में कुल जांचें : 490927
अब तक पॉजिटिव : 46099
अब तक नेगेटिव : 443254
रिपोर्ट आनी शेष : 1574
ऑक्सीजन पर हैं : 7
वेंटीलेटर पर हैं : 2
अब तक मौत : 411
अब तक ठीक : 45408

### 35 मरीजों ने कोरोना की जंग जीती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार सामने आ रही है। बुधवार को 18 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 46099 पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ 35 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। जिसमें 18 पॉजिटिव में सेक्टर-88 (1), डबुआ कालोनी (2), सेक्टर-28 (2), नचौली (1), सेक्टर-55 (1), ग्रीन फिल्ड कालोनी (1), एसी नगर (1), अगवानपुर (1), सेक्टर-8 (1), सेक्टर-7 (1), सेक्टर-46 (2), सेक्टर-21 (2), सेक्टर-14 (1) अन्य एरिये से 1 मरीज शामिल है।

# संक्षिप्त समाचार

## शूटर आदर्श सिंह ने सिलेक्शन ट्रायल में किया बेहतर प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** ओलंपिक के लिए शहर के शूटर आदर्श सिंह ने हाल ही में दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुए सिलेक्शन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन किया है। अब वह पुणे शूटिंग कोच रोनक पंडित से ट्रेनिंग लेने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में रहने वाले आदर्श सिंह चंडीगढ़ के एक कॉलेज से स्नातक कर रहे हैं, लेकिन आदर्श का केवल एक ही सपना है कि वह ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतकर लाए। इसके लिए आदर्श काफी समय से दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अब ओलंपिक टोक्यो जापान में मई में होने वाला है। जिसके लिए आदर्श डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुए ट्रायल में 25 मीटर रैपिड फायर की क्वालीफिकेशन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। आदर्श ने क्वालीफिकेशन प्रतिस्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फाइनल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शूटिंग कोच रोनक पंडित की देखरेख में आदर्श सिंह पुणे में शूटिंग की ट्रेनिंग करेंगे।

## वेब सीरीज 'तांडव' के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत



**फरीदाबाद।** वेब सीरीज 'तांडव' में दिखाए गए हिन्दू विरोधी दृश्यों और धार्मिक आस्था को आघात पहुंचाने को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने वेब सीरीज 'तांडव' के अभिनेता सैफ अली खान, निर्देशक अली अब्बास जफर खान एवं लेखक गौरव सोलंकी पर जान-बूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-11 पुलिस चौकी में शिकायत दी। बबली ने कहा कि वेब सीरीज के माध्यम से समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश की गई है। हमारी सनातन आस्था को दूषित करने का प्रयास किया गया है। मुगलकालीन संस्कृति को वेब सीरीज के माध्यम से हिन्दू परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया गया है, जो सरासर गलत है। सेंसर बोर्ड को इस तरह की फिल्मों एवं वेब सीरीज पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। भगवान भोलेनाथ का प्रतीक है त्रिकुंड और जनेऊ की भी इसमें खिल्ली उड़ाई गई है। इस अवसर पर उनके साथ कुणाल शर्मा एडवोकेट, जयपाल शर्मा, विनोद कुमार, भारत शर्मा, सूरज प्रकाश, संदीप, सतीश आदि मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने स्थापना दिवस पर बांटे कंबल



**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद शाखा के द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीके हॉस्पिटल, बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कंबल का वितरण किया गया। फरीदाबाद शाखा के अध्यक्ष अनिरुद्ध गोयनका ने बताया कि आज के दिन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का स्थापना दिवस है। शाखा सचिव निकुंज अग्रवाल ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान 8000 मास्क जनमानस में वितरण किए गए, मानव मात्र की सेवा में मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद पिछले 11 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे भारतवर्ष में युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है, यह संगठन आज के दिन स्थापित हुआ था। युवा मंच एक ऐसा संगठन है, जिसमें 45 वर्ष के लोगो ही सदस्य रहते है। युवा देश की रीढ़ होता है, युवावस्था में ही देश के लिए समर्पण भाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। मौके पर शाखा अध्यक्ष अनिरुद्ध गोयनका, सचिव निकुंज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## सुलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**फरीदाबाद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन के साथ-साथ जिला शिक्षाधिकारी सत्येंद्र कौर, डीएवी कमेटी के क्षेत्रीय प्रबंधक एसएस चौधरी व स्कूल प्रबंधक विमल कुमार दास भी मौजूद थे। स्कूल प्रधानाचार्य हेमा अरोड़ा ने पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दक्ष फाउंडेशन, आइसोमार्स और इंडियन आर्ट गिल्ड द्वारा अलंकृति नामक सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई थी बुधवार को जिसका पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। 30 स्कूलों के कक्षा 6 से 12 के सभी छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जूरी के सदस्यों ने छात्रों द्वारा लिखे गए लेख का मूल्यांकन किया। पुलिस उपायुक्त ने छात्रों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. अर्पित जैन ने बच्चों को हमेशा रचनात्मकता से जीने और अभिनव, सरल और दूरदर्शी बनने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को उनकी वास्तविक क्षमता और हुनर को पहचान करके उसमें और ज्यादा निखार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें।

## स्पेशल लीगल लिटरेसी कैंप का किया आयोजन




**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक गुप्ता के निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा असंगठित मजदूरों के लिए स्पेशल लीगल लिटरेसी कैंप का आयोजन सेक्टर 14-15 लेबर चौक पर आयोजित किया। जिसमें प्राधिकरण की तरफ से पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, पैरा लीगल वालेंटियर सुमन फुले, व पैनल एडवोकेट राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, शिवकुमार, ओम प्रकाश सैनी गगन कुमार अनिल गुप्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य कल्प व असंगठित वर्करों के लिए जो योजनाएं बनाई गई है उनके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने बताया कि किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से असंगठित वर्कर मदद ले सकता है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी और सरकार द्वारा बनाए गए बिल्डिंग कर्मकार व अन्य कर्मकार वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड चंडीगढ़ के बारे में बताया।

## शानदार उपलब्धि

### गाबा में विजय

**भारतीय** क्रिकेट टीम का 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा आजीवन भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की स्मृति में दर्ज रहेगा। एक महीने पहले अखबारों के संपादकीयों में भारतीय क्रिकेट की दशा पर शोक प्रकट किया गया था। एडीलैड में लगभग पूरी टीम केवल 36 रन बना सकी थी और बहुत से लोगों को अगले टेस्ट मैचों की चिन्ता थी। आखिरकार भारतीय करिश्माई बल्लेबाज और कप्तान विराट कोहली पहले बच्चे के जन्म पर पत्नी के साथ रहने के लिए भारत लौट आए थे। पहले मैच के बाद अनेक खिलाड़ियों को चोटें तथा आस्ट्रेलिया के कठोर दो सप्ताह क्वैरेंटीन नियम को देखते हुए नए खिलाड़ी भेजना असंभव था। भारत की हमेशा निन्दा करने वाले विदेशी टिप्पणीकारों ने टीम के सफाए की घोषणा कर दी थी। इसके बावजूद भारतीय टीम ने असाधारण दृढ़ता व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए टीम ने मेलबोर्न का दूसरा टेस्ट मैच जीता। नया वर्ष शुरू होने पर यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पहला उपहार था क्योंकि 2020 सबके लिए कष्टदायक रहा था। अपने आप में यह क्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण था जब भारतीय क्रिकेट समकालीन इतिहास के सबसे बुरे समय से गुजरा था। अनेक लोगों ने इसकी तुलना दो दशक पहले इडेन गार्डन में वीवीएस लक्ष्मण व राहुल द्रविड़ के नायकत्व से की। लेकिन इस खेल में एक तीसरा आयाम भी है जिसकी शुरुआत सिडनी में नए वर्ष से हुई, जहां भारतीयों की दूसरी पाली के शानदार प्रदर्शन ने आतिथेयों को टेस्ट मैच नहीं जीतने दिया। लेकिन ब्रिसबेन में आस्ट्रेलिया के गढ़ गाबा में विजय से खेल की समाप्ति हुई जहां पिछले तीन दशक से उसकी टीम नहीं हारी थी। भारत ने पार्ट टाइमर वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जिन्होंने पिछले तीन साल में प्रथम श्रेणी का



मैच नहीं खेला था। इस मैच में युवा बल्लेबाजों का सामना अनुभवी आस्ट्रेलियाई पेस गेंदबाजों व सौवां टेस्ट खेलने वाले एक स्पिन गेंदबाज से था। मेलबोर्न और सिडनी में भारत का प्रदर्शन प्रशंसनीय था, पर भारतीय प्रशंसक जिस गब्बा में ड्रा की उम्मीद कर रहे थे, वहां शानदार नतीजा मिला। क्रिकेट प्रेमियों के मन में बार्डर-गावस्कर ट्राफी सीरीज़ का अंतिम टेस्ट मैच बना रहेगा जिसने खिलाड़ियों की दृढ़ता, क्षमता और शारीरिक फिटनेस का पूरा इम्तहान लिया। भारतीय टीम के युवा व लगभग अनुभवहीन खिलाड़ियों ने टेस्ट सीरीज़ जीत कर स्वयं तथा सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। सुविधाओं का संकट, नस्ली गालियों का सामना, महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रमुख खिलाड़ियों की कमी, एक के बाद दूसरी चोटें तथा कई महीनों का असामान्य जीवन उनके सामने चुनौतियों की तरह थे। भारत के पूर्व नायक राहुल द्रविड़ ने नई भारतीय टीम गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय टीम की दृढ़ता की प्रशंसा उसके विरोधियों ने भी की। न केवल वाशिंगटन सुंदर व शार्दूल ठाकुर ने सातवें विकेट की साझेदारी में बहुत शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि शुभम गिल व चेतेश्वर पुजारा कई बार चोट लगने के बावजूद बहुत अच्छा खेले। दिल्ली के ऋषभ पंत की क्षमताओं पर पहले खुलेआम सवाल उठाए गए थे और टीम में उनको बनाए रखने पर भारतीय प्रबंधन पर पक्षपात के आरोप भी लगे थे। लेकिन अब ये नौजवान नए क्रिकेट नायकों में शामिल हो गए हैं। यह केवल सामान्य विजय या पुन: उठ खड़े होने की कथा नहीं है, यह एक ऐतिहासिक कथा है जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम की दृढ़ता और प्रतिबद्धता, खासकर अनुभवहीन नौजवानों के समूह का शानदार प्रदर्शन सदियों तक याद रखा जाएगा। जब भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में 2011 विश्व कप जीता था तब उनको खुली छत वाली एक बस से पूरे मुंबई में घुमाया गया था। भले ही कोविड-19 प्रोटोकाल के कारण इस टीम का वैसा स्वागत न हो सके, पर निश्चित रूप से वे इसके अधिकारी हैं।

# अमेरिका में अनैतिकता

हालांकि, केवल तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों पर दाग लगे, पर डोनाल्ड ट्रंप अकेले ऐसे राष्ट्रपति हैं जो दूसरी बार महाभियोग का सामना कर रहे हैं।





**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

महाभियोग मूलत: प्रतीकात्मक है, पर यह समय की कसौटी पर नैतिकता की पराजय का प्रतीक भी है। इतिहास की पुस्तकों में महाभियोग वाले नामों पर धब्बे लगे मिलते हैं। जो बाइडेन से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के 45 राष्ट्रपतियों में से केवल तीन पर यह धब्बा लगा है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को भविष्य में ऐसे एकमात्र राष्ट्रपति के रूप में जाना जाएगा जिन पर दो बार महाभियोग चला। अमेरिका का संविधान अभियोजन के योग्य अपराधों में 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' को शामिल करता है। शास्त्रीय न्यायिक दृष्टिकोण से औपचारिक सजा की वैधता जो भी हो, महाभियोग का अर्थ सार्वजनिक व संवैधानिक विश्वास तोड़ना भी है और इस प्रकार यह विधिक आपराधिकता के संभावित दायरे में आता है। आमतौर पर अंतर्मुखी रहने वाले दलाईलामा ने ट्रंप को 'नैतिक सिद्धान्तों की कमी' वाला व्यक्ति बताया था और यह अपने आप में आश्चर्यजनक है।

रिचर्ड निक्सन ने लगभग महाभियोग सिद्ध होने की नौबत आने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पीछे देखने पर महाभियोग का सामना कर चुके अन्य दो अमेरिकी राष्ट्रपति एंड्रयू जान्सन व बिल क्लिंटन डोनाल्ड ट्रंप के कृत्यों की तुलना में लोकतंत्र के लिए कम घातक व कम अपराधी लगते हैं। एंड्रयू जान्सन स्वयं नस्लवादी थे जो लोकतंत्र के शिखर पर पहुंचने में सफल हुए थे, जबकि अब्राहम लिंकन पर आफिस एक्ट का उल्लंघन करने की तकनीकी गलती के कारण महाभियोग चलाया गया था, जब उन्होंने सिनेट से विचार-विमर्श किए बिना संघीय नियुक्ति वाले एक व्यक्ति को हटा दिया था। इतिहास बताता है कि महाभियोग एक पक्षपाती कृत्य है जिसका प्रयोग अस्वीकार्य राष्ट्रपति कृत्य के खिलाफ होता है जो शायद महाभियोग का बोझ ढोने को तैयार न होता। बिल क्लिंटन पर जांचकर्ताओं से मोनिका लेविंस्की प्रकरण में झूठ बोलने का आरोप था और उन्होंने व्हाइट हाउस के कर्मचारियों को अपनी इच्छाओं पर चलने को मजबूर किया था। उनका असंदिग्ध दुर्व्यवहार व पतन शायद 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' से कम था। प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन सिनेटर सुसान कोलिन्स ने कहा था कि क्लिंटन ने असंदिग्ध रूप से अपमानजनक व्यवहार किया था, पर वह अपराध नहीं था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने महाभियोग के खिलाफ वोट देते हुए था, 'राष्ट्रपति को रिहा करने के लिए मतदान करते समय में भारी गलती कर रही हूं क्योंकि मैं इस व्यक्ति को माफ नहीं करना चाहती हूं।' स्पष्ट रूप से बिल क्लिंटन इस संकट के कारण परेशान थे और पश्चाताप कर रहे थे।

दूसरी ओर पहली बार ट्रंप के खिलाफ महाभियोग सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस के काम में बाधा डालने के लिए चलाया गया था। आरोप था कि उन्होंने यूक्रेन पर जो बाइडेन के वाणिज्यिक मामलों के खिलाफ जांच करने का दबाव डाला था और इस प्रकार एक विदेशी शक्ति को लोकतांत्रिक चुनाव में भ्रष्टाचार के लिए प्रेरित किया था। ट्रंप ने यूक्रेन पर दबाव डालने के लिए उसकी सैनिक सहायता रोकी थी। लेकिन बाद में भी ट्रंप के गलत कृत्य जारी रहे और उन्होंने कार्यकारी शाखा को दस्तावेजों व प्रमाणों के मामले में कांग्रेस से सहयोग न करने को कहा। लेकिन क्लिंटन या निक्सन के मामले में निष्पक्ष अभिव्यक्तियों की तुलना में ट्रंप देश का ध्रुवीकरण और विभाजन अतिवादी रास्तों पर करने में सफल हुए। एक रिपब्लिकन सिनेटर को छोड़ कर बाकी सबने आंखें बंद कर ट्रंप का समर्थन किया। ट्रंप का दूसरा महाभियोग अपनी गंभीरता के कारण असाधारण है। आरोप है कि उन्होंने 'देशद्रोह को उकसाया।' पहले महाभियोग के दौरान रिपब्लिकनों का अपना हित ट्रंप का बचाव करना था और इसके लिए पक्षपाती दिशा का पालन करना था। यही बात दूसरे महाभियोग के समय भी दिख रही है लेकिन अब 10 रिपब्लिकन सिनेटरों ने स्वयं को ट्रंप के समर्थन से अलग कर लिया है, जबकि इस पक्षपाती निर्णय के परिणाम और खराब होंगे। ज्वाइंट चीफआफस्टाफने एक आंतरिक मेमो जारी कर बावर्दी लोगों को याद दिलाया है कि उनकी एकमात्र प्रतिबद्धता संविधान के प्रति है। इससे बाइडेन प्रशासन के कामकाज शुरू करने के समय 'कानून के खिलाफ' संभावित बाधा की आशंका सामने आती है। इससे ट्रंप की उस गंभीर असंवैधानिक कृत्य का संकेत मिलता है जिसका आरोप उन पर लगाया गया है।

दस रिपब्लिकनों की नाराजी का बोझ ट्रंप पर भारी है और यह केवल गणितीय क्षमता से अधिक है। यह एक प्रकार से निष्पक्ष साहस, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा आम समझदारी का प्रदर्शन है। अनेक प्रकार से यह आंतरिक विरोध रिपब्लिकनों को स्थाई रूप से ट्रंपवाद से मुक्ति का अवसर देता है कि वे 20 जनवरी, 2021 के बाद स्वयं को इस पाप से मुक्त कर सकते हैं। हालांकि, महाभियोग की प्रक्रिया ट्रंप कार्यकाल के अंतिम समय में जल्दबाजी में शुरू की गई है, पर यह 'विद्रोह' की शर्मनाक सार्वजनिक सुनवाई के लिए सही संदर्भ है। इससे संभावना बनती है कि भविष्य में पक्षपाती राजनीति को स्थान नहीं मिलेगा। ट्रंप के पहले महाभियोग में अपनी व्यक्तिगत चेतना के आधार पर उनके खिलाफ वोट देने वाले एकमात्र रिपब्लिकन मिट रोमनी ने ट्रंप के दोबारा आने और उसके 'सार्थक परिणामों' की बात कही थी, जब एक राष्ट्रपति ने कांग्रेस के खिलाफ हमला उकसाया तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से लोकतंत्र के सभी ज्ञात सिद्धान्तों की धज्जियां उड़ा दीं।

अब नए राष्ट्रपति बाइडेन के बारे में अनेक लोगों की राय है कि उनको संघीय रूप से ट्रंप के खिलाफअभियोजन चलाने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे विभाजनकारी व आक्रामक भावनायें बनी रहेंगी तथा खतरनाक अफवाहें फैलाने का 'डोनाल्ड ट्रंप शो' जारी रहेगा। ट्रंप के बारे में अनेक अफवाहें जारी थीं कि वे चुनाव से पहले ईरान पर हमला कर सकते हैं, अर्ध मार्शल ला लगा सकते हैं या 'धोखाधड़ी वाले चुनाव' का आरोप लगा कर सामाजिक अशांति पैदा कर सकते हैं। उन्होंने 'इन लोगों के हाथों में न खेलने' व 'चुनावों की चोरी' जैसी बातें कही थीं। इन सबने अमेरिका को अराजकता व गृह युद्ध के ऐसे मोड़ पर पहुंचा दिया था जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। ट्रंप का अपनी पार्टी नेताओं से अलगाव व संभावित विश्वासपात्रों से दूरी ने निजी अफवाहों को सार्वजनिक आह्वान का रूप दे दिया है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इससे रास्ता ठीक करने की आवश्यकता भी सामने आती है जहां विधिकता के बजाय नैतिकता की कमी ट्रंप के चारों ओर छा गई थी। बदलते समय के साथ रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कोनेल ने रिपब्लिकन सिनेटरों को आजाद कर दिया है कि वे पार्टी लाइन के बजाय 'अपनी चेतना के आधार पर' वोट दे सकते हैं। इससे ट्रंप के लिए दीवाल की लिखावट साफहो गई है। उम्मीद है कि ट्रंप अपनी भडकाऊ बयानबाजी जारी रखेंगे तथा केन्द्रीय स्थिति में बने रहने के लिए अपुष्ट अफवाहें फैलाते रहेंगे, पर रिपब्लिकन पार्टी में उनका नैतिक आधार समाप्त हो गया है। वह ट्रंप को पार्टी से बाहर कर सकती है जिससे उनका राजनीतिक आधार समाप्त हो जाएगा। चुनावी विजय, चुनौती विहीन वर्चस्व या अदालत में वैधानिकता की तुलना में नैतिकता का पतन ज्यादा महत्वपूर्ण है और ट्रंप के महाभियोग से एक विनाशकारी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का अंत होगा।

# बजट सत्र में विपक्षी एकजुटता की परीक्षा

**"अब समय आ गया है कि आगामी बजट सत्र में विपक्ष एकजुट होकर रणनीति बनाए जिससे सरकार को घुटनों पर ला खड़ा करना संभव हो सके।"**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

संसद का आगामी बजट सत्र जबर्दस्त होने की संभावना है जिसमें विपक्ष द्वारा बहुत से विवादास्पद मुद्दे उठाए जाने की उम्मीद है। यद्यपि संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी मुद्दों का सामना करने के लिए तैयार है, विपक्ष अपनी धार पैनी कर रहा है। संसद का यह सत्र महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्ष का पहला सत्र होगा। यद्यपि कोविड-19 महामारी के बीच सदस्यों की सुरक्षा हेतु सभी प्रोटोकाल अपनाए जाएंगे। संसद के सत्र की शुरुआत 29 जनवरी को होगी और 8 अप्रैल तक चलेगा, साथ में 15 फरवरी से 8 मार्च तक का मध्यावकाश रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 29 जनवरी को परम्परागत संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद अगले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और 1 फरवरी को, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। वो लगातार तीसरा बजट पेश करेंगी। बढ़ती महामारी के बीच बजट बनाना एक कठिन प्रक्रिया है और पुरानी परम्परा को तोड़ते हुए वित्त मंत्रालय 2021 के लिए केंद्रीय बजट को छपवाएगा नहीं और यह कागजविहीन होगा। सभी निगाहें सरकार पर लगी हैं क्योंकि बजट प्रकाश डालेगा कि केंद्र विभिन्न क्षेत्रों को कैसे धन आवंटित करता है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी स्तम्भ प्रभावित हुए हैं तथा राजस्व और खर्च के बीच संतुलन स्थापित करना एक चुनौती होगी। सीतारमण ने एक मजबूत अर्थव्यवस्था निर्मित करने का वादा किया है और कहा है कि बजट अनोखा होगा, जैसा कि स्मृतियों में पहले कभी नहीं रहा कि क्या सरकार के समक्ष कभी ऐसी स्थिति आई है जहां कर संग्रहण का काम बजटीय संख्या के अनुरूप बने रहने के लिए संघर्ष कर रहा हो और वस्तुओं व सेवाओं की मांग बहुत मंद हो।

विपक्ष के पास सरकार पर हमला बोलने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान, किसानों का विरोध प्रदर्शन, संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था, चीन का आक्रामक रवैया, बढ़ती कीमतें, नौकरियों का क्षरण, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध जारी रहना, कथित रूप से 20 हजार करोड़ रुपए के खर्च से नए संसद भवन के निर्माण की योजना आदि। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता का दावा है कि यद्यपि राजनीतिक दल किसानों के विरोध प्रदर्शन से दूर रहे हैं लेकिन संसद में, वे किसानों के समर्थन को लेकर मुखर रहेंगे। विपक्ष की योजना रोजगार सृजन, उलट पलायन, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध, एवं भारत-पाक संबंधों, महामारी से निबटने के सरकार के तरीकों, तथा टीकाकरण अभियान जो 16 जनवरी को प्रारम्भ हुआ है, को लेकर सरकार पर सवाल उठाने की है। साथ ही, कमजोर राज्य महामारी से निबटने के लिए अधिक वित्तीय सहायता की मांग करेंगे तथा वित्त मंत्रालय एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को और ज्यादा धन आवंटन की आवश्यकता होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा है : "इसे आगे ले जाने के लिए बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र से मिलने वाले सभी आगतों को ध्यान में रखा जाएगा।"

सरकार, निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक, डीएनए तकनीक (प्रयोग एवं प्रयुक्तीकरण) विनियमन विधेयक, रख रखाव एवं माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संशोधन विधेयक समेत पिछले वर्ष से लंबित विधेयकों, चिकित्सीय गर्भ समापन संशोधन विधेयक तथा बांध सुरक्षा विधेयक समेत कुछ अहम विधायनों को लेकर तैयार है। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या अत्यधिक विभाजित विपक्ष संसद में सरकार को दबाव में लाने में प्रभावी साबित होगा? उन्हें एकजुट करने में सक्षम कोई बड़ा नेता नहीं है, यद्यपि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रत्येक वर्ष संसद के सत्र से पहले बैठक बुलाने का प्रयास करती हैं। हालांकि, कांग्रेस संकट के दौर से गुजर रही है क्योंकि नेताओं का एक तबका गांधी परिवार पर सवाल उठाने लगा है। पार्टी ने 2021 के पूर्वार्ध में कांग्रेस का अखिल भारतीय सत्र बुलाने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के अनुसार, समन्वय सथापित किया जाएगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस विपक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के अधीन एकजुट हो सकता है।

यद्यपि भाजपा राज्यसभा में बहुमत प्राप्त करने के निकट पहुंच गई है, विवादास्पद विधायन पारित कराने के लिए भी विपक्ष को विभाजित करने की रणनीति अपनाई जाती है। इसी तरह राजग सरकार ने तीन तलाक, सीएए, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 का उन्मूलन, आदि विधायन पारित करा लिए थे। विपक्ष को बहिर्गमन करने, सदन के वेल में जाने आदि रणनीतियां बदलनी होंगी और इसके बजाए चर्चाओं में भाग लेने तथा मुद्दे उठाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि सरकार को जवाब देने के लिए बाध्य किया जा सके। विधि निर्माताओं को बजट का परीक्षण करने एवं सरकार को घुटनों पर लसने के अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। एक जिम्मेदार विपक्ष के कार्य करने का तरीका है प्रश्न काल का उपयोग करना, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाना तथा सरकार को जवाबदेह बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति के संबोधन पर बहस करना। अपने स्तर पर, सरकार को भी विपक्ष को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए। देश के लिए, दुखद रूप से, दोनों ही टकराव में विश्वास रखते हैं। अब जबकि पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, सभी दल अपना काम करेंगे। यह चिंता का विषय है कि देश में एक मजबूत और सजग विपक्ष का अभाव है जिसकी जरूरत एक ऊर्जावान लोकतंत्र को होती है। विपक्षी दलों को संद में एकजुट होकर रहना चाहिए। 1984 में स्वर्गीय राजीव गांधी ने 403 सीटें जीती थीं, विपक्ष ने एक दर्जन मुखर नेताओं के बल पर, बोफोर्स घोटाले को सफलतापूर्व उठाया था, जिसके चलते उनकी सरकार सत्ताच्युत हो गई थी। अत: संख्या बल मायने नहीं रखता बल्कि सरकार से निबटने की रणनीति महत्वपूर्ण होती है।

## आप की बात

### सायकिल पर्यावरण एवं स्वास्थ्य

**सायकिल** पर्यावरण के हित में उपयोगी साबित होती आई है, किन्तु चलन कम होता दिखाई देने लगा है। 1990के दशक तक लगभग हर घर में सायकिल उपलब्ध रहती थी, विशेषकर दूधवाले ,पोस्टमैन आदि द्वारा आने जाने हेतु ज्यादातर सायकिल का उपयोग किया जाता था। बच्चे सायकिल चलाना सीखने में उत्सुकता दिखाते थे। एक जानकारी के मुताबिक सन 1763 में फ्रांस के पियरे लेलमेंट ने इसकी जाना था। बाद में सायकिल में तरह-तरह के आवश्यकतानुसार बदलाव किए जाते रहे और वर्तमान में भी जारी है। विदेशों में लोग सायकिल का ज्यादा उपयोग करते है। एक्सरसाइज के लिए भी घरों में सायकिल का उपयोग किया जाता है। अन्य वाहनों का उपयोग भी अपनी जगह ठीक है, किंतु सायकल चलाने से एक्सरसाइज होती है। जिससे कई बीमारिया कोसों दूर हो जाती है। कुछ दशकों पूर्व सायकिल का दौर काफी था। सायकिल चलाने के दृश्य भी फिल्मों में होते ही थे। वर्तमान में भी फिल्म की कहानी की मांग के अनुसार सायकिल के दृश्य को फिल्माया जाता है। आज भी कई लोग सायकिल के शौकीन सायकिल से ही रास्ता तय करते हैं और वे पूर्णत: तंदुरुस्त हैं। कई तो भारत भ्रमण भी कर चुके हैं।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### सड़क सुरक्षा अभियान

**अभी** हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत कर दी है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। यह एक बहुत अच्छी पहल है। सड़क सुरक्षा माह के अभियान के समय सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन मानुस को यातायात के नियमों से अवगत कराया जाएगा और उन्हें जागरूक भी करा जाएगा। बतातें चलें कि सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़कों पर होने वाले कुल 13 लाख मामलो में से 11 प्रतिशत मामले तो भारत में भी आए हैं। सड़क दुर्घटना के मामले में भारत पहले स्थान पर है ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि इसके ऊपर कुछ कदम उठाए जाएं। इस सड़क सुरक्षा अभियान से सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। सड़क हादसे होने से भारत की जीडीपी को लगभग 3 प्रतिशत तक का नुकसान होता है इसलिए इस राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आना बहुत जरूरी है । साथ ही साथ इससे बहुत लोगों को रोजगार भी मिलेगा। और हमारे कौशल विकास में बहुत मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में हर सप्ताह अलग अलग थीम पर जांच अभियान चलाया जाएगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### सतर्कता बरतें

**वर्तमान** डिजिटल युग के दौर में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण डोमेन बनकर उभरा है। अब इस युग मुं युद्ध साबयर स्पेस में होने लगे हैं। तकनीक की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उन्नतिशील भारत के लिए एक चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है । हाल ही में केंद्र सरकार की संस्था इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिपोर्ट टीम के मुताबिक वर्ष 2020 में कुल 11,58,208 साइबर हमले हुए, जबकि इसके पिछले साल 3 , 94 ,499 बार निशाना बनाया गया जो कि 2019 के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है। इन सभी हमलों के तार चीन , पाकिस्तान , अमेरिका जैसे अन्य देशों से भी जुड़े पाए गए है । जैसा की , देश के वित्तीय बाजार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह आईटी नेटवर्क पर निर्भर करते है । साइबर हमलों की वजह से हमारे देश को व्यापक नुकसान हो सकता है। अभी भी ऐसे कानून नही , जो लोगो को बचा सके? हमें भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। जैसे कि , कोई भी बड़ी कंपनियां , बैंक या सरकार फ़ोन से संबंधित कोई जानकारी नही मांगती है।

– **खुशबू वेद,** अलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**उत्तर** प्रदेश में चयन का आधार योग्यता है और पिछले तीन वर्ष और 10 महीनों में 3.75 लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य पूर्ण हुआ है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**हो** सकता है आप बहुत से चुनाव जीतें मगर नंदीग्राम की इस पवित्र भूमि से मैं संकल्प लेती हूं कि मैं भाजपा को बंगाल में प्रवेश नहीं करने दूंगी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की सीएम



**मैं** आज संकल्प लेता हूं कि यदि मैंने नंदीग्राम की धरती पर उन्हें कम से कम 50 हजार वोटों के अंतर से नहीं हराया तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

– **सुवेंदु अधिकारी**
भाजपा नेता

कोरोना वैक्सीनेशन का अगला चरण

# फ्रंटलाइन वर्कर्स का डाटा बेस तैयार किया जाए: योगी

● कोविड-19 की 97 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी दर पर मुख्यमंत्री ने संतोष जताते हुए कहा कि प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड-19 की 97 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए कोविड-19 से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना के सम्बन्ध में प्रत्येक स्तर पर पूर्ण सावधानी बरती जाए। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान प्रगति पर है। अभियान के आगामी चरण के लिए फ्रंटलाइन वर्कर्स का डाटा बेस तेजी से तैयार किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन अभियान की प्रत्येक कार्यवाही भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश एवं मानकों के अनुरूप की जाए।

मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कोविड अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, बैकअप सहित ऑक्सीजन तथा मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता की जाए। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम प्रभावी ढंग से संचालित रहें।

## राजधानी में 70, सूबे में मिले कोरोना के 404 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 70 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 404 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 7873 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 1858 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8591 मरीजों की और राजधानी में 1157 की मौत हो चुकी है।

## नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस कंपनी 600 करोड़ का करेगी निवेश

●डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में निवेश से एक हजार लोगों को मिल सकेगा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 100 एकड़ भूमि पर अगले 3 से 4 वर्षों में 600 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है।

कम्पनी की सीईओ रेखा प्रसाद ने यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ बातचीत की और उन्हें इस योजना के बारे में जानकारी दी। रेखा ने बताया कि कंपनी डिफेंस एण्ड एयरोस्पेस के इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में काम करेगी और कंपनी का इरादा 1000 लोगों को रोजगार देने का है। इस प्रकार नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस झांसी नोड के पहले निवेशक बन गए हैं।

उप्र के विकास को गति देने तथा इसके विनिर्माण की क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए यूपी सरकार द्वारा डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में 1087 हेक्टेयर भूमि पर डिफेंस इण्डस्ट्रीज स्थापित किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत कुल 1030 हेक्टेयर भूमि का क्रय, पुनर्ग्रहण किया जा चुका है।

## निर्माण कार्यों को लेकर वित्तीय स्वीकृतियां जारी करने के दिशा निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा कैश मैनेजमेन्ट के तहत निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 की वित्तीय स्वीकृतियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों को निर्माण कार्यों के लिए, निर्धारित मानकों के अनुसार धनराशि अवमुक्त करने के निर्देश दिए गए है। जारी दिशा निर्देश के तहत यदि निर्माण कार्य की लागत 10 करोड़ रूपक है तो धनराशि दो समान किस्तों में जारी होगी। कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त होगी वह दो माह की आवश्यकता के अनुसार होगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है कि वे कोषागार से धनराशि का आहरण दो-दो माह की जरूरत के अनुसार करें। कार्यदायी संस्था को पहले दी गई धनराशि के 75 प्रतिशत धनराशि का उपयोग करने के बाद ही आगामी दो माह के लिए पुनः आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर उपलब्ध करायी जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार यदि निर्माण कार्य की लागत 10 करोड़ से अधिक है तो धनराशि चार किस्तों में अवमुक्त की जाएगी। इसमें प्रथम, दूसरी एवं तीसरी किस्त 25-25 प्रतिशत धनराशि तथा चौथी किस्त 20 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त होगी। वित्त विभाग ने यह भी निर्देश दिए है कि कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जाएगी वह दो माह की आवश्यकता के अनुसार ही होगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि का आहरण कोषागार से दो-दो माह की आवश्यकतानुसार की जाएगी।

## नवगठित डब्लूसीएसओ से लगेगी महिला व बाल अपराधों पर प्रभावी रोक

● वीमेन पावर लाइन से सम्बन्धित 174933 शिकायतों में से 154618 का निस्तारण

● मनोचिकित्सकों के माध्यम से 441 प्रकरणों में कराई गई काउंसिलिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों का उत्पीड़न रोकने, महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराधों को नियंत्रित करने और उनको सहायता प्रदान करने तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 व अन्य सम्बन्धित कार्यरत इकाइयों द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस विभाग के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित कार्यरत इकाइयों यथा वीमेन पावर लाइन 1090, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, सीबीसीआईडी के पुलिस महिला सहायता प्रकोष्ठ को समेकित करते हुए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (डब्लूसीएसओ) की स्थापना की गयी है, जिसके द्वारा लगातार महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम के लिए कार्यवाई की जा रही है। इसको और अधिक सक्रिय किया गया है। अवस्थी ने बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की शिकायतों के डेटा को एकत्र कर दोषी व्यक्तियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्र करने व उसके विश्लेषण एवं मिलान की कार्यवाही के लिए सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 1090 हेतु अत्याधुनिक डाटा विश्लेषिकी केन्द्र एवं साइबर फोरेन्सिक लैब स्थापित किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक 1090 से मिली जानकारी के अनुसार महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ टेलीफोन द्वारा छेड़खानी, विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न तथा छोटे-छोटे अपराधों को बिना थाने जाये शैशव स्तर पर रोकने के उद्देश्य से स्थापित वीमेन पॉवर लाइन 1090 पर बीते वर्ष 2020 में कुल 2,81,830 शिकायतें दर्ज हुई हैं। कुल दर्ज 2,81,830 शिकायतों में से 1,74,933 शिकायतें फोन बुलिंग एवं साइबर बुलिंग से संबंधित थीं जिसको सीधे 1090 द्वारा निस्तारित किया जा रहा है, जिसमें से अभी तक 1,54,618 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, शेष शिकायतें निस्तारण की प्रक्रिया में हैं। इसके अतिरिक्त 2,849 शिकायतें स्टाकिंग से संबंधित हैं व 1,04,048 शिकायतें अन्य प्रकरणों से संबंधित होने के कारण उन्हें जनपदीय पुलिस, जीआरपी, यूपी.112 को अन्तरित किया गया है। वहीं पारिवारिक विवाद के प्रकरणों में वीमेन पावर लाइन द्वारा अब तक मनोचिकित्सकों के माध्यम से 441 काउन्सलिंग कराई गई है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के जरिये 36 लाख से अधिक को मिला स्वास्थ्य लाभ

● अब तक प्रदेश में नौ आरोग्य मेले लगाए गए, 86,172 गंभीर रोगी हायर सेंटर रेफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** आरोग्य मेले के माध्यम से अभी तक सूबे की 36,66,324 से अधिक आबादी को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। एक वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला कोरोना संक्रमण से पूर्व सात बार लग चुका था, जिसमें 31 लाख 36 हजार लोगों का उपचार किया गया और चिह्नित 32,425 कुपोषित बच्चों को विभिन्न योजनाओं के तहत पोषित भी बनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 76,063 रोगियों को बेहतर उपचार के लिए उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया और आयुष्मान भारत योजना के तहत 2,30,890 लोगों को गोल्डन कार्ड भी दिए गए। कोविड काल में इस मेले को स्थगित करना पड़ा था। 10 जनवरी से फिर आरोग्य मेले की शुरुआत हुई। प्रदेश में अब तक लगे नौ मेलों में 86,172 गंभीर रोगियों को उच्च केंद्रों में इलाज के लिए भेजा गया। इसके अलावा 2,78,707 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। सचिव स्वास्थ्य हेकाली झिमोमी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि आरोग्य मेले का लगातार आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जाए। हम इसका अनुपालन सुनिश्चित करना है।

**चार घंटे में दो लाख 67 हजार 563 रोगियों का इलाज:** 17 जनवरी को लगे नौवें मेले के दौरान महज चार घंटे में दो लाख 67 हजार 563 रोगियों का इलाज किया गया। इसमें 99,501 पुरुष, 1,27,997 महिलाएं, 40,065 बच्चों का इलाज किया गया। इसमें 3922 गंभीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में उपचार के लिए भी भेजा गया। साथ ही 23,010 गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। मेले में 8608 चिकित्सक, 19,321 पैरा मेडिकल और 16,701 आईसीडीएस स्टाफने अपनी सेवाएं दीं।

**3400 से अधिक पीएचसी पर लगा आरोग्य मेला:** कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में फिर से 34 सौ से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की शुरुआत कर दी गई है। अब 10 जनवरी से प्रदेश के सभी शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार सुबह 10 से अपराह्न 4 बजे तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## किसानों की मांगों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए: अखिलेश

● किसान आंदोलन के समर्थन में सपा 26 को तहसील स्तर पर निकालेगी रैली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के आंदोलन के समर्थन में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सभी जनपदों में तहसील स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर ट्रैक्टर से ध्वजारोहण कार्यक्रम में रैली के आयोजन का निर्देश दिया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान अपनी न्याय संगत मांगों को लेकर लगातार शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका अहिंसात्मक आंदोलन ऐतिहासिक बन गया है। गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन अन्नदाता जो पूजनीय है, हम सबके सम्मान का पात्र है। उसको अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि किसानों की मांगों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। उनकी बात मानने से राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा। भाजपा नेतृत्व एवं सरकार को किसानों के प्रति अपनी भाषा भी मर्यादित रखनी चाहिए। उनके विरूद्ध अनर्गल और निराधार आरोप नहीं लगाने चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा किसानों की मुख्य मांग यही है कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया जाए क्योंकि किसान हितों के ये विरोधी है। एमएसपी की अनिवार्यता से किसान को उसकी फसल का लाभकारी दाम मिल सकेगा। भाजपा को समझना चाहिए कि जिनके लिए यह कानून बना है उन्हें ही जब यह स्वीकार्य नहीं है तो फिर इसका क्या फायदा, किसानों पर इसे क्यों थोपा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की पार्टी है। वह किसानों के पूर्ण समर्थन में है। किसानों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। यह त्याग और कुर्बानी करने वाला समाज है। समाजवादी पार्टी ने किसानों के समर्थन में किसान यात्रा और समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम चलाये हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी किसानों के साथ गणतंत्र दिवस मनाएगी और चंद पूंजीघरानों के हाथों कृषि को गिरवी रखने वाली भाजपाई साजिशों का पर्दाफाश करेगी। इस दिन राज्य भर की प्रत्येक तहसील पर किसान अपन अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा झण्डा लगाकर आयेंगे और समाजवादियों के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर एकता का प्रदर्शन करेंगे।

## सपा मुख्यालय में मनाया गया गुरु गोविन्द सिंह का 354वां प्रकाश पर्व

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में बुधवार को गुरु गोविन्द सिंह का 354वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गुरु गोविन्द सिंह किसी सम्प्रदाय विशेष के नहीं, पूरे राष्ट्र के नेता थे। उनकी सीख थी कि एक दूसरे के धार्मिक विश्वास और आस्था का सम्मान करो क्योंकि वही समाज आगे बढ़ता है जो दूसरों को सम्मान देता है। इस अवसर पर सिख प्रतिनिधियों ने अखिलेश यादव को सरोपा, कृपाण और लोई भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन पवन मनोचा ने किया। कार्यक्रम में



विशेष रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, विधायक संजय गर्ग तथा एमएलसी आशुतोष सिन्हा आदि मौजूद थे। सुखमनी सेवा सोसाइटी महिला सत्संग सभा कानपुर की सविंदर कौर, हरजीत कौर, गुरमीत कौर, रविन्दर कौर, बलविन्दर कौर, बलवंत कौर ने अरदास की।

## हुनर हाट में यूपी समेत कई राज्यों के कलाकार अपने हुनर का करेंगे प्रदर्शन

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवध शिल्पग्राम में 23 जनवरी को करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** स्थित अवध शिल्पग्राम में केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा हुनर हाट का आयोजन किया जा रहा है। हुनर हाट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवध शिल्पग्राम में 23 जनवरी को करेंगे। 4 फरवरी तक चलने वाला हुनर हाट कार्यक्रम वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित होगा।

इस कार्यक्रम में कई प्रदेशों के कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। वोकल फॉर लोकल हुनर हाट में गुजरात की अजरख, जम्मू कश्मीर की पश्मीना शाल, झारखण्ड से तुसार सिल्क, असम की ड्राई फ्लावर्स, आंध्र प्रदेश की पोचमपल्ली इकट, बिहार की मधुबनी पेंटिंग्स, कर्नाटक में बनने वाले लकड़ी के खिलौने, मणिपुर के कलाकारों के हस्तनिर्मित खिलौने मुख्य आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। करीब 2 सप्ताह तक चलने वाले इस हुनर हाट में देश के कई राज्यों के दस्तकार पहुंच रहे हैं। देश के कोने कोने के स्वदेशी दुर्लभ उत्पाद और लजीज पकवान इसमें उपलब्ध हैं। इसके अलावा नामचीन कलाकारों द्वारा हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जायेंगे। हुनर हाट में अनेकता में एकता की संस्कृति का जीता जागता उदाहरण पेश करने का काम किया जाएगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे हुनर हाट में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, नागालैंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, झारखण्ड, गोवा, पंजाब, उत्तराखंड, लद्दाख, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, बिहार, आंध्रप्रदेश से हुनर के उस्ताद हिस्सा ले रहे हैं।

## आधा दर्जन पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुख्यालय ने बीते मंगलवार की देर रात प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 6 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस फेरबदल में प्रमोद कुमार सिंह को पीलीभीत से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा अयोध्या, विनीत सिंह को फिंगर प्रिंट ब्यूरो लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक रामपुर, अनुज कुमार चौधरी को प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक रामपुर, अजय कुमार तृतीय को अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू सेक्टर कानपुर, रजनीश यादव पुलिस को चित्रकूट से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ (नगर) और शीतला प्रसाद पांडेय को सहायक सेनानायक 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से पुलिस उपाधीक्षक चित्रकूट के पद पर भेजा गया है।

## नसीमुद्दीन व राम अचल राजभर की जमानत अर्जी पर सुनवाई 22 जनवरी को

विधि संवाददाता। लखनऊ

**भाजपा** के एक नेता के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में निरुद्ध बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर की जमानत अर्जी पर बुधवार को होने वाली सुनवाई टल गई। एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने अब इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 22 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। बुधवार को अदालत में इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से अपना पक्ष रखने के लिए फिर से समय की मांग की गई थी। बीते 19 जनवरी को नसीमुद्दीन व राम अचल ने इस मामले में आत्मसमर्पण किया था। अदालत ने इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजते हुए इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की थी। जबकि इससे एक दिन पहले इनकी सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। अदालत का कहना था मुल्जिमों को फरार घोषित करते हुए इनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही से पहले की नोटिस जारी की। फिर भी यह हाजिर नहीं हो रहे थे।

## जवानों की जिंदगी से खेल रही है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि एक तरफ़ये सरकार किसानों की सुन नहीं रही दूसरी तरफजवानों की जिंदगी से खेल रही है।



जय जवान जय किसान हमारे देश का नारा है। सिर्फ इसे बार बार दोहराने से काम नहीं चलेगा, इस पर क़ायम रहना देश के शहीदों के प्रति हर नेता का नैतिक फर्ज है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़ी अतिगोपनीय बातें एक पत्रकार को बताई गईं। हमारे देश के वीर जवान शहीद हुए। पत्रकार कहता है हमें फायदा होगा। राष्ट्रवाद का दावा करने वाले राष्ट्रद्रोही कारनामे करते हुए पकड़े गए। यह बहुत गम्भीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## कांग्रेस ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, पूर्व मंत्री रहे माता प्रसाद के निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि स्व. माता प्रसाद की अंत्येष्टि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की ओर से प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने भैंसा कुण्ड पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक सभा आयोजित की गयी एवं शोक प्रस्ताव पारित कर दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## साहित्य के एक युग का अंत: डा निर्मल

**लखनऊ।** पांच बार विधायक, दो बार विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री रहे अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का निधन साहित्य के एक युग का अंत है। वह राजनीति में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि किताबों के लेखन और सामाजिक गतिविधियों में भी बराबर समय देते रहे। अछूत का बेटा समेत वीरांगना झलकारी बाई और अंतहीन बेड़ियां जैसे एकांकी नाटकों का लेखन भी उन्होंने किया। आंबेडकर महासभा ने भी उन्हें दलित रत्न से सम्मानित किया था। ये बातें उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डा लालजी प्रसाद निर्मल ने कही हैं। वह लखनऊ के बैकुंठ धाम पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। गौरतलब है कि मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले माता प्रसाद वर्ष 1957 से 1977 तक विधायक रहे। इसके बाद 1980 से 1992 तक वह विधान परिषद के सदस्य और 1988 से 1989 तक राजस्व मंत्री रहे। तत्पश्चात वह 21 अक्टूबर 1993 से 13 मई 1999 तक अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे।

# नहीं रहे अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अरुणाचल** प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व साहित्यकार माता प्रसाद का मंगलवार रात्रि को पीजीआइ में मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते निधन हो गया। उन्हें पीजीआई में निजी हॉस्पिटल से भर्ती कराया गया था। 95 वर्षीय पूर्व राज्यपाल को क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। मूलतः जौनपुर जिले के रहने वाले माता प्रसाद वर्ष 1993 से वर्ष 1999 तक अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे थे। वर्तमान में वे यहां इन्दिरा नगर में सेक्टर 20 में रह रहे थे।

राजनीति में स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम को अपना आदर्श मानने वाले माता प्रसाद को नरसिम्हा राव की सरकार ने 1993 में अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया था। माता प्रसाद ने अपनी



आत्मकथा झोपड़ी से राजभवन तक सहित कई पुस्तकें लिखी थीं। उन्होंने एकलव्य खंडकाव्य, भीम शतक प्रबंध काव्य, राजनीति की अर्थ सतसई, परिचय सतसई, दिग्विजयी रावण जैसी काव्य कृतियों की रचना ही नहीं की वरन अछूत का बेटा, धर्म के नाम पर धोखा, वीरांगना झलकारी बाई, वीरांगना उदा देवी पासी, तड़प मुक्ति की, धर्म परिवर्तन प्रतिशोध, जातियों का जंजाल, अंतहीन बेड़ियां, दिल्ली की गद्दी पर खुसरो भंगी जैसे नाटक भी रचे।

## यूपी में महिलाओं व बच्चों के साथ बर्बरता थमने का नाम नहीं ले रही: कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बच्चियों और महिलाओं के साथ लगातार हो रहे बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, बर्बर हत्या पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है और कहा है कि योगी सरकार में महिलाओं और बच्चियों के साथ जघन्यता, बर्बरता थमने का नाम नहीं ले रही है, आखिर इसके लिए, कौन जिम्मेदार है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बृजेंद्र कुमार सिंहने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार की महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम साबित होने की वजह से आज उप्र की बहन बेटियां सर्वाधिक असुरक्षित हैं। उप्र आज सामूहिक बलात्कार और हत्या का हब बन चुका है। राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर बलात्कार और सामूहिक बलात्कार से पीड़िताओं द्वारा न्याय मांगने आने पर उन्हें दर दर भटकना और न्याय न मिलने पर उन्हें अपना जीवन समाप्त करने के लिए, मजबूर होना पड़ा। यह उप्र की योगी सरकार की कानून व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा है। मिशन शक्ति पर करोड़ों रुपये फूंकने के बाद नतीजा शून्य है। प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार में अब तक सबसे अधिक सन्तों एवं पुजारियों की हत्या हुई है।

# मप्र में वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भोपाला जबलपुर।** समाज के विभिन्न वर्गों के बीच कथित रूप से आपसी वैमनस्य को बढ़ावा देने और लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मध्यप्रदेश पुलिस ने अमेजन प्राइम वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जबलपुर के एएसपी अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि वेब सीरीज तांडव के निर्देशक और अन्य के खिलाफ समाज के विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने और धार्मिक भावनाओं को नाराज़ करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में दर्ज शिकायत की पुलिस जांच कर रही है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर मुंबई में भाजपा के विधायक राम कदम की शिकायत पर तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। एएसपी ने कहा कि मंगलवार रात को जबलपुर के ओमती पुलिस स्टेशन में धीरज ज्ञानचंदानी ने तांडव के निर्देशक अली अब्बास, लेखक गौरव सोलंकी और अन्य कलाकारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वेब सीरीज के निदेशकों और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153–ए (दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295–ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, धार्मिक भावनाओं को नाराज करने के उद्देश्य से) और 505 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायतकर्ता से इस बारे में तथ्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था कि कैसे किसी समाज की धार्मिक भावनाओं को कथित तौर पर वेब श्रृंखला तांडव के माध्यम से चोट पहुँचाई गई। दूसरी ओर रामेश्वर शर्मा ने भोपाल में कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को शिवसेना और बाला साहेब ठाकरे की विरासत को आगे ले जाना चाहिए, चाहे उन्होंने किस भी तरह से वहां सरकार बनाई हो। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है महाराष्ट्र सरकार को भी भाजपा विधायक राम कदम की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। इससे पहले, सोमवार को मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग और राज्य विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से हिंदू देवी–देवताओं का कथित तौर पर उपहास उड़ाने के आरोप में अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज तांडव पर प्रतिबंध लगाने की अपील की थी।

## प्रमोद सावंत ने गोवा में मध्यावधि चुनाव की आशंका को खारिज किया

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने विधानसभा के मध्यावधि चुनावों की आशंकाओं को बुधवार को खारिज करते हुए दावा किया कि राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। गोवा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2022 में खत्म हो रहा है। गोवा में मध्यावधि चुनावों की आशंका से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समय पूर्व चुनाव कराने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारें गोवा में कई विकास परक कामों का क्रियान्वयन कर रही हैं। कुछ परियोजनाएं अगले कुछ दिनों में पूरी हो जाएंगी। सावंत ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार अच्छा काम कर रही हैं और स्थिर है। राज्य में अगली सरकार भी भाजपा की ही बनने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमें समय पूर्व चुनाव में जाने की जरूरत नहीं है। हम अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और सही समय पर चुनाव के लिए जाएंगे।



कोलकाता में आदिवासी समुदाय के लोग किसान बिल का विरोध करते हुए।

# रक्षा मंत्रालय द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को लेकर तैयार की गई किताब का हो विमोचनः तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती से कुछ दिन पहले बुधवार को मांग की है कि रक्षा मंत्रालय के इतिहास प्रभाग द्वारा दशकों पहले आजाद हिंद फौज (आईएनए) को लेकर तैयार की गई किताब को सार्वजनिक किया जाए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यहां कहा कि इस किताब का संपादन इतिहासकार पी सी गुप्ता ने किया था और अब तक इस किताब का विमोचन नहीं हुआ क्योंकि पूर्व की संप्रग सरकार और मौजूदा राजग सरकार ने इसे प्रकाशित करने की कोई पहल नहीं की।

नेताजी से संबंधित कई फाइलें प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय के पास ही पड़ी हुई हैं। मैंने इस मुद्दे को कई बार राज्य सभा में भी उठाया है। रॉय ने यह भी कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य सरकार के पास उपलब्ध नेताजी से संबंधित सभी दस्तावेज जारी कर चुकी हैं। आजाद हिंद फौज को लेकर रक्षा मंत्रालय की पांडुलिपि के बारे में उन्होंने कहा कि हरियाणा के चंद्रचूड़ घोष नाम के एक व्यक्ति ने इस संबंध में 2009 आरटीआई दाखिल की थीं, जिस पर भारत के मुख्य सूचना आयुक्त ने इसका विमोचन करने का आदेश दिया था।

लेकिन इसके बाद तत्कालीन संप्रग सरकार का कहना था कि विमोचन से पहले किताब में और जानकारियों जोड़ी जाएंगी। लेकिन इस प्रस्ताव को उच्च न्यायालय की एक पीठ ने खारिज कर दिया और आदेश दिया कि किताब का विमोचन मूल रूप में किया जाए। राज्य सभा सांसद ने कहा, इसके बाद सरकार खंड पीठ के पास गई और मामला अभी लंबित है। उन्होंने कहा कि इस किताब में 186 से 191 पृष्ठों के बीच यह कहा गया है कि नेताजी की मौत विमान दुर्घटना में नहीं हुई थी।

## राहुल 23 से तमिलनाडु में करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

**इरोड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार से तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आगाज करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केएस अलागिरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस चुनाव में द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा और अगर कमल हासन की पार्टी भी इस गठबंधन का हिस्सा बनती है तो यह स्वागत योग्य कदम होगा। हासन ने कहा है कि वह अन्नाद्रमुक और द्रमुक दोनों में से किसी के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। अलागिरी ने यहां संवादददताओं से कहा, राहुल गांधी 23 जनवरी को कोयम्बटूर और तिरुपुर में चुनावी सभाओं में शामिल होंगे। उन्होंने इरोड में भी कांग्रेस की जनसभा में शामिल होने पर सहमति दी है। इस महीने राहुल गांधी का यह दूसरा तमिलनाडु दौरा होगा। इससे पहले वह 14 जनवरी को पोंगल के मौके पर जल्लीकट्टू कार्यक्रम में शामिल होने मदुरै पहुंचे थे। कांग्रेस नेता चुनाव प्रचार का आगाज पश्चिमी तमिलनाडु से करेंगे जो मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी का गृह क्षेत्र है।

# बंगाल के गद्दारों को गोली मारो इइ को नारे से तृणमूल ने खुद को अलग किया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के एक रैली में बंगाल के गद्दारों को गोली मारो इइ को का नारा लगाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी ने बुधवार को खुद को इससे अलग कर लिया और यह नारा लगाने वाले कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई। तृर्णमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी इसका समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा कि कुछ युवकों ने जोश में आकर ऐसी नारेबाजी कर दी थी।

रैली में ऐसा नारा नहीं लगना चाहिए था। ऐसी नारेबाजी करने वालों ने ठीक नहीं किया। गोली मारो शब्दों को शब्दशः नहीं लेना चाहिए। तृणमूल के कई समर्थकों ने मंगलवार को दक्षिण कोलकाता में एक शांति रैली के दौरान विवादास्पद नारेबाजी की थी, जिसमें राज्य के दो मंत्री शामिल हुए थे। भाजपा के एक नेता ने जनवरी 2020 में दिल्ली में देश के गद्दारों को गोली मारो इइ को नारा लगाया था, जिसकी तृणमूल सहित कई विपक्षी पार्टियों ने निंदा की थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने तृणमूल पर इसको लेकर निशाना साधते हुए कहा कि तब पार्टी आग बबूला हो रही थी और अब खुद ही ऐसा नारा लगा रही है। घोष ने कहा, तृणमूल ही राज्य की राजनीति में बंदूकों और बम की संस्कृति लाई। अब, वे खुलेआम रैलियों में इसे स्वीकार भी कर रहे हैं।

## तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरिंदम भट्टाचार्य ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरिंदम भट्टाचार्य ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा महासचिवों कैलाश विजयवर्गीय, भूपेन्द्र यादव, अरूण सिंह और डी पुरंदेश्वरी तथा पार्टी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि भट्टाचार्य बंगाल के ओजस्वी वक्ता और तेजस्वी नेता हैं जो तृणमूल कांग्रेस की अराजकता से तंग आकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे बहुत प्रसन्नता है कि एक युवा नेता जो बंगाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दखल रखते हैं, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए आज भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। भट्टाचार्य युवक कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा का पहला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था। इसके बाद वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने 22 जनवरी को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक, अध्यक्ष के चुनाव पर चर्चा की संभावना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 22 जनवरी को अपनी शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाने का फैसला किया है जिसमें पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर चर्चा हो सकती है। सीडब्ल्यूसी की यह डिजिटल बैठक शुक्रवार को सुबह होगी। इस बैठक में नए अध्यक्ष के चुनाव के साथ किसान आंदोलन और कुछ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि इस बैठक में अध्यक्ष के चुनाव को हरी झंडी दी जा सकती है और चुनाव तिथि का ऐलान भी हो सकता है। गौरतनब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई थी। बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों के उप चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का सक्रिय अध्यक्ष बनाए जाने की मांग से फिर उठाई। वैसे, कांग्रेस नेताओ का एक बड़ा धड़ा लंबे समय से इस बात की पैरवी कर रहा है कि राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस की कमान संभालनी चाहिए।

### लोकायुक्त पुलिस ने मप्र में तहसीलदार को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**पन्ना (मप्र)।** मप्र लोकायुक्त पुलिस के दस्ते ने बुधवार को पन्ना जिले के एक तहसीलदार को कथित तौर पर जमीन का मालिकाना हक बदलने और मकान बनाने की अनुमति देने के एवज में एक व्यक्ति से एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लोकायुक्त के पुलिस उपाधीक्षक राजेश खेड़े ने बताया कि पन्ना जिले के अजयगढ़ के तहसीलदार उमेश तिवारी को जमीन का मालिकाना हक बदलने और भवन निर्माण की अनुमति देने के एवज में शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। शिकायत मिलने के बाद योजना बनाकर तिवारी को शासकीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर रिश्वत लेते पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आठ मॉडल मुक्त कराई, तीन गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के एक होटल में हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने वहां से आठ मॉडलो को मुक्त कराया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अपराध शाखा इकाई ने होटल मे मंगलवार को छापेमारी की। यह होटल पश्चिमी उपनगर में जुहू बीच के निकट है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आठ मॉडलो को वहां से मुक्त कराया जिन्हे वेश्वावृत्ति के लिए मजबूर किया जा रहा था। पुलिस ने मॉडलो को इस काले धंधे मे धकेलने के लिए मजबूर करने के आरोप मे तीन लोगो को गिरफ्तार किया।

### बिहार में अदालत में मुंशी की गोली मारकर हत्या


**पटना।** पटना जिले के नौबतपुर थाने के नगवा मोड़ के पास अपराधियो ने दानापुर के अदालत मे जा रहे एक मुंशी की बुधवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक मनीष कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की और कहा कि इस बात की आशंका है कि जमीनी विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। सिन्हा ने बताया कि मृतक के परिजनो ने तीन ज्ञात और चार-पांच अज्ञात लोगो के बारे मे बताया है। इस मामले मे कुछ लोगो को हिरासत मे भी लिया गया है। तहकीकात कर पुलिस द्वारा जल्द ही अपराधियो को गिरफतार कर लिया जाएगा। मृतक मुंशी की पहचान नौबतपुर के नारायणपुर निवासी बालेश्वर पाठक के रूप मे हुई है। अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।

### कांग्रेस कर्नाटक इकाई के लिए दो व कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी कर्नाटक प्रदेश इकाई के लिए बुधवार को दो और कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने रमालिंगा रेड्डी और ध्रुव नारायण को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। ईश्वर खांडरे और सलीम अहमद पहले से ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका मे है। डीके शिवकुमार कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष है।

### सीमा शुल्क अधिकारियों के खिलाफ केंद्र को लिखा पत्र

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय एजेसी के खिलाफ एक और शिकायत मे केरल के मुख्य सचिव विश्वास मेहता ने सीमा शुल्क विभाग पर हाल मे राज्य सरकार के अधिकारी का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। मेहता ने इस संबंध मे नौ जनवरी को पत्र भेजा था।



आगरा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ताज महल की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई

# गुजरात सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया : मुख्यमंत्री

**भाषा।** गांधीनगर

**गुजरात** के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा है कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया है। रूपाणी ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम कमलम करने के पेटेंट के लिए आवेदन किया है। कच्छ, नवसारी और सौराष्ट्र के विभिन्न भागों में इसकी पैदावार होती है।

उन्होंने कहा, ड्रैगन फ्रूट नाम ठीक नहीं है और इसके नाम के कारण लगता है कि यह चीन का फल है। इसलिए हमने इसका नाम कमलम करने का फैसला किया है। फल का नाम कमलम क्यों रखा गया है, यह पूछे जाने पर रूपाणी ने कहा, किसानों का कहना है कि यह कमल के फूल की तरह दिखता है और इसी वजह से हमने इसे कमलम नाम देने का फैसला किया है।

उल्लेखनीय है कि कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है और पार्टी की गुजरात इकाई के मुख्यालय का नाम श्री कमलम है। रूपाणी ने कहा कि फल का नाम बदलने के पीछे कोई राजनीतिक सोच नहीं है।

नाम बदलने की जरूरत के बारे में पूछे गए सवाल पर रूपाणी ने कहा कि राज्य के बंजर क्षेत्रों में इस फल की पैदावार होती है और यह फल शरीर में खून बढ़ाने में सहायक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बाजार में उपलब्ध यह सबसे महंगा फल है। कैक्टस प्रजाति के पौधों में यह फल उगता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए लोग इसे खाते हैं।

# केरल में विपक्षी केआईआईएफबी के रकम जुटाने के खिलाफ कैग रिपोर्ट का समर्थन किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में विपक्षी यूडीएफ ने बुधवार को विधानसभा में कैग की उस रिपोर्ट का समर्थन किया है जिसमें मसाला बॉन्ड के जरिए सरकार संचालित केआईआईएफबी द्वारा रकम जुटाने की आलोचना की गई है। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि राज्य के वित्त मंत्री टी एम थॉमस इसाक ने इस मुद्दे पर सदन को गुमराह किया। हालांकि सत्तारूढ़ एलडीएफ के सदस्यों ने वित्त मंत्री और केरल आधारभूत संरचना निवेश कोष बोर्ड (केआईआईएफबी) का बचाव करते हुए कहा कि कैग की रिपोर्ट राज्य में वाम सरकार के खिलाफ एक षड्यंत्र है। विपक्ष द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर दो घंटे की चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई। कांग्रेस के वीडी सतीशन ने सोमवार को सदन में पेश कैग रिपोर्ट पर स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था तब विधानसभा अध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन ने इसाक के अनुरोध पर चर्चा की अनुमति प्रदान की थी। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि केआईआईएफबी ने संविधान के अनुच्छेद 293 का उल्लंघन किया। सतीशन ने कहा, अनुच्छेद 293 के तहत केआईआईएफबी विदेश से रकम नहीं जुटा सकता है। बोर्ड ने संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेश से रकम हासिल की। हालांकि माकपा के जेम्स मैथ्यू ने कहा कि अगर केआईआईएफबी का इस तरीके से धन जुटाना असंवैधानिक था तो केंद्र सरकार, राज्य सरकार के खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं कर रही है।

# कोर्ट पांच फरवरी को याचिकाओं की सुनवाई की तारीख पर फैसला करेगा


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह शिक्षा और नौकरियों में मराठा आरक्षण प्रदान करने के महाराष्ट्र के 2018 के कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई की तारीख पर पांच फरवरी को फैसला करेगा। राज्य सरकार ने अनुरोध किया था कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष सुनवाई की व्यवस्था बहाल होने पर इस तरह के मामले को सुना जाए जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला किया।

उच्चतम न्यायालय कोविड महामारी के कारण मार्च से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ को महाराष्ट्र की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि राज्य ने सुनवाई स्थगित करने और मार्च में इस पर सुनवाई का अनुरोध किया है। रोहतगी ने पीठ से कहा, आज के समय में प्रत्यक्ष सुनवाई खतरनाक है।

पीठ में न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट भी शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई के दौरान रोहतगी ने कहा कि राज्य के विरूद्ध अंतरिम आदेश लागू है और उपयुक्त होगा कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष तरीके से सुनवाई बहाल होने पर इस तरह के मामलों की सुनवाई की जाए। देश में कोविड–19 का टीकाकरण शुरू हो गया है और 60 साल या ज्यादा उम्र के न्यायाधीशों और वकीलों के टीकाकरण में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है। इसलिए, सुनवाई मार्च में की जाए। पीठ ने कहा, हम दो हफ्ते बाद फैसला करेंगे कि क्या किया जा सकता है। साथ ही कहा, दो हफ्ते बाद हम निर्देशों के लिए तारीख तय करेंगे। तब हम सुनवाई की तारीख का भी फैसला करेंगे। पीठ ने मामले को पांच फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि वह सुनवाई की तारीखों पर फैसला करेगी।

## तांडव के खिलाफ शिकायत पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगीः देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस को विवादास्पद वेब श्रृंखला तांडव के बारे में एक शिकायत मिली है। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बुधवार को यह जानकारी दी। देशमुख ने यहां पत्रकारों से बातचीत में मांग की कि केन्द्र सरकार को ओवर द टॉप (ओटीटी) मंचों पर सामग्री को विनियमित करने के लिए एक कानून लाना चाहिए। अमेजन प्राइम वीडियो की श्रृंखला तांडव पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप लगाए गए है और इसके खिलाफ कुछ राज्यों में कई प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसके निर्माताओं ने मंगलवार को विवादास्पद वेब श्रृंखला में बदलावों को लागू करने पर सहमति जताई थी। देशमुख ने कहा, हमें शिकायत मिली है। हम प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करेंगे और औपचारिक रूप से कार्वाई करेंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि शिकायत किसने दर्ज कराई है। देशमुख ने कहा कि केन्द्र को ओटीटी मंचों पर सामग्री को विनियमित करने के लिए एक कानून लाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां उपलब्ध किसी सामग्री के कारण जाति आधारित भेदभाव या सांप्रदायिक विभाजन नहीं हो सके। महाराष्ट्र पुलिस के जवान जांच के लिए राज्यों के बाहर भी जाएंगे। उन्होंने कहा, उन्होंने (उप्र पुलिस) हमें सूचित किया था कि वहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और वे यहां जांच के लिए आएंगे। उप्र में तांडव के निर्माताओं और कलाकारों के खिलाफ लखनऊ ग्रेटर नोएडा और शाहजहांपुर में तीन प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।



कराद में नगर पालिका कर्मियों ने खराब सामानों से बनाई प्रकल्पित मछली।

# सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के आधार फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2018 में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आधार योजना को लेकर दिए अपने फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में आधार योजना को संतुलित बताते हुए इसकी संवैधानिक वैधता बरकरार रखी थी लेकिन न्यायालय ने बैंक खातों, मोबाइल कनेक्शन और स्कूल में बच्चों के प्रवेश आदि के लिए इसकी अनिवार्यता संबंधी प्रावधान निरस्त कर दिए थे।

न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पांच सदर्स्ईय एक संविधान पीठ ने 26 सितम्बर, 2018 के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाओं को 4:। के बहुमत के साथ खारिज कर दिया। पीठ के पांच न्यायाधीशों में से एक न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने बहुमत वाले इस फैसले से असहमति जताई और कहा कि समीक्षा याचिकाओं को तब तक लंबित रखा जाना चाहिए जब तक कि एक वृहद पीठ विधेयक को एक धन विधेयक के रूप प्रमाणित करने पर फैसला नहीं कर लेती। आधार विधेयक को धन विधेयक के रूप में प्रमाणित किया गया था जिससे सरकार राज्यसभा में बहुमत की स्वीकृति प्राप्त किए बिना इस पारित कराने में समक्ष हो गई थी। गत 11 जनवरी के बहुमत वाले आदेश में कहा गया है, वर्तमान समीक्षा याचिकाओं को 26 सितम्बर, 2018 के अंतिम फैसले और आदेश के खिलाफ दाखिल किया गया था। हमने समीक्षा याचिकाओं का अवलोकन किया है। हमारी राय में 26 सितम्बर, 2018 की तिथि में दिए गए फैसले और आदेश की समीक्षा का कोई मतलब नहीं है।

पीठ में न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति ए अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति बी आर गवई शामिल थे। वर्ष 2018 में अपने फैसले में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने कहा था कि आय कर रिटर्न दाखिल करने और स्थाई खाता संख्या (पैन) के आवंटन के लिए आधार की अनिवार्यता बरकरार रहेगी लेकिन बैंक खातों से आधार संख्या को जोड़ना अनिवार्य नहीं होगा। न्यायालय ने कहा था कि मोबाइल कनेक्शन के लिए आधार संख्या को टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ जोड़ना अनिवार्य नहीं है। पीठ ने 4:। के बहुमत के फैसले में आधार अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों को भी खारिज कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि कहा था कि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सब्सिडी की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आधार की आवश्यकता होगी।

न्यायालय ने कहा था कि बैंक खातों को खोलने, मोबाइल सेवाएं लेने के लिए आधार की आवश्यकता नहीं होगी। न्यायालय ने कहा था कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) और विश्विवद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं तथा स्कूलों में प्रवेश के लिए भी आधार अनिवार्य नहीं होगा। न्यायालय ने आधार अधिनियम 2016 की धारा 57 को रद्द कर दिया था जो टेलीकॉम कंपनियों या कॉरपोरेट कंपनियों जैसी निजी संस्थाओं को आधार का बायोमीट्रिक आंकड़ा इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। वर्ष 2018 में यह फैसला सुनाने वाली पांच न्यायाधीशों वाली पीठ में शामिल रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने बहुमत से इतर अपने फैसले में कहा था कि आधार विधेयक को धन विधेयक के रूप में पारित नहीं होना चाहिए था क्योंकि यह संविधान के साथ धोखे के समान है और निरस्त किए जाने के लायक है।

# लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती ने सेना के आधुनिकीकरण पर जोर दिया

**भाषा।** भुवनेश्वर



**भारतीय** सेना में अगले उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल चंडी प्रसाद मोहंती ने बुधवार को कहा कि बल का आधुनिकीकरण करने तथा चीन एवं पाकिस्तान की ओर से उत्पन्न होने वाले खतरों से एक साथ निबटने की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती वर्तमान में दक्षिणी कमान के प्रमुख हैं और वह लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार संभालेंगे। यहां सैनिक स्कूल में कार्यक्रम में शामिल होने आए मोहंती ने कहा, वर्तमान में भारत की सेना के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान से एक ही वक्त निबटना। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेजी करनी होगी, आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा तथा दोनों ही मोर्चों पर एक साथ नजर बनाए रखनी होगी। अत: हमें क्षमता निर्माण, बुनियादी संरचना विकास, बेहतर शस्त्र प्रणाली खरीदने और बेहतर संचार की जरूरत होगी। मोहंती ने कहा कि दुनियाभर में युद्धक्षेत्र तेजी से बदल रहे हैं और आधुनिकीकरण सतत रूप से आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना या भारतीय वायु सेना में संख्या के मामले में विस्तार पर जोर नहीं दे रहे, बल्कि बुनियादी संरचना विकास और आधुनिकीकरण में विस्तार पर जोर दे रहे हैं। भारतीय सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती की प्रमुख जिम्मेदारी बल के आधुनिकीकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ाने की होगी। उन्होंने कहा कि चीन बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण कर रहा है और बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण में पाकिस्तान की भी मदद कर रहा है। हम भी आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार बड़े स्तर पर कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें हमारे प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से बहुत समर्थन मिल रहा है। देश में रक्षा उत्पादन पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मोहंती ने कहा, आपको जानकर खुशी होगी कि हम पूरी तरह आत्म निर्भर भारत की ओर देख रहे हैं।

आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत कई स्थानीय उद्योग आ रहे हैं। भारतीय सेना भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है। हम स्वदेश निर्मित शस्त्रों का उपयोग करने पर गौरवान्वित होंगे। भारतीय उद्योग अच्छा काम कर रहे हैं और भविष्य में हथियारों का निर्यात भी करेंगे। उन्होंने ओडिशा के युवकों से सेना में शामिल होने और राज्य को गौरवान्वित कराने को कहा। मोहंती ने कहा कि सेना में ओडिया महिलाओं को भी शामिल होना चाहिए।

# एनसीबी ने मादक पदार्थ मामले में दाऊद इब्राहिम के सहयोगी को किया गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के एक साथी गैंगस्टर परवेज खान उर्फ चिंकू पठान को मादक पदार्थ तस्करी मामले में पड़ोसी नवी मुंबई से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उसके पास से कुछ मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। खान उस माफिया डॉन करीम लाला का रिश्तेदार है जो साठ से अस्सी की शुरूआत तक दो दशक से भी अधिक समय तक सक्रिय रहा था। उन्होंने बताया कि एक गोपनीय सूचना पर एनसीबी के कर्मियों ने परवेज खान को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले खान के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुछ मामले लंबित है।

# नाक के जरिए दिया जाने वाला कोविड-19 टीका बच्चों के लिए आसान होगा: एम्स निदेशक

**भाषा।** नई दिल्ली



**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने बुधवार को कहा कि नाक के जरिए दिए जाने वाले कोविड-19 टीके स्कूली बच्चों को देना आसान होगा जिनमें कोरोना वायरस संक्रमण बहुत हल्का होता है।

प्रख्यात पल्मोनोलॉजिस्ट गुलेरिया ने यहां राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 16वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान उनके कर्मियों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं, उन्हें भी ठीक होने के लगभग चार से छह हफ्ते बाद टीके लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह (कोरोना वायरस संक्रमण) बच्चों में बहुत हल्का होता है लेकिन वह संक्रामक होता है। उनसे बीमारी फैल सकती है। उन्होंने कहा, जो टीके आए हैं उन्हें बच्चों के लिए मंजूर नहीं की गई हैं क्योंकि बच्चों पर इसका कोई अध्ययन नहीं किया गया है लेकिन यह (टीकाकरण) एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है और परीक्षण पूरा किया जा रहा है।

दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक ने कहा कि जब बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाना शुरू कर देंगे और वे कोविड-19 से संक्रमित हो जाते हैं, तो उन्हें ज्यादा समस्या नहीं होगी, लेकिन अगर उनके साथ यह बीमारी घर पर आ जाती हैं, तो उनसे यह बीमारी उनके माता-पिता या दादा-दादी को फैल सकती है। उन्होंने कहा, बच्चों के लिए टीके बाद में आ सकते हैं... भारत बायोटेक नाक वाले टीके की मंजूरी लेने की कोशिश का रहा है। इस तरह का टीका बच्चों को देना बहुत आसान होगा क्योंकि यह एक स्प्रे है और सुई नहीं है और इसलिए यह अधिक आसान होगा। गुलेरिया ने एक सवाल के जवाब में कहा, आधे घंटे में आप एक पूरी कक्षा का टीकाकरण कर सकते हैं। इसलिए, अगर (नाक का टीका) स्वीकृत हो जाता है तो टीका लगाना और भी आसान हो जाएगा।

एनडीआरएफ कर्मियों द्वारा उनसे यह भी पूछा गया कि क्या जो व्यक्ति कोविड-19 से उबर चुका है, उसे भी टीका लगाया जाना चाहिए, तो इसपर गुलेरिया ने कहा कि हां उनके लिए भी टीके जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह टीका ऐसे व्यक्ति के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि यह क्षमता वर्धक के रूप में कार्य करेगा और यदि उनमें एंटी-बॉडी कम हो रही है, तो यह टीका उनमें उच्च स्तर का एंटी-बॉडी विकसित करेगा।

# धार्मिक आधार पर विभाजित नंदीग्राम में ममता-शुभेंदु का आमना-सामना



**भाषा।** नंदीग्राम (प.बंगाल)

**रक्तरंजित** नंदीग्राम के संघर्ष ने ममता बनर्जी को एक जुझारू जन नेता की पहचान दी और अब इसी जमीन पर उन्हें कभी उन्हीं के सिपहसालार रहे शुभेंदु अधिकारी से मिल रही है कड़ी चुनौती। आम तौर पर ग्रामीण और शहरी पश्चिम बंगाल की विशेषताओं को अपने में समेटे सामान्य कृषि क्षेत्र नजर आने वाले इस इलाके को भू-अधिग्रहण विरोधी संघर्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों ने ला दिया था।

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं एक बार फिर यहां संघर्ष का खतरा मंडराने लगा है जिससे नंदीग्राम की शांति भंग होने का अंदेशा है। औद्योगीकरण के लिए सरकारी भूमि अधिग्रहण के खिलाफ कभी काफी हद तक एक जुट होकर सबसे खूनी संघर्ष का गवाह बना नंदीग्राम आज सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकृत नजर आता है। प्रदेश में तत्कालीन वामपंथी सरकार द्वारा यहां विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ 2007 में हर तरफ सुनाई देने वाले नारे तोमर नाम, अमार नाम नंदीग्राम, नंदीग्राम (तुम्हारा नाम, मेरा नाम नंदीग्राम, नंदीग्राम) से यह इलाका अब काफी आगे निकल आया है। आज नंदीग्राम की दीवारों पर धुंधले दिखाई देते तोमार नाम अमार नाम, नंदीग्राम, नंदीग्राम की जगह जय श्री राम का नारा प्रमुखता से दिखता है। इस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की सबसे बड़ी वजह क्षेत्र के कद्दावर नेता और तृणमूल कांग्रेस में अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके शुभेंदु अधिकारी का भाजपा में शामिल होना और फिर ममता बनर्जी का यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा करना है।

# मंत्रिमंडल ने रातले पनबिजली परियोजना के लिए 5,281.94 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के किश्तवार जिले में चेनाब नदी पर 850 मेगावाट की रातले पनबिजली परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार के एक बयान के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) और जम्मू कश्मीर स्टेट पावर डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेकेएसपीडीसी) के बीच एक नई संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) बनाया जाएगा, जिनकी क्रमश: 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत की अंशधारिता होगी।

इसमें कहा गया है कि भारत सरकार इस नए संयुक्त उद्यम में जेकेएसपीडीसी की अंशधारिता के योगदान के वास्ते केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर को 776.44 करोड़ रूपए के अनुदान के जरिए सहयोग कर रही है। एनएचपीसी अपने आंतरिक संसाधनों के जरिए 808.14 करोड़ रूपए की इक्विटी निवेश करेगी। बयान के अनुसार, रातले पनबिजली परियोजना 60 महीने में सेवा प्रदान करना शुरू कर देगी।

# सीबीआई ने घूसखोरी के मामले में अपने डीएसपी, निरीक्षक को किया गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 4300 करोड़ रुपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की आरोपी कंपनियों की मदद के लिए कथित तौर पर एजेंसी के अंदर ही घूसखोरी रैकेट के आरोप में अपने एक पुलिस उपाधीक्षक आर के ऋषि और निरीक्षक कपिल धनखड़ के साथ एक वकील को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को एक विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें पांच दिन के लिए एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ऋषि के मकान और रूड़की में उनकी पत्नी के मकान पर भी छापेमारी की है।

सीबीआई ने ऋषि, धनखड़ और अधिवक्ता मनोहर मलिक के साथ पुलिस उपाधीक्षक आर के सांगवान और एक अन्य वकील अरविंद कुमार गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इन लोगों पर कथित रूप से आर्थिक फायदे के लिए कुछ मामलों में जांच की सत्यनिष्ठा से समझौता करने का मामला दर्ज किया गया था। घूसखोरी के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में श्री श्याम पल्प और बोर्ड मिल्स की अतिरिक्त निदेशक मनदीप कौर ढिल्लों और फ्रॉस्ट इंटरनेशनल के निदेशक सुजय देसाई व उदय देसाई का भी नाम है। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक धनखड़ प्रतिनियुक्ति पर जांच एजेंसी में निरीक्षक के तौर पर आया था। आरोप है कि धनखड़ ने ऋषि और सांगवान के साथ साठगांठ में काम किया और 700 करोड़ रूपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी में जांच का सामना कर रही श्री श्याम पल्प और 3600 करोड़ रुपए की कर्ज धोखाधड़ी में जांच का सामना कर रही फ्रॉस्ट इंटरनेशनल को मामले से संबंधित अहम जानकारियां देने के बदले नियमित तौर पर रकम प्राप्त कीं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एक अधिकारी ने कहा, भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई की कतई बर्दाश्त न करने की नीति रही है फिर चाहे वह अन्य विभागों में हो या एजेंसी के अंदर। यह मामला सख्त निगरानी और हमारे अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण में शामिल होने का संकेत देने वाली किसी भी जानकारी पर कार्रवाई को दर्शाता है।

# उप्र सरकार हरित क्षेत्र के अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखे : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह हरित क्षेत्रों के अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखे और यह सुनिश्चित करे कि बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के भू-उपयोग में बदलाव न किया जाए। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राज्य में संबंधित विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान का पालन करें और इस संबंध में समय-समय पर रिपोर्ट दाखिल करते रहें। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एसवीएस राठौर की अध्यक्षता वाली पर्यवेक्षण समिति को 30 जून 2021 तक की कार्वाई रिपोर्ट उपलब्ध करा सकते हैं जो अपने सुझाव प्राधिकरणों को दे सकते हैं या जरूरत समझने पर अधिकरण को भी रिपोर्ट भेज सकते हैं।

# पेज 1 का शेष

## डेढ़ साल...

का प्रस्ताव दिया है। हमने प्रस्ताव को खारिज कर दिया लेकिन चूंकि यह सरकार की ओर से आया है लिहाजा हम कल बैठक करेंगे और इस पर चर्चा करेंगे।' एक अन्य किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार 'बैकफुट' पर आ गई है। 'पहले 32 संगठन चर्चा करेंगे उसके बाद मामले को पूरे भारत के संगठनों के समक्ष पेश किया जाएगा।' बहरहाल तोमर ने कहा कि सरकार गुरुपर्व के पवित्र मौके पर होने वाली आज की बातचीत में अंतिम फैसले पर पहुंचना चाहती थी। लिहाजा इस मौके पर अभिवादन के साथ शुरुआत हुई। यह पूछने पर कि प्रस्तावित कमेटी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी के साथ काम करेगी। तोमर ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के प्रति प्रतिबद्ध है और रहेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी अपना काम कर रही लेकिन सरकार की किसानों के तथा प्रदर्शन से उभरे हालात के प्रति सीधी जवाबदेही है। लिहाजा हम अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ इस बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं।' इस सवाल पर कि क्या यह किसानों या सरकार की जीत होगी, उन्होंने कहा ' जिस दिन किसान आंदोलन खत्म होगा और वे अपने घरों को लौटेंगे, वह भारतीय लोकतंत्र की जीत होगी।' पहली बार सरकार ने कृषि कानूनों को डेढ़ से दो साल तक निलंबित रखने का प्रस्ताव दिया है। केंद्रीय मंत्रियों ने इससे पहले किसानों से अनुरोध किया था कि कानूनों पर कुछ सालों तक अमल किया जाए और उसके बाद फैसला किया जाए। सूत्रों ने कहा कि मंत्री ने यह भी प्रस्ताव दिया सरकार इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट हलफनामा देने को तैयार है। कानून तब तक निलंबित रहेगा जब तक कि कमेटी अपनी रिपोर्ट नहीं दे देती और किसानों से अनुरोध किया कि वे तब तक अपने आंदोलन को टाल दें। बैठक के दौरान किसान नेताओं ने कुछ किसानों को एनआईए की ओर से जारी नोटिस का मामला भी उठाया और आरोप लगाया कि किसानों को आंदोलन का समर्थन करने के लिए प्रताड़ित करने के मकसद से ऐसा किया जा रहा है। सरकार के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे।ह्य

## समिति के...

(सीजेआई) एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजस्थान के किसान संगठन किसान महापंचायत की एक अलग याचिका पर नोटिस जारी किया और अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल का जवाब मांगा। याचिका के जरिए शीर्ष न्यायालय द्वारा नियुक्त चार सदस्यीय समिति के शेष तीन सदस्यों को हटाने और समिति से खुद को अलग कर लेने वाले भूपिंदर सिंह मान की जगह किसी अन्य को नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। मान, भारतीय किसान यूनियन (मान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। पीठ ने समिति के सदस्यों के बारे में एक वकील की दलील पर कहा, 'आप बेवहज आक्षेप लगा रहे हैं। क्या अन्य संदर्भ में विचार प्रकट करने वाले लोगों को समिति से बाहर कर दिया जाए?' दरअसल, वकील ने यह दलील दी कि समिति के सदस्यों के बारे में राय नये कृषि कानून के समर्थन में उनके (सदस्यों के) विचारों के बारे में मीडिया में खबरों के आधार पर बनी है। पीठ ने कहा, 'हर किसी के अपने विचार हैं। यहां तक कि न्यायाधीशों के भी अपने-अपने विचार हैं। यह एक संस्कृति बन गई है। जिसे आप नहीं चाहते, उनका गलत चित्रण करना नियम बन गया है। हमने समिति को फैसला सुनाने का कोई अधिकार नहीं दिया है।' पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम भी शामिल हैं। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से से हुई सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि समिति में सदस्यों की नियुक्ति नये कानूनों से प्रभावित हुए पक्षों की शिकायतों पर गौर करने के लिए की गई है तथा 'हम कोई विशेषज्ञ नहीं हैं।'नाराज नजर आ रहे सीजेआई ने टिप्पणी की, 'इसमें (समिति के सदस्यों के) पक्षपाती होने का प्रश्न ही कहां हैं? हमने समिति को फैसला सुनाने का अधिकार नहीं दिया है। आप पेश नहीं होना चाहते, इस बात को समझा जा सकता है, लेकिन किसी ने अपनी राय व्यक्त की थी केवल इसलिए उस पर आक्षेप लगाना उचित नहीं। आपको किसी का इस तरह से गलत चित्रण नहीं करना चाहिए।' गौरतलब है कि यह विवाद उस वक्त पैदा हुआ, जब न्यायालय ने चार सदस्यीय एक समिति गठित की। हालांकि, इसके कुछ सदस्यों ने पूर्व में विवादास्पद नये कृषि कानूनों का समर्थन किया था, जिसके बाद एक सदस्य (मान) ने इससे (समिति से) खुद को अलग कर लिया था। एक किसान संगठन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अयज चौधरी ने समिति के सदस्यों के विचारों के बारे में खबरों का हवाला दिया। इस पर पीठ ने कहा, 'क्या आपको लगता है कि हम अखबारों के मुताबिक चलें। जन विचार कोई आधार नहीं है। आप इस तरह से किसी की छवि को धूमिल कैसे कर सकते हैं? प्रेस में जिस तरह के विचार प्रकट किये जा रहे हैं उन्हें लेकर मुझे बहुत दुख है।' सीजेआई ने कहा कि न्यायालय को समिति के सदस्यों के बारे में कही जा रही बातों पर गंभीर आपत्ति है। 'वे नाम लेते हैं और फिर कहते हैं कि न्यायालय को इसमें रूचि थी।' कुछ किसान संगठनों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उनके मुवक्किलों ने एक रुख अख्तियार किया कि वे समिति की बैठकों में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि वे चाहते हैं कि कृषि कानून रद्द किये जाएं । दरअसल, उनका यह दृढ़ता से मानना है कि ये कानून उनके हितों के खिलाफ हैं। पीठ ने भूषण को किसानों को सलाह देने को कहा और टिप्पणी की कि मान लीजिए, हम कानून को कायम रख देते हैं तब भी आप प्रदर्शन करेंगे। आप उन्हें उचित सलाह दीजिए। एकमात्र शर्त यह है कि दिल्ली में लोगों की शांति सुनिश्चित करें।' पीठ ने इस बात पर और याचिका पर कड़ा संज्ञान लिया कि समिति के सभी सदस्यों को बदल दिया जाए। पीठ ने किसान संगठन के एक वकील से कहा, 'आप कहते हैं कि सभी सदस्यों को हटा दिया जाए। ये चार लोग, जिन्होंने विचार प्रकट किये हैं वे आलोचकों से कहीं अधिक अनुभवी हैं। वे विशेषज्ञ हैं...।

## शीर्ष अदालत...

निपटना है। आपके पास आदेश जारी करने के अधिकार हैं, आप यह करिए। मामले में आदेश पारित करना अदालत का काम नहीं है।' शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस के माध्यम से दायर केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में अदालत से किसानों की 26 जनवरी को प्रस्तावित ट्रैक्टर या ट्रॉली रैली या ऐसे किसी भी विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया था जिससे गणतंत्र दिवस समारोह में जिससे किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न हो। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि ये ऐसे मामले हैं जो पूरी तरह कार्यपालिका से जुड़े हैं।' शीर्ष अदालत की टिप्पणी के बाद केंद्र ने अपनी याचिका वापस ले ली।

## नए स्ट्रेन...

के एक विशिष्ट वायरस से संबंधित एंटीजन को पहचानने में सक्षम होने पर निर्भर करती है। हालांकि, मौसमी फ्लू जैसे कुछ मौसमी वायरस के मामले में एंटीजन बदल सकते हैं और एंटीजेनिक बहाव नामक एक प्रक्रिया से विकसित हो सकते हैं। इस कारण प्रतिरक्षा प्रणाली इससे लड़ने में कारगर नहीं हो सकती। हालिया शोध में वैज्ञानिकों ने चार मौसमी मानव कोरोना वायरस (एचसीओवी) का अध्ययन किया जो एसएआरएस-सीओवी-2 से संबंधित हैं, लेकिन आम तौर पर यह सामान्य सर्दी जैसे हल्के लक्षण का कारण बनते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि एचसीओवी मानव आबादी में 20-60 वर्षों से घूम रहे हैं। इसका मतलब है कि उनके एंटीजन को मानव प्रतिरक्षा प्रणाली के खिलाफ काम करने में मुष्किल का सामना करना पड़ सकता है। शोधकर्ताओं ने एचसीओवी के कई अलग-अलग स्ट्रेन के आनुवांशिक विकास की तुलना करने के लिए कम्प्यूटेशनल विधि का उपयोग किया और यह देखा कि कैसे साल दर साल ये वायरस विकसित हुए हैं।

## अमेरिका में...

बाइबिल पर हाथ रखकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसी बाइबिल पर हाथ रखकर उन्होंने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। बाइडन के शपथ लेने से पहले भारतीय मूल की कमला हैरिस ने ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। हैरिस अमेरिका की 49वीं उपराष्ट्रपति हैं। भारत के चेन्नई निवासी प्रवासी भारतीय की बेटी हैरिस (56) ने अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत एवं पहली एशियाई अमेरिकी भी हैं। उनके पति 56 वर्षीय डगलस एमहोफ इसके साथ ही अमेरिका के पहले सेकेंड जेंटलमैन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति के पहले पुरुष जीवनसाथी बन गए हैं। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनिया सोटोमेयर ने हैरिस को शपथ दिलाई। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति-बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन भी शामिल हुए। पूर्व प्रथम महिला-मिशेल ओबामा, लौरा बुश और हिलेरी क्लिंटन भी मौजूद थीं।

## सर्वदलीय बैठक...

के दौरान राज्यसभा की कार्यवाही सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक होगी जबकि लोकसभा की कार्यवाही शाम चार से रात आठ बजे तक होगी। सत्र पहले चरण में 29 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक और दूसरे चरण में 8 मार्च 2021 से 8 अप्रैल 2021 तक चलेगा।

## आशा के...

को राजीव गांधी अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है, जबकि तीन को छुट्टी दे दी गई है। कर्नाटक में एक को घर भेज दिया गया है जबकि एक को अस्पताल में रखा गया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव के चलते एक व्यक्ति को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के बाद से अब तक गंभीर या अति गंभीर प्रतिकूल घटना का कोई मामला सामने नहीं आया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि टीकाकरण के बाद हुई मौतों के मामले में यह साबित नहीं हुआ कि इन मौतों का कोई संबंध वैक्सीन से है। मुरादाबाद में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम से पता चला है कि यह मौत कार्डियो-पल्मोनरी बीमारी के कारण हुई, जबकि बेल्लारी केस में मौत की वजह ऑटोप्सी मायोकार्डियल इंफ्रंरक्षन रही। शिवमोगा केस भी मायोकार्डिअल इन्फेक्शन का मामला ही प्रतीत हो रहा है। तेलंगाना मामले की जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं है। वैक्सीनेषन की धीमी गति का कारण टीका लगवाने में झिझक और तकनीकी गड़बड़ी आदि भी रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मंगलवार को भेजे गए पत्र में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि सरकार ने ऐप को अपडेट कर दिया है और इसमें कई फीचर जोड़े हैं। अब ऐप में ऐसी सुविधा जोड़ी गई है जिससे ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी काम कर सकेंगे और टीकाकरण तेजी से आगे बढ़ेगा।

## भारत में...

चली गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 19 जनवरी तक कुल 18,85,66,947 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। उनमें से 7,64,120 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में जिन 162 लोगों की वायरस से मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 50, केरल के 26, पश्चिम बंगाल के 11, दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के 10-10 और कर्नाटक के नौ लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक कुल 1,52,718 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 50,523, तमिलनाडु के 12,281, कर्नाटक के 12,181, दिल्ली के 10,764, पश्चिम बंगाल के 10,074, उत्तर प्रदेश के 8,584 और आंध्र प्रदेश के 7,142 लोग थे।

## तांडव से...

रहे वकीलों आबद पोंडा और अनिकेत निकम ने अदालत को बताया कि उनके मुव्वकिल को लखनऊ की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी देने के लिए कुछ वक्त चाहिए इसलिए उन्हें फिलहाल गिरफ्तरी से अंतरिम राहत दी जाए।

# शास्त्री ने खिलाड़ियों के जज्बे को सराहा

## कोच ने कहा, भारत ही नहीं पूरी दुनिया आपको सैल्यूट करेगी



भाषा। ब्रिसबेन

**भारतीय** कोच रवि शास्त्री गाबा में आस्ट्रेलिया का गुरूर तोड़ने के बाद ड्रेसिंग रूम में जब अपने घायल योद्धाओं को उनके साहस, संकल्प और जज्बे के लिए शाबासी दे रहे थे तो सभी चेहरों पर मुस्कान बिखरी थी तथा सीटियां और तालियां बज रही थी। चोटिल खिलाड़ियों के कारण परेशान रही भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में मंगलवार को 328 रन के मुश्किल लक्ष्य को हासिल करके आस्ट्रेलिया को उसके अजेय किले गाबा में 32 साल बाद पहली हार का स्वाद चखाया जिसके बाद शास्त्री ने तीन मिनट से थोड़ा अधिक समय तक ड्रेसिंग रूम में यह भाषण दिया। इस जीत से भावुक शास्त्री ने कहा कि जो साहस, संकल्प और जज्बा आपने दिखाया वह कल्पनातीत है। एक बार भी आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा, चोटों से जूझने और 36 रन पर आउट (पहले टेस्ट में) होने के बावजूद आपने खुद पर भरोसा बनाए रखा। शास्त्री जब अपनी बात कह रहे थे तब कप्तान अजिंक्य रहाणे चुपचाप उनके बगल में खड़े रहे।

उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास रातों रात नहीं आया लेकिन अब इस आत्मविश्वास के दम पर आप देख सकते हैं कि एक टीम के तौर पर आप खेल को कहां से कहां तक ले गए। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व तुम्हें सैल्यूट करेगा। शास्त्री ने कहा कि इसलिए आज तुमने जो किया उसको याद रखें। आपको इस पल का भरपूर आनंद लेना चाहिए। इसे अपने से दूर न जानें दे। इसका जितना लुत्फ उठा सकते हो उठाओ।

शीर्ष बल्लेबाज और आस्ट्रेलिया की शार्ट पिच गेंदों को अपने शरीर पर झेलने वाले चेतेश्वर पुजारा, मैच विजेता ऋषभ पंत के बेजोड़ स्ट्रोक प्ले और युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के शांतचित जवाबी हमले का शास्त्री ने विशेष जिक्र किया। शास्त्री ने कहा कि इसकी शुरुआत मेलबर्न से हुई, सिडनी में प्रदर्शन शानदार रहा। इससे हम बराबरी के साथ यहां पहुंचे तथा आज जिस तरह से जीत दर्ज की वह असाधारण थी। शुभमन ने बेजोड़ खेल दिखाया। पुजारा आपको परम योद्धा के रूप में जाना जाएगा। शास्त्री जब यह कह रहे थे तो युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खुद को सीटी बजाने से नहीं रोक सके जबकि अन्य खिलाड़ियों ने तालियां बजाई। कोच ने कहा और ऋषभ का तो जवाब नहीं। आपने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे आपने कुछ को हर क्षण दिल का दौरा दिया लेकिन आपने बेहतरीन तरीके से अपनी भूमिका निभाई। इस उत्साही माहौल के बीच जो व्यक्ति शांतचित खड़ा था वह रहाणे था और शास्त्री ने उनकी नेतृत्वक्षमता की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हम जिस स्थिति में थे वहां जिंक्स (रहाणे) ने नेतृत्व संभाला और वहां से जिस तरह से वापसी दिलाई और मैदान पर चीजों को नियंत्रण में रखा वह वास्तव में शानदार था।

शास्त्री ने टी नटराजन, वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की। नटराजन और वाशिंगटन का यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने कहा कि तथा इस मैच में मैं तीन नए खिलाड़ियों और पहली पारी में उनके प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहता हूं। नट्टू, वाशी और शार्दुल क्योंकि उसने जो अपना पहला टेस्ट (2018) खेला था उसमें वह चोटिल हो गया था। शास्त्री ने कहा कि आपने जज्बा दिखाया जिससे आस्ट्रेलिया पस्त हो गया कि हम छह विकेट पर 180 के स्कोर से वापसी करके 330 या 340 रन बना सकते हैं। भारत को अब पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी है।

### हमें पराजय का डर था: माइकल क्लार्क

**मेलबर्न।** पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार के लिए आस्ट्रेलिया के नकारात्मक रवैए की आलोचना करते हुए कहा कि मेजबान टीम को जीत के लिए आक्रामकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए था लेकिन इसके बजाय लग रहा था कि उसे हार का डर सता रहा है। क्लार्क हालांकि इस घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की हार का दोष कप्तान टिम पेन को नहीं देते। क्लार्क ने एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि हमारा रवैया कुछ अवसरों पर नकारात्मक रहा, क्योंकि हमारे अंदर पराजय का भय था। इसके बजाय हमें सख्त रवैया अपनाकर मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए थी। पेन की अगुवाई में आस्ट्रेलिया ने 23 टेस्ट मैच खेले जिनमें से उसे केवल 11 में ही जीत मिली। भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो हार से उनका रिकार्ड और खराब हो गया है। पेन को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद स्टीव स्मिथ की जगह कप्तान बनाया गया था। उनकी न सिर्फ अपनी कप्तानी बल्कि खराब विकेटकीपिंग के कारण भी आलोचना हो रही है, लेकिन क्लार्क का मानना है कि नकारात्मक मानसिकता के कारण आस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आखिर में मैच में 20 ओवर रहते हुए हारना या अंतिम गेंद पर हारना मायने नहीं रखता। हमें ट्राफी हासिल करने के लिए यह मैच जीतना चाहिए था। मुझे लगता है कि हमें मैच की पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक इस तरह का रवैया दिखाना चाहिए था। क्लार्क ने कहा कि एक समय था जबकि कप्तान के सिर पर हार का ठीकरा फोड़ा जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेलता था, जब मैं अपने पिता को देखकर बड़ा हुआ तो मैं जिन टीमों में खेलता था उनमें कप्तान जवाबदेह होता था लेकिन समय के साथ यह बदल गया। क्लार्क ने कहा, अब चयनसमिति का अध्यक्ष है, हाई परफोरमेन्स मैनेजर है, मुख्य कोच है जिनके पास अधिक जिम्मेदारियां हैं। इनमें से अब टीम का संचालन कौन कर रहा है? यह मेरे कहने का मतलब है।

### भारत ने हमें धराशाई कर दिया: वार्नर



**ब्रिसबेन।** स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने बुधवार को स्वीकार किया कि भारत ने टेस्ट श्रृंखला के दौरान आस्ट्रेलिया को धराशाई कर दिया और इस शानदार उपलब्धि का श्रेय मेहमान टीम को दिया। चोटिल खिलाड़ियों की समस्याओं से जूझ रही भारत ने मंगलवार को गाबा में निर्णायक चौथे टेस्ट में तीन विकेट की जीत से टेस्ट श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की, जबकि एक महीने पहले एडीलेड में टीम पारी में अपने न्यूनतम 36 रन के स्कोर पर सिमटने से शर्मसार थी। वार्नर ग्रोइन चोट के कारण पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा कि हम यह नतीजा पसंद नहीं करते लेकिन इस जीत का श्रेय उन्हें जाता है। श्रृंखला जीतने के लिए वेल डन भारत। उन्होंने लिखा कि जहां तक हमारी बात है तो हमने डटकर मुकाबला किया और अपना सर्वश्रेष्ठ किया लेकिन हम चित्त हो गए। पैट कमिंस ने बहुत बढ़िया किया, जिसे मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कमिंस के चार विकेट झटकने के बावजूद भारत ने गाबा की पिच पर पांचवें दिन 328 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। वार्नर ने कहा कि आस्ट्रेलिया को अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए ध्यान दक्षिण अफ्रीका दौरे पर लगाना होगा। उन्होंने लिखा कि इसलिए हम टेस्ट क्रिकेट को पसंद करते हैं, यह बहुत मुश्किल होता है जिससे मानसिक मजबूती पता चलती है। अब दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा और हमें टेस्ट चैम्पियनशिप की दौड़ में बने रहने के लिए इसमें जीत हासिल करनी होगी। आस्ट्रेलिया को फरवरी और मार्च में तीन टेस्ट मैच खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना है।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम की प्रशंसा की

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को मेजबान टीम पर टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के दौरान दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम की प्रशंसा की और इस मुकाबले का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार व्यक्त किया। अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गाबा में आस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को तीन विकेट से हराकर चार मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती और बोर्डर-गावस्कर ट्राफी अपने पास बरकरार रखी।

सीए ने बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए पत्र में लिखा कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया में सभी की तरफ से हम बोर्डर-गावस्कर ट्राफी बरकरार रखने के लिए इस श्रृंखला में दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम को बधाई देते हैं। इस श्रृंखला की आने वाली पीढ़ियों में भी चर्चा होती रहेगी।

यह पत्र सीए के अंतरिम सीईओ निक हॉकले और अध्यक्ष अर्ल इडिंग्स ने भारतीय क्रिकेट के मित्रो के संबोधन के साथ शुरू किया है, जिसमें सौरव गांगुली की अगुवाई वाले बोर्ड का कोविड-19 महामारी के बावजूद सफलतापूर्वक दौरा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट अपनी दोस्ती, विश्वास और प्रतिबद्धता के लिए हमेशा बीसीसीआई का आभारी रहेगा जिसने एक श्रृंखला के आयोजन में मदद करके दुनिया के लाखों लोगों को मुश्किल समय में खुशी मनाने का मौका दिया।

# सैमसन बने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान

## स्मिथ का अनुबंध नहीं बढ़ाया गया

आईपीएल





भाषा। नई दिल्ली

**संजू** सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे जबकि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ समेत कई खिलाड़ियों के अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं किया गया है हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स ने अनुभवी सुरेश रैना को टीम में बरकरार रखा है। आठों टीमों के लिए उन खिलाड़ियों की सूची देने की समय सीमा बुधवार तक की थी, जिन्हें उन्होंने आईपीएल 14 में बरकरार रखा है या रवाना कर दिया है।

सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया जबकि स्मिथ का अनुबंध बढ़ाया नहीं गया है। रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले ने एक बयान में कहा कि आईपीएल के विस्तार के साथ कप्तानी पूरे साल का जिम्मा हो गया है और ऐसे में सक्षम भारतीय कप्तान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संजू ने रॉयल्स के लिए ही पदार्पण किया था और पिछले आठ साल में उसकी प्रगति देखना सुखद रहा है। वह 2021 में टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। स्मिथ का करार अक्टूबर 2020 में खत्म हो गया था।

आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का किंग्स इलेवन पंजाब और आरोन फिंच का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ करार भी खत्म हो गया है। पंजाब ने वेस्टइंडीज के हरफनमौला शेल्डन कोटरेल, अफगानिस्तान के मुजीबुर रहमान और न्यूजीलैंड के जिम्मी नीशाम के साथ करार भी नहीं बढ़ाया है। चेन्नई सुपर किंग्स से हरभजन सिंह और मुंबई इंडियंस से लसिथ मलिंगा की भी रवानगी हो गई है। हरभजन के अलावा केदार जाधव, पीयूष चावला और मुरली विजय के साथ करार भी नहीं बढाया गया है।

मुंबई ने शेरफान रदरफोर्ड के साथ करार का विस्तार नहीं किया जबकि दिल्ली टीम से इंग्लैंड के जैसन रॉय, विकेटकीपर एलेक्स कारे, लेग स्पिनर संदीप लामिछाने और तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की रवानगी हो गई। स्मिथ की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स यूएई में खेले गए पिछले आईपीएल में आखिरी स्थान पर रही थी।

स्मिथ ने सभी 14 लीग मैच खेले और 311 रन बनाए। टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई। आईपीएल 2018 से पहले रॉयल्स ने सिर्फ स्मिथ को टीम में बरकरार रखा था और 12.5 करोड़ रुपये का करार किया था। उन्हें कप्तान भी बनाया गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़खानी विवाद के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया में हाल ही में हुई श्रृंखला में स्मिथ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

नए कप्तान सैमसन ने कहा कि मैं इस चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं।कई बेहतरीन खिलाड़ियों ने रॉयल्स की कप्तानी की है और मैने राहुल द्रविड़, शेन वाटसन, अजिंक्य रहाणे और स्टीव स्मिथ से काफी कुछ सीखा है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई टीम में रैना को बरकरार रखा गया है जो पिछले सत्र में निजी कारणों से नहीं खेले थे। चेन्नई टीम 2008 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में जगह नहीं बना सकी।

### मुंबई इंडियंस ने मलिंगा को रिलीज किया

**मुंबई।** गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने बुधवार को श्रीलंकाई तेज गेंदबाज और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वाधिक विकेट झटकने वाले लसिथ मलिंगा को आगामी सत्र से पहले रिलीज कर दिया। आईपीएल में 122 मैच खेल चुके मलिंगा ने 170 विकेट चटकाए हैं जो इस लुभावनी लीग में किसी गेंदबाज के सबसे ज्यादा विकेट हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 13 रन देकर पांच विकेट हासिल करना रहा है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा कि मुंबई इंडियंस ने सात खिलाड़ियों को रिलीज किया है जिसमें श्रीलंकाई महान खिलाड़ी लसिथ मलिंगा, न्यूजीलैंड के मिशेल मैकलेनाघन, आस्ट्रेलिया के नाथन कूल्टर नील और जेम्स पैटिनसन, गुयाना के शेरफाने रदरफोर्ड, अनकैप लेग स्पिनर प्रिंस बलवंत राय और तेज गेंदबाज दिग्विजय देशमुख शामिल हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, Alankrita Sahay, daughter of Akhouri Sanjay Sahay, presently residing in A-4, MCD Flats, Soami Nagar (South), New Delhi-110017, permanent address-B-202, PMO Apartments, Plot No. C-58/20, Sec-62, Noida, UP-201309, have adopted surname of my father and changed my name from Alankrita to Alankrita Sahay vide Affidavit No:- **IN-DL31251862345695T** dated 15.01.21 at Delhi.

**CHANGE OF NAME**

I, Akhouri Sanjay Sahay, do hereby solemnly affirm and declare that Herumb Sahay is my son. We are, presently residing in A-4, MCD Flat, Soami Nagar (South), New Delhi-110017, and our permanent Address is B-202, PMO Apartments, Plot No. C-58/20, Sec-62, Noida, UP-201309. My son has adopted my surname and changed his name to Herumb Sahay in place of Herumb with effect from 21.12.20. This change has also been declared by me vide Affidavit No:- **IN-DL31252080749289T** dated 15.01.21 at Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

I, Puneet Saini, Advocate on behalf of my client Sh Varinder Pasricha and Ms Vinita Pasricha R/o 1012, Faiz Road, Karol Bagh, New Delhi-110005 caused this notice to the General Public that my above-named clients has debarred and disowned their son namely Sunny Pasricha along with his family from their all movable and immovable property situated in Delhi because of his misbehave, cruelty and conduct, now my client has no connection with Sunny Pasricha and his family in any manner. Anybody deals with them shall be at their own risk, cost and consequences

**Puneet Saini** (Advocate)
I-43 Jungpura Ext. New Delhi-110014
puneetlegalavenues@yahoo.in; (M): 8810633505

### रोमा को हराकर स्पेजिया अंतिम आठ में

**रोम।** स्पेजिया ने अतिरिक्त समय में नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रोमा को 4-2 गोलों से हराकर इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोमा के पूर्व विंगर डेनियल वर्डे और रिकार्डो सैपोनारा ने स्पेजिया की तरफ से अतिरिक्त समय में गोल किए। स्पेजिया क्वार्टर फाइनल में नैपोली से भिड़ेगा। अतिरिक्त समय के पहले दो मिनट में ही खेल का परिदृश्य बदल गया था। रोमा के डिफेंडर जियानलुका मनचिनी और गोलकीपर पॉउ लोपेज को अलग अलग घटनाओं के कारण 30 सेकेंड के अंदर बाहर भेज दिया गया था। इससे पहले स्पेजिया ने आंद्रे गलाबिनोव और सैपोनारा के गोल से 15 मिनट के अंदर 2-0 की बढ़त बना ली थी। रोमा की तरफ से लोरेंजो पालेग्रिनी और हेनरिक माखतिरियान ने गोल दागे।

### चेल्सी को हराकर शीर्ष पर पहुंचा लीस्टर

**लीस्टर।** लीस्टर सिटी ने चेल्सी के खिलाफ 2-0 गोल से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। विल्फ्रेड एनडीडी (छठे मिनट) और जेम्स मैडिसन (41वें मिनट) ने पहले हॉफ में गोल किए जिससे लीस्टर सिटी अंकतालिका में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। लीस्टर सिटी की यह 12वीं जीत है और उसके 19 मैचों में 38 अंक हो गए हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड के 18 मैचों में 37 और मैनचेस्टर सिटी के 17 मैचों में 35 अंक हैं। इस सत्र में नए खिलाड़ियों पर 30 करोड़ डॉलर खर्च करने वाली चेल्सी की टीम आठवें स्थान पर खिसक गई है। उसके 19 मैचों में 29 अंक हैं।

### रानी के गोल से भारत ने मैच ड्रा कराया

**ब्यूनस आयर्स।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पेनल्टी कार्नर पर कई मौके गंवाने के बाद कप्तान रानी रामपाल के चौथे क्वार्टर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से आखिर में अर्जेंटीना की जूनियर टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेला। भारतीय टीम यह लगातार दूसरा ड्रा मैच है। उसने दौरे का पहला मैच 2-2 गोल से ड्रा खेला था। इसके तुरंत बाद अर्जेंटीनी टीम को तीन पेनल्टी कार्नर मिले जिसमें से वह अंतिम वाले को गोल में बदलने में सफल रही। इस तरह से अर्जेंटीना ने 13वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली थी भारतीय टीम को 37वें, 43वें, 48वें और 58वें मिनट में पेनल्टी कार्नर भी मिले लेकिन आखिर में उसे 58वें मिनट में बराबरी का गोल करने में सफलता मिली। रानी ने यह गोल नवनीत कौर के पास पर किया।

### मनु भाकर और अंगद की पेशकश मंजूर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मनु भाकर और अंगद वीर सिंह बाजवा का टोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले बेहतर तैयारियों के लिए सिंगापुर स्थित खेल मनोचिकित्सक संजना किरण की सेवाएं लेने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। टोक्यो ओलंपिक इस साल जुलाई-अगस्त में होंगे। इस प्रस्ताव को सरकार के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत पिछले सप्ताह मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में मंजूरी दी गई। संजना किरण खेल मनोचिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं तथा शीर्ष खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों में मदद करती रही हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

**ORIGINAL PROPERTY** documents of Property No A-554, St. No-6 Meet Nagar Delhi-94 in the name of Lt Girvar Singh and Lt Laxmi Devi has been lost. Finder may inform at 9315983080

PD(8891)C

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 50 प्रतिशत दर्शकों की अनुमति दे सकता है बीसीसीआई

संवाददाता। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष अधिकारी इंग्लैंड के खिलाफ चेपॉक और मोटेरा स्टेडियम में होने वाले टेस्ट मैचों में स्टेडियम की कुल क्षमता का 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देने पर सोच रहे है। पहले दो टेस्ट चेन्नई में होंगे जबकि बाकी दो टेस्ट अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम पर खेले जाएंगे। इससे पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुई श्रृंखला के दौरान दर्शकों को मैदान में प्रवेश की अनुमति दी थी। बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने कहा कि फिलहाल हम टेस्ट मैचों के लिए 50 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दे सकते हैं। बीसीसीआई दोनों प्रदेश संघों और स्वास्थ्य अधिकारियों से बात कर रहा है। बीसीसीआई कोरोना मामलों पर भी नजर रखे हुए है और चेन्नई या अहमदाबाद में मामले बढने पर फैसला बदला भी जा सकता है। सूत्र ने कहा कि अगर जरूरी सावधानियों के साथ 50 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दी जाती है जो यह संकेत होगा कि आईपीएल के दौरान दर्शकों को प्रवेश दिया जा सकता है। इस बीच इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड पहले दो टेस्ट के लिए टीम का चयन गुरूवार को करेगा। पहली बार खिलाड़ियों के कार्यभार को ध्यान में रखकर पूरी श्रृंखला के लिए टीम का ऐलान नहीं किया गया है।

### पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर

**दुबई।** भारत के ऋषभ पंत आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट मैच में नाबाद 89 रन की मैच विजेता पारी खेलने से विश्व में सर्वाधिक रैंकिंग के विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में पंत बल्लेबाजों की सूची में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण विशेष पहचान बना रहे पंत के 691 अंक हैं। विकेटकीपर बल्लेबाजों में उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक का नंबर आता है जो 677 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया केमार्नस लाबुशेन ब्रिसबेन में पहली पारी के शतक के दम पर भारतीय कप्तान विराट कोहली (862 अंक) से आगे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वुड्स की पीठ का पांचवां आपरेशन

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को पीठ दर्द से निजात पाने के लिए हाल में पांचवीं बार आपरेशन करवाना पड़ा, जिसके कारण वह अगले दो टूर्नामेंटों में नहीं खेल पाएंगे। टीजीआर फाउंडेशन के मंगलवार को जारी बयान में कहा कि वुड्स का आपरेशन सफल रहा ।

**NOTICE**

We, Devendra Kumar Malik S/o Late. Sh. Deepchand R/o RZ-47, C-Block, Prem Nagar, Paprawat Road, Najafgarh, New Delhi-110043 and Ms. Vinod Bala Malik W/o Sh. Devendra Kumar Malik R/o RZ-47, C-Block, Prem Nagar, Paprawat Road, Najafgarh, New Delhi-110043 have disowned our son Amit Malik and his wife namely Ms. Anshula Gulia along with his daughter namely Amyra Malik from all their movable and immovable property/assets and have also ceased all relations in respect and it is further declared that any person whosoever deals with them shall do entirely at their own costs and risks/ responsibilities and if any legal liability comes against our son namely Amit Malik he is liable for all liability not liable for me and my wife or any of my family members.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती चंद्रलेखा सिंह** पत्नी श्री पी.पी.एन. सिंह 53.4175 वर्ग किलोमीटर की परिधि में तीसरी मंजिल (बिना छत के अधिकार) बेचने का इरादा कर रहे हैं। प्रोपर्टी संपत्ति नंबर 143, खसरा नंबर 1397/1097, खेवट नंबर 54, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली -110014, **श्री मोहित** पुत्र बसंत लाल को मेसर्स द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड वित्तपोषित किया जाना। मूल विक्रय विलेख 17.07.2013 को दर्ज कराया जिसका डॉकिट नं 6288 पूर्वोक्त संपत्ति से संबंधित है जो कि वास्तव में खो गये हैं जिसका एलआर नं 55952/2021 को दिल्ली पुलिस में 19.01.2021 को पंजीकृत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति(ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर ईमेल: **heedvalues@gmail.com** पर संपर्क करें या मैसर्स हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कार्यालय में: यूनिट नं 418, 4वीं मंजिल, टॉवर-2, पर्ल ओमेक्स बिल्डिंग, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा 110034, से संपर्क करें। यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या मुद्दे नहीं हैं, जो असफल रहा।

**आकाश ओझा (एडवोकेट)**
चैम्बर नं0. 830, पीएचसी, नई दिल्ली - 110001

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public that my client Mr. Pratik Pushpankar S/o Sh. Pramod Kumar Gupta R/o. H.No.-334, Sector-1, Suhag Nagar, Firozabad, UP lost the chain of documents; Transfer Endorsement, Allotment Letter, Flat Buyer Agreement in favor of Pratik Pushpankar from Himanshu Bansal bearing Flat No. 901, Tower-09, Orange County Apartment, Ahinsha Khand-1, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh. A FIR has been lodged vide no. LR No. 58304/2021 dtd 20.01.2021. Any person(s) found these papers/ claiming any right, interest or having any objection may contact the undersigned within 10 days of this publish. No claim will be entertained then after.

**S K Gupta (Advocate)**
Ch. No. D-209, Karkardooma Courts, Delhi-32

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, SMT. PUSHPA SURI W/o LATE SH. SATPAL SURI, owner of SFS FLAT NO. 26, POCKET-H, CAT-III, SARITA VIHAR, NEW DELHI has applied for issuance of Certified copies of relevant documents in DDA as the original documents i.e. Allotment Letter, 5th & Final Demand letter, Possession Letter, site possession & NOC to water and electric of the above said flat has been lost. An NCR/LR NO.721917/2017 dated 10/05/2017 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi.
Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9599929505 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (H) or Director (H), D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal** (Advocate)
Chamber No M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-110054

**PERFECTPAC LIMITED**
**CIN:** L72100DL1972PLC005971
**Regd. Off.:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
**Phone:** 011-26441015-18,
**E-mail:** complianceofficer@perfectpac.com
**Website:** www.perfectpac.com

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Thursday, January 28, 2021,** *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2020 (the "Financial Results").
A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.perfectpac.com and the website of the Stock Exchanges BSE: www.bseindia.com and CSE: www.cse-india.com.

For **Perfectpac Limited**
Place : New Delhi
Date : 20.01.2021
**Shefali Chauhan**
Company Secretary

# वैश्विक तेजी के बीच रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी

भाषा। मुंबई

**अमेरिका** में नई सरकार से नए राहत उपायों की उम्मीद में वैश्विक बाजारों में तेजी रही। इसके बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा और वाहन कंपनियों के शेयरों में मजबूती आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 393.83 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49,792.12 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 123.55 अंक यानी 0.85 प्रतिशत उछलकर 14,644.70 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका की नामित वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए भारी प्रोत्साहन का आह्वान किया। इसके बाद बुधवार को दुनिया के शेयरों में तेजी आई। निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को पद की शपथ लेंगे। उन्होंने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 1.9 हजार अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज का प्रस्ताव रखा है।

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी सबसे ज्यादा 2.75 प्रतिशत की तेजी में रही। इसके बाद टेक महिंद्रा (2.67 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.98 प्रतिशत) और एशियन पेंट्स (1.98 प्रतिशत) का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी तेजी रही। इससे बाजार लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। इनके विपरीत पावरग्रिड कॉरपोरेशन में 1.75 फीसदी, एनटीपीसी में 1.35 फीसदी, एचडीएफसी बैंक में 0.83 फीसदी और आईटीसी में 0.59 फीसदी की गिरावट रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वाहन, आईटी और सरकारी बैंकों में खरीदारी आने तथा वैश्विक बाजारों के आशावादी होने से भारतीय बाजार को नई ऊंचाइयां छूने का बल मिला। अभी तक तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से बेहतर रहे हैं। इससे विभिन्न क्षेत्रों में लिवाली को समर्थन मिला। जो बाइडन के शपथ लेने से पहले अमेरिकी बाजार सकारात्मक धारणा में हैं और नए राहत उपायों की उम्मीद लगाई जा रही है। बीएसई के समूहों में वाहन, ऊर्जा, आईटी और प्रौद्योगिकी 2.18 प्रतिशत तक चढ़ गए। हालांकि यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार गिरावट में रहे। बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप 1.08 प्रतिशत तक की बढ़त में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के शपथ लेने से पहले अधिकांश एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Neha Bhatia is the owner of First Floor built-up Western side portion of Land area measuring 50 sq. yrds., out of Total Land area measuring 100 sq. yrds., property bearing No. N-20-A, out of Rectangle No. 20, Killa No. 2/2, situated in the area of Village Khyala, Now abadi known as Vishnu Garden, North Block, Gali No. 1, New Delhi-110018 "Said property" by virtue of Gift Deed dated 25.04.2017, Registration No. 3431, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to someone who want to purchase the same by taking Home loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd. Further, Photocopy of ATS & Will executed by Mr. Rajinder Singh in favour of his son Mr. Heera Singh in respect of said property are missing. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates**
(Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Saloni is the owner of Portion/Flat of Second Floor (Front Side East Facing) without roof rights, area measuring 50 Sq. Yds., Part of Property Bearing No. J-79, out of Khasra No. 26/101, Village-Gharonda Neem ka Banger @ Patparganj, Block-J, Pandav Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi "Said Property" by virtue of Sale Deed dated 18.06.2013, Registration No. 103, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to someone who want to purchase the same by taking Home loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd. Further, Original GPA, ATS & Will dated 12.11.2008 executed by Mrs. Pooja Narula in favour of Mrs. Sulochna Devi & the Last page of Registration particular of Original Sale Deed dated 18.06.2013, document no.103 executed by Mrs. Sulochna Devi in favour of Mrs. Saloni in respect of said property are missing. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

AXIS BANK

एक्सिस बैंक लिमिटेड : एक्सिस बैंक लिमिटेड, एससीओ 221, परमजीत टावर, सेक्टर-12, करनाल - हरियाणा -132001
नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाउस, बाम्बे डाइंग कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई-400025.

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत
अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, श्री सतपाल कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश एवं श्रीमती सुषमा रानी पत्नी श्री सतपाल कुमार की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 30-08-2019 तक बकाया राशि रू. 3,01,490/- (रूपए तीन लाख एक हजार चार सौ नब्बे मात्र) उसके वास्तविक भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक आगे यथा लागू ब्याज, अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक 02-03-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे एक्सिस बैंक, एससीओ 221, परमजीत टावर, सेक्टर-12,
करनाल - हरियाणा -132001 में "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 6,48,787/- (रूपए छह लाख अड़तालीस हजार सात सौ सतासी मात्र) तथा धरोहर राशि जमा रू. 65,000/- (रूपए पैंसठ हजार मात्र) होगी। ईएमडी के साथ सीलबंद ऑफर/निविदा के साथ बिड्स जमा करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान 01-03-2021 उपरिवर्णित पते पर है।

| खाता नंबर | कब्जे में ली गई तथा बिक्री हेतु प्रस्तुत अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति की अवस्थिति/विवरण | ऋणभार, यदि कोई, जो बैंक को ज्ञात है |
|---|---|---|
| होम लोन पीएचआर0394 02284418 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्रीमती सुषमा रानी पत्नी श्री सतपाल कुमार के नाम फ्रीहोल्ड प्लॉट नंबर 30, परिमाप 100 वर्ग गज अर्थात 34 मरला जो वाका रकबा दारा खुर्द, कीर्ति नगर, थानेसर की म्युनिसिपल सीमाओं के भीतर, तहसील थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र में स्थित खेवट नंबर 246, खतौनी नंबर 368, किते 4 में शामिल कुल भूमि परिमाप 12 कनाल 4 मरला का 31/2196 हिस्सा है। | कोई नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः https://www.axisbank.com/auction-notices/ देखें।

तिथि : 21-01-2021
स्थान : करनाल, उत्तर प्रदेश
हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

# बाइडन के शपथग्रहण समारोह से पहले वाशिंगटन में लॉकडाउन

● राष्ट्रीय राजधानी में लॉक्डाउन जैसी स्थिति है और 25 हजार से अधिक सैनिक और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया है सुरक्षा तैयारियों के तहत सड़कों पर टैंक और कंक्रीट के अवरोधक लगाए गए है



**भाषा।** वाशिंगटन


**अमेरिका के** कैपिटल (संसद भवन) में हुए हिंसक दंगे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर जो बाइडन बुधवार को वाशिंगटन में कड़ी सुरक्षा के बीच अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे।

कानून प्रवर्तन अधिकारियों को न केवल संभावित बाहरी खतरे का मुकाबला करना पड़ रहा है बल्कि उनकी चिंता है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा कोई कर्मी भी ड्यूटी के दौरान हमला कर सकता है।

हालांकि, बाइडन को किसी विशेष खतरे का उल्लेख नहीं किया गया है। इसके बावजूद सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन जैसी स्थिति है और 25 हजार से अधिक सैनिक और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया है। सुरक्षा तैयारियों के तहत सड़कों पर टैंक और कंक्रीट के अवरोधक लगाए गए हैं। राष्ट्रीय स्मारक को बंद कर दिया गया है। अमेरिकी संसद परिसर की घेराबंदी की गई और प्रत्एक मार्ग पर जांच चौकी बनाई गई है। पूरे कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने कहा कि वे किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि अधिकारी घोर दक्षिणपंथी और मिलिशिया समूह के सदस्यों की निगरानी कर रहे हैं। उनकी चिंता ऐसे सभावित समूहों के सदस्यों द्वारा वाशिंगटन में आकर हिंसक संघर्ष भड़काने को लेकर है।अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह से घंटों पहले संघीय एजेंट निर्वाचित नेताओं की धमकी और कार्यक्रम में घुसपैठ कर गड़बड़ी के इरादे संबंधी चर्चा सहित चिंताजनक ऑनलाइन चैटिंग करने वालों की निगरानी कर रहे हैं।एफबीआई की जांच के बाद के नेशनल गार्ड के 12 कर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी से हटा दिया गया है जिनमें से दो ने बुधवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर उग्र बयान दिया था। हालांकि, पेंटागन के अधिकारियों ने उनकी विस्तृत जानकारी नहीं दी।

दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने एसोसिएटड प्रेस को बताया कि हटाए गए सभी 12 कर्मियों के दक्षिण पंथी मिलिशिया समूह से संबंध थे या उन्होंने कट्टरपंथी विचार सोशल मीडिया पर साझा किए थे।

नेशनल गार्ड ब्यूरो के प्रमुख जनरल डेनियल होकेंसन ने पुष्टि की है कि सदस्यों को कार्य से हटाकर घर भेजा गया है।



वाशिंगटनः उपराष्ट्रपति माइक पेंस एक पुस्तक पर हस्ताक्षर करने के दौरान अपने स्टाफ के अधिकारियों से वार्ता करते हुए

## ट्रंप ने अपने विदाई भाषण में नए प्रशासन को दीं शुभकामनाएं

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने के अभियान में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के सफल रहने की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी लोगों को अपने साझा मूल्यों के प्रति एकजुट होना चाहिए और पक्षपातपूर्ण नफरत की भावना से ऊपर उठना चाहिए। ट्रंप का यह विदाई भाषण व्हाइट हाउस ने मंगलवार को जारी किया। बाइडन आज यानी बुधवार को राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। अपने संदेश में ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति पद पर सेवाएं देना एक ऐसा सम्मान है जिसकी व्याख्या नहीं की जा सकती। ट्रंप ने कहा, इस अभूतपूर्व विशेषाधिकार के लिए आपका शुक्रिया। यह वास्तव में एक बड़ा सम्मान था। उन्होंने कहा, इस सप्ताह हमने एक नए प्रशासन का आरंभ किया। अमेरिका को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने के लिए उनकी (बाइडन की) सफलता की कामना करता हूं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और चाहते हैं कि वे सौभाग्यशाली रहें। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के वीडियो में अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) पर अपने समर्थकों के छह जनवरी के हमले पर भी बात की।उन्होंने कहा, हमारे कैपिटल (संसद भवन) पर हमले से सभी अमेरिकी आतंकित हो गए थे। यह उन सभी चीजों पर हमला है जिन पर एक अमेरिकी होने के नाते हम गौरव महसूस करते हैं। इसे कभी भी बर्दाशत नहीं किया जा सकता। अब पहले से कहीं ज्यादा हमें अपने साझा मूल्यों के वास्ते एकजुट होना चाहिए और पक्षपातपूर्ण नफरत की भावना से ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान उन्होंने 20 जनवरी, 2017 से 20 जनवरी 2021 तक की अमेरिकी सरकार की अहम उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि उनके प्रशासन ने किसी की सोच से भी कहीं ज्यादा हासिल किया।ट्रंप ने कहा, हमने स्वदेश में अमेरिकी ताकतों और विदेशों में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत किया। दुनिया फिर हमारा आदर कर रही है। कृपया करके उस आदर को खोइएगा नहीं। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने अमेरिकी गठबंधन को पुनर्जीवित किया और दुनिया के देशों को चीन के विरोध में खड़ा करने का काम किया और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।

## उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, दो सुरक्षा कर्मियों की मौत, एक घायल

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर-पश्चिमी** पाकिस्तान में मंगलवार देर रात मोटरसाइकिल सवार कुछ आतंकवादियों ने सिक्योरिटी फोर्स रोड प्रोटेक्शन दल पर गोलियां चला दी, जिसमें कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में गोमल थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक सिपाहियों की पहचान खालिद और अयाज के तौर पर हुई है। वहीं सिपाही मोहम्मद रमजान घायल हो गया है।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच, पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## बाइडन प्रशासन भारत के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा : लॉयड ऑस्टीन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री के तौर पर नामित लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि बाइडन प्रशासन का लक्ष्य भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ाना है।सेवानिवृत्त जनरल लॉयड ऑस्टीन मंगलवार को रक्षा मंत्री के तौर पर अपने नाम की पुष्टि के लिए सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, अगर मैं रक्षा मंत्री के तौर पर चुना जाता हूं तो मेरा लक्ष्य भारत के साथ हमारे रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाना होगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने रक्षा मंत्री के तौर पर ऑस्टीन को नामित किया है। ऑस्टीन ने कहा, मैं, भारत का प्रमुख रक्षा सहयोगी का दर्जा जारी रखूंगा और साझा हितों पर अमेरिकी एवं भारतीय सेना की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि वह क्वाड रक्षा वार्ता और अन्य क्षेत्रीय बहुपक्षीय भागीदारी से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को और प्रगाढ़ करने एवं व्यापकता देने का प्रयास करेंगे।ऑस्टीन ने कहा कि वह समझते हैं कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अमेरिका के अनुरोध पर काफी ठोस कदम उठाए हैं। पाकिस्तान ने भारत विरोधी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ भी कदम उठाए हैं, हालांकि यह प्रगति काफी नहीं है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में असहयोग का आरोप लगाते हुए 2018 में उसे सभी आर्थिक एवं सैन्य मदद पर रोक लगा दी थी।ऑस्टीन ने कहा कि अगर वह रक्षा मंत्री चुने जाते हैं तो वह पाकिस्तान को अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद और हिंसक अतिवादी संगठनों को नहीं करने देने का दबाव बनाएंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की सेना के साथ संबंध निर्माण जारी रखने से अहम मुद्दों पर अमेरिका और पाकिस्तान के सहयोग का मार्ग खुलेगा। ऑस्टीन ने कहा कि वह पाकिस्तान सेना से जुड़े अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय सैन्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण कोष के माध्यम से भविष्य में प्रशिक्षण देने और साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।उन्होंने कहा, अलकायदा और इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रॉविंस (आईएसआईएस-के) को हराने और क्षेत्र में स्थिरता लाने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करना जरूरी है।

## चीन का लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्व शक्ति बनने काः अमेरिका के भावी रक्षामंत्री

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** भावी रक्षा मंत्री जनरल (अवकाश प्राप्त) लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि चीन का पहले ही क्षेत्रीय प्रभुत्वकारी शक्ति बन चुका है और अब उसका लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्वशक्ति बनने का है। उन्होंने क्षेत्र और दुनिया भर में चीन के डराने-धमकाने वाले व्यवहार का उल्लेख करते हुए अमेरिकी सांसदों से यह बात कही। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, कोरोना वायरस के उद्गम, विवादित दक्षिण चीन सागर में कम्युनिस्ट देश की सैन्य आक्रामकता और मानवाधिकार सहित कई मुद्दों पर कटु टकराव चल रहा है।ऑस्टिन ने सीनेट की सैन्य सेवा मामलों की समिति को रक्षामंत्री के तौर पर अपनी नियुक्ति की पुष्टि के लिए हुई सुनवाई के दौरान कहा, वे (चीन) पहले ही क्षेत्रीय प्रभुत्वकारी ताकत है और मेरा मानना है कि उनका अब लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्व शक्ति बनने का है। वह हमसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए काम कर रहे हैं और उनके प्रयास नाकाम करने के लिए पूरी सरकार को एक साथ मिल कर विश्वसनीय तरीके से काम करने की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सेना के सेवानिवृत्त 67 वर्षीय ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के लिए नामित किया है। अगर सीनेट उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर देती है तो वह पहले अमेरिकी-अफ्रीकी होंगे जो पेंटागन का नेतृत्व करेंगे। ऑस्टिन ने कहा, हम चीन या किसी भी आक्रामक के समक्ष पुख्ता प्रतिरोधी क्षमता पेश करना जारी रखेंगे। और उन्हें बताएंगे कि यह (आक्रामकता) सचमुच एक बुरा विचार है। चीन के बारे में ऑस्टिन ने कहा कि चीन मौजूदा समय में प्रभावी खतरा है क्योंकि वह उभार पर है जबकि रूस खतरा है लेकिन वह उतार पर है।



मेक्सिको सिटी में लोग सिट्यूड नदी को पार करते हुए। ग्वाटेमाला और मेक्सिको के बीच की सीमा में होंडुरन प्रवासियों के एक बड़े कारवां ने पिछले हफ्ते ग्वाटेमाला में अपना रास्ता बनाया

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने पूर्व रणनीतिकार बैनन को क्षमादान दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना कार्यकाल खत्म होने से चंद घंटे पहले अपने पूर्व मुख्य रणनीतिकार स्टीव बैनन को क्षमादान दिया है।नाम उजागर ना करने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि बैनन ट्रंप कार्यकाल के अंतिम घंटों में क्षमादान पाने वाले 143 लोगों में शामिल है।बैनन पर उन हजारों निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप था, जिनका मानना था कि उनके पैसों का इस्तेमाल दक्षिणी सीमा पर एक दीवार बनाने के लिए किया जाएगा, जो ट्रंप के प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। लेकिन बैनन ने इन पैसों का इस्तेमाल कथित तौर पर चुनाव अभियान में शामिल एक अधिकारी का वेतन देने और निजी कार्यों के लिए किया।

### इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप ने बेहद कम मतों से सीनेट में विश्वासमत जीता

**रोम।** इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंते सीनेट में विश्वासमत जीतकर अपनी सरकार को बचाने में कामयाब रहे। विश्वासमत जीतने में उन्हें गठबंधन का भरपूर सहयोग मिला।कोंते के पक्ष में 140 वोट पड़े और 16 सांसद गैर हाजिर रहे। कोंते के पक्ष में वोट डालने वालों में पूर्व प्रधानमंत्री सिलवियो बर्लुस्कोनी के नेतृत्व वाली मध्य-दक्षिणपंथी विचारधारा की पार्टी के दो बागी सांसद भी थे। सीनेट में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा 161 है। इसलिए देश की बदहाल अर्थव्यवस्था में मदद के लिए किसी भी अहम कानून को संसद में पारित कराने के लिए कोंते को गठबंधन से बाहर सहयोग लेना होगा। सीनेट में अपनी जीत पर कोंते ने कहा, अब इस बहुमत को और मजबूत बनाना होगा। हमें एक मिनट भी नही गंवाना होगा। स्वास्थ्य आपात स्थिति और अर्थव्यवस्था के संकट से उबरने के लिए काम शुरू करना होगा। कोंते अगर ऊपरी सदन में विश्वासमत हार जाते तो उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ता।

### भारत को लेकर अमेरिका का हमेशा से सहयोगात्मक रुख रहा है : ब्लिंकेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को लेकर अपनाई गई नीति का एक तरह से समर्थन करते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन में विदेश मंत्री के तौर पर नामित टोनी ब्लिंकेन ने कहा कि अमेरिका की द्विदलीय प्रणाली व्यवस्था में भारत के प्रति पूर्ववर्ती सरकारों का हमेशा से सहयोगात्मक रुख रहा है।विदेश मंत्री के पद के लिए अपने नाम पर पुष्टि को लेकर ब्लिंकेन मंगलवार को सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को लेकर अमेरिकी प्रशासन की नीतियां सफल रही है।करीब चार घंटे से ज्यादा समय तक चली इस सुनवाई में एक सीनेटर के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, यह संबंध (भारत के साथ) पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के कार्यकाल की समाप्ति के साथ शुरू हुआ था और ओबामा प्रशासन के दौरान रक्षा खरीद और सूचनाओं के साझा करने के साथ और प्रगाढ़ हुआ। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत की अवधारणा को ट्रंप प्रशासन ने आगे बढ़ाया और भारत के साथ काम करना सुनिश्चित किया ताकि संबंधित क्षेत्र में चीन समेत कोई भी देश उसकी संप्रभुता को चुनौती नही दे सके। अमेरिका भारत के साथ आतंकवाद की चिंताओं पर भी काम कर रहा है। ब्लिंकेन ने कहा कि कई ऐसे क्षेत्र है जिसमें दोनों देश साथ काम कर संबंधों को और प्रगाढ़ बना सकते है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवीकरणीय ऊर्जा और विभिन्न तकनीकों का मजबूती से वकालत करते है। मेरा मानना है कि दोनों देशों के साथ काम करने की मजबूत संभावनाएं है। ब्लिंकेन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल के दौरान उप विदेश मंत्री के रूप में सेवा दे चुके है। वही बाइडन जब उप राष्ट्रपति थे तो ब्लिंकेन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे और वह बाइडन के विश्वासपात्र है।

### ट्विटर अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट पोट्स को करेगा रीसेट, हट जाएंगे सारे फॉलोअर्स

**वाशिंगटन।** ट्विटर इस्तेमाल करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह सबसे बुरे सपनों में से एक हो सकता है कि वह सुबह उठे और उसका एक भी फॉलोअर ना हो, लेकिन बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट के साथ यह असल में होने वाला है।ट्विटर ने देश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट को रीसेट करने की योजना बनाई है, जिससे इस अकाउंट के सारे फॉलोअर्स हट जाएंगे।ट्विटर अकाउंट पोट्स यानी प्रेसिडेंट ऑफ द यूनाइटेड स्टेट को पोट्स45 यानी अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के नाम से संग्रहित (अर्काइव्ह) कर दिया जाएगा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकल के अकाउंट को भी पोट्स44 के नाम से संग्रहित किया गया था।ओबामा के सारे फॉलोअर्स सत्ता हस्तांतरण के बाद ट्रंप को मिले पोट्स अकाउंट पर बरकरार थे। ट्रंप कार्यकाल के इस अकाउंट के वे फॉलोअर्स जो नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे प्रासंगिक अकाउंट्स को फॉलो करते है, उन्हें नए अकाउंट को फॉलो करने का सुझाव (नोटिफिकेशन) दिया जाएगा।बाइडन का दल इससे खुश नही है।

## कोविड-19 के व्यापक टीकाकरण अभियान के मद्देनजर भारत के साथ निकटता से काम कर रही हैं संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** प्रमुख के प्रवक्ता ने कहा कि भारत के कोविड-19 का दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू करने के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र की कई एजेंसियां व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए उसके साथ निकटता से काम कर रही हैं।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को बताया कि भारत में रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर रेनाटा डेसालियन के नेतृत्व मे संयुक्त राष्ट्र की एक टीम कोविड-19 के व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए सरकार और संयुक्त राष्ट्र सहयोगियों का पूरा सहयोग कर रही हैं।उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां दुनिया के अभी सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में अधिकारियों के साथ मिल कर काम कर रही हैं। भारत ने कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ 16 जनवरी को विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत भारत में अभी अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 के कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके लगाए जा रहे हैं।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश-स्वीडिश कम्पनी एस्ट्राजेनेका ने कोविशील्ड टीका विकसित किया है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) इसका निर्माण कर रहा है। वहीं कोवैक्सीन का निर्माण भारत बायोटेक कर रहा है।भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार अभी तक कुल 4,54,049 लोगों का टीकाकरण हो चुका है। टीका लगाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) के 580 मामले सामने आए हैं और दो लोगों की मौत भी हुई है।सरकार का कहना है कि इन दो लोगों की मौत का रिश्ता टीका से नहीं है। दुजारिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की टीमें अभी तक चार हजार से अधिक टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर चुकी हैं और तीन लाख से अधिक टीका लगाने वालों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दे चुकी है।उन्होंने कहा, हम टीकों के लिए कोल्ड चैन के उपकरण मुहैया कराने सहित तकनीकी सहायता भी कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने साथ ही कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम जारी हैं, लेकिन उसके साथ ही कोविड-19 को लेकर सतर्क रहना और उसे फैलने से रोकना भी उतना ही आवश्यक है।




## अमेरिकाः गोलीबारी में कैलिफोर्निया के एक शेरिफ के डिप्टी की मौत, एक घायल

**एपी।** सैकरामेंटो (कैलिफोर्निया)

**अमेरिका के** सैकरामेंटो में गोलीबारी में कैलिफोर्निया के एक शेरिफ के एक सहयोगी की मौत हो गई और एक अन्य सहयोगी घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बल ने संदिग्ध हमलावर को भी मार गिराया है। सैकरामेंटो काउंटी के शेरिफ स्कॉट जोन्स ने बताया कि घटना सोमवार देर रात सैकरामेंटो में कैल एक्सपो इवेंट समारोह स्थल में एक रेसट्रैक के पास हुई।जोन्स ने बताया कि मारे गए एक सहयोगी की पहचान एडम गिब्सन के तौर पर हुई है। शेरिफ ने कहा, उनके परिवार में पत्नी और एक नवजात बच्चा है। उन्होंने बताया कि हमले में घायल हुआ एक अन्य सहयोगी खतरे से बाहर है।जोन्स ने बताया कि हमलावर की उम्र लगभग 40 साल होगी, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं बताया। जोन्स ने बताया कि गोलीबारी यातायात रोकने की वजह से हुई। यातायात रोकने के बाद चालक कैल एक्सपो मैदान में गाड़ी लेकर पहुंच गया था।उन्होंने कहा, के-9 के अधिकारियों में से एक ने के-9 इकाई के एक श्वान को वाहन के पास तैनात किया और उसके जरिए चालक को वाहन से बाहर निकालने की कोशिश की। उन्होंने कहा, संदिग्ध ने तुरंत ही के-9 श्वान की गोली मार हत्या कर दी और फिर अधिकारियों पर गोली चलाने लगा। जोन्स ने बताया कि सैकरामेंटो पुलिस विभाग मामले की जांच करेगा।कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सैकरामेंटा बी से बातचीत में संदिग्ध की मां जेनी कैलड्रोन ने हमलावर को अपना बेटा बताया। कैलड्रोन ने बताया कि उसका नाम रॉबर्ट स्टीफन है।परिवार और अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, वह पहले भी कई अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है, वह मादक पदार्थ लेता था और मानसिक रोगी भी था। कैलड्रोन ने कहा, मैं संतुष्ट हूं कि वह अब नहीं रहा क्योंकि अगर उसे पता चलता कि उसने डिप्टी के परिवार के साथ क्या किया है, तो वह वैसे भी जिंदा नहीं रह पाता।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने विदेशी लड़ाकों को शनिवार तक लीबिया से चले जाने की अपील की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी विदेशी लड़ाकों से अपील की है कि वे पिछले साल 23 अक्टूबर को हुए संघर्षविराम समझौते के अनुसार लीबिया छोड़कर चले जाएं। तेल समृद्ध इस उत्तरी अफ्रीकी देश में वर्षों के संघर्ष के बाद प्रतिद्वंद्वी पक्षों ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सरकार और सैन्य बलों के कमांडर खलीफा हफ्तार से अपील की है कि वे इस संघर्ष के राजनीतिक समाधान का अपना संकल्प बरकरार रखें ताकि यहां के आर्थिक मुद्दों और मानवीय संकट को दूर किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सरकार राजधानी त्रिपोली में सत्ता संभालती है जबकि हफ्तार के पास देश का पूर्व और दक्षिण इलाका है।

# रोचक और मनोरंजक सीरीज़ है 'ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल'

अतीत की एक टीवी सीरीज़ 'ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल, अब दुबारा हमारे सामने रखी जा रही है। इसकी कहानी आज के राजनीतिक रूप से विभाजनकारी युग में ग्रामीण परिवेष में पशुचिकित्सा को लेकर मजेदार क्रियाकलापों पर आधारित है जो हमारे लिए टॉनिक जैसा असर रखती है।

**'ऑल क्रियेचर्स** ग्रेट एंड स्मॉल, विगत समय की एक हिट टीवी सीरीज़ है। अब इसे दुबारा प्रस्तुत किया जा रहा है क्योंकि इसके निर्देशक कॉलिन कालेंडर का मानना है कि आज के राजनीतिक रूप से विभाजनकारी युग में ग्रामीण परिवेष में पशुचिकित्सा को लेकर मजेदार क्रियाकलापों पर आधारित ये सीरीज़ हमारे लिए टॉनिक जैसा असर रखती है। महामारी के इस कालखंड में ये एक ऐसी सीरीज़ है जिसमें प्रभावोत्पादक चरित्र, रोचक कहानियां और ब्रिटेन के ग्रामीण परिवेष का समृद्ध चित्रण है। इसमें कई पशु, खेत तथा अन्य प्राकृतिक तत्व भी हैं और लेखक जेम्स हैरियट की कहानियों में वर्णित दुनिया को आज धरातल पर भी उतारा जा सकता है।

हैरियट जेम्स एल्फ्रेड वाइट का उपनाम था। उन्होंने 1940 के दषक में उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कषायर क्षेत्र में एक नौसिखिया पशुचिकित्सक के रूप में काम प्रारंभ किया था। पांच दशक तक वो इसमें रहे 1970 और 80 के दशक में अपनी आत्मकथा के लिए अनुभव उन्हें यहीं से मिले। कालेंडर का कहना है, 'मैंने पहले सोचा कि 2016 में ब्रेक्सिट वोट और ट्रंप के चुनाव के बाद मैं इसे दुबारा देखूं कि इसमें क्या किया जा सकता है इसके विवरण में इंग्लैंड और अमेरिका के ग्रामीण परिवेष में काफी समानता है। दर्शकों को भी ऐसा शो अच्छा लगेगा जिसमें सहयोग और सहकारिता की भावनाको मजबूती मिले फिर चाहे किसी की राजनीतिक विचारधारा कैसी भी क्यों न हो।' ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल, में जो हेरियट की अमेरिका में पहली सबसे अधिक बिक्री वाली पुस्तक है और इसी नाम से 90 एपिसोड वाली सीरीज़ का भी यही नाम था जो 1970 से 1990 के बीच प्रसारित हुई।

इस सात भाग वाली सीरीज़ का प्रारंभ रविवार को जीबीएच बॉस्टन के मास्टरपीस के रूप में किया गया था जो इसके 50वें सीज़न के प्रारंभ का प्रतीक है। इसकी कहानी 1930 के दषक की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसके कलाकारो में नवागंतुक निकोलस राल्फ हेरियट बने थे इसके अलावा सैमुएल वेस्ट, इसमें हेरियट के गुरू बने थे तथा एना मेडले उनकी हाउसकीपर की भूमिका कर रही थीं।

डायना रिग इसमें मिसेज़ पंफ्रे बनी हैं जो ट्रिकी वू की स्वामिनी की भूमिका में थीं जिसे डेरेक ने निभाया था। सितंबर 2020 में 82 वर्ष में मृत रिग के स्थान पर किसे रखा जाएगा अभी इस संबंध में निर्णय किया जाना शेष है। इसकी शूटिंग फरवरी 2019 में पूरी हो चुकी थी और निर्माण पिछले साल



कोविड के कारण लगे लॉकडाउन में पूरा कर लिया गया था। ये सीरीज़ पहले ब्रिटेन में प्रसारित की गई जहां ये हिट रही। समीक्षकों ने इसे अच्छा रीमेक बताया और तब इसके दूसरे सीज़न के लिए तैयार किया गया। रैल्फ के लिए, जो स्टेज प्रषिक्षित अभिनेता हैं, और जो स्कॉटलैंड में जन्में और पले-बढ़े हुए हैं, उनके लिए तो ये एक सपने जैसा कॅरियर है। उनका कहना है, ''मैं ड्रामा स्कूल इसलिये गया था क्योंकि मैं चाहता था कि मैं अच्छे लोगों से घिरा रहूं और मैं ऐसे ही प्रषिक्षण प्राप्त करना चाहता था।' आप इससे प्रेरित हुए बिना रह ही नहीं सकते। इसके बाद जब आप सैमुएल वेस्ट, डेम डायना रिग जैसे लोगों से मिलते हैं जो आपको प्यार करते हैं और आपकी सहायता के लिए हरदम तैयार रहते हैं, तो आपको और भी अच्छा लगता है।' राल्फ ने अपनी भूमिका के लिए हेरियट की पुस्तकों का अध्ययन किया और इसके बाद तो वो लेखक और उनके कृतित्व से बहुत ही प्रभावित हुए।

उन्होंने बताया, 'मुझे पशुओं के प्रति उनकी बुद्धि, सहअनुभूति तथा अपने पशुचिकित्सक के पेशे के प्रति समर्पण ने सर्वाधिक प्रभावित किया। लोगों की भावनाओं के प्रति समान भाव रखने की उनकी भावना ने भी मुझे प्रभावित किया जिसमें किसान और सिगफ्रीड नाम के उनके सनकी बॉस भी शामिल थे।' उन्होंने आगे बताया, 'जेम्स के लिए ये एक सांस्कृतिक धक्के जैसा भी था। उन्हें बाद में इस गांव की राजनीति में भी घसीट लिया जाता है।' कॉलेंडर द्वारा हेरियट के कृतित्व को जानने से इस सीरीज़ के लिए काफी सहायता मिली। इससे वो नई सीरीज़ को अपनी मूल सीरीज़ से अलग भी रख सके और दर्षकों को प्रभावित करने में भी सफल रहे। उनके अनुसार, 'ये पुस्तकें काफी हंसीदार थीं और मुझे याद है कि जब मैंने उन्हें कई साल पहले पढ़ा था तो मुझे काफी आनंद आया था। मछली के पानी से बाहर रहने वाली किवदंती भी वास्तव में रोचक थी क्योंकि वो स्कॉटलैंड के थे और यॉर्कषायर जा रहे थे।' इसमें महिलाओं का भी तकनीक तथा बेहतर दृष्यावली के चलते उचित ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया, 'हम महिला चरित्रों को पूरे मनोयोग से सामने रखना चाहते थे जबकि पुस्तक में ऐसा नहीं था। अत: मिसेज़ हॉल जैसे चरित्रों को इस बार कुछ दूसरी कहानियों में रखा गया है।' टेपिंग के लिए डिजिटल कैमरों तथा ड्रोन के आगमन के कारण यॉर्कषायर की हरियाली काफी जीवंत ढंग से परदे पर लाई गई है जो दर्षकों को पसंद आएगा।



## रितुपर्णा को पसंद है बांग्ला सिनेमा



**अभिनेत्री** रितुपर्णा सेनगुप्ता का कहना है कि 'ऐसा नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर मुझे काम के कोई ऑफर नहीं मिलते। मैंने कुछ फिल्में की भी थीं लेकिन मैं अपने क्षेत्रीय सिनेमा की उपेक्षा नहीं कर सकती। मैं हमेशा से मानती रही हूं कि हमारी भाषा एक सुंदर भाषा है और हम महान फिल्में बनाते हैं। ये भी कि मैं सत्यजीत रे, मृणाल सेन, बिमल रॉय तथा अपर्णासेन की भूमि से जुड़ी हूं जिन्हें पूरी दुनिया जानती है। मैंने अपना स्थान वहीं के सिनेमा में बना रखा है।'

## 'जीत की ज़िद' में अमित साद प्रमुख भूमिका में



**अभिनेता अमित** साद आने वाली वेब सीरीज़ 'जीत की जिद' में मुख्य भूमिका कर रहे हैं। इस अभिनेता का कहना है कि इसकी कहानी भारतीय सेना की स्पेषल टास्क फोर्स की पृष्ठभूमि पर आधारित और एक सच्ची कहानी है। इसकी कहानी में शौर्य से कहीं अधिक आशा और लगन प्रमुख तत्व हैं। अमित ने बताया, 'ये कहानी कारगिल युद्ध के एक शूरवीर मेजर दीपेन्द्र सिंह सेंगर के पराक्रम पर आधारित है। वो किस प्रकार से वो स्पेषल टास्क फोर्स का हिस्सा बनने के बचपन के अपने सपने को सच करने के लिए निर्णय करते हैं। उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आता है जब उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है जब उनके शरीर में एक बार बिलकुल शक्ति नहीं रह गई थी- लेकिन उन्होंने हार नहीं मानीं।'



## काजोल को आई मां की याद

**अभिनेत्री** काजोल को अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री तनूजा के साथ अपने संबंधों पर गर्व है उनका कहना है कि उन्होंने मां को सही अर्थों में तभी समझा जब वो स्वयं एक बेटी की मां बनीं। काजोल ने बताया, 'मैं मां को तभी पूरी तरह से समझ सकी जब मैं स्वयं एक बेटी की मां बनीं। मैं अपनी मां से सदैव प्यार करती रही हूं क्योंकि वो एक अद्भुत अभिनेत्री हैं मुझे स्मरण है कि मैं मां को फोन घुमाकर उनसे ढेरों बातें किया करती थी और बताती थी कि मुझे पता है कि आप मुझे कितना प्यार करती हैं।' उन बातों का स्मरण करते हुए काजोल ने बताया, 'मैंने उन्हें बताया, आज मैं समझ पा रही हूं कि आपने मेरे लिए क्या क्या छोड़ा, जीवन के बारे मे तब आप क्या सोचती थीं क्योंकि तब मैं भी आपके साथ थी और किस प्रकार से आपके जीवन में सबकुछ बदल गया होगा।'

## तमिलनाडु में कमला हैरिस के पुश्तैनी गांव में जश्न का माहौल



**भाषा।** नागपट्टिनम

**भारतीय मूल** की कमला हैरिस बुधवार को अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाली हैं और इसके लिए तमिलनाडु स्थित दो गांवों में उनके ननिहाल से जुड़े लोग पटाखे, मिठाईयां और कमला की तस्वीर वाले कैलेंडर बांटकर खुशियां मना रहे हैं। तिरुवरुर जिले में मन्नारगुडी और तुलसेंतिरापुरम-पैंगानाडु गांवों के बीच 10 किलोमीटर के क्षेत्र में कमला हैरिस के बड़े-बड़े डिजिटल बैनर लगाए गए हैं। हैरिस के उपराष्ट्रपति बनने की खुशी में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने उनकी तस्वीर वाले कैलेंडर लोगों को बांटे और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नेताओं ने लोगों को मिठाईयां वितरित की। लगभग सभी घरों की महिलाओं ने शुभकामना संदेश वाली रंगोली बनाई और कई स्थानों पर पटाखे फोड़े गए। इसके साथ ही स्थानीय मंदिरों में उपराष्ट्रपति के तौर पर हैरिस के कार्यकाल की सफलता के लिए पूजा अर्चना की गई। कुछ गांव वाले हैरिस को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेते देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। हैरिस के नाना पी वी गोपालन, युवावस्था के दिनों में तुलसेंतिरापुरम गांव छोड़कर ब्रिटिश सरकारी सेवा में शामिल हो गए थे। हैरिस की नानी राजम, पैंगानाडु गांव की रहने वाली थीं। जमैकन पिता और भारतीय मां की संतान 56 वर्षीय हैरिस ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होकर इतिहास रचा है। गोपालन परिवार ने कई मौकों पर गांव के मंदिर के पुनरुद्धार के लिए दान भी दिया है।



## ड्रू बैरीमोर को राजनीति से है अरुचि

हॉलिवुड अभिनेत्री ड्रू बैरीमोर को लगता है कि अब उन्हें इंस्टाग्राम पर लोग सुनने लगे हैं। लेकिन वे राजनीति को छोड़कर दूसरे विषयों पर ही बात करना पसंद करती हैं। बैरीमोर ने बताया, 'मेरा मानना है कि मैं सबकुछ हो सकती हूं लेकिन राजनीतिक नहीं और इसके बाद वर्ष 2020 आया और पूरी दुनिया परिवर्तित हो गई और एक महामारी, जो राजनीतिक नहीं थी लेकिन बाद में उसमें भी राजनीति आ गई, ने पूरी दुनिया को एक कर दिया।' उन्होंने आगे बताया, 'सालों से मैं इंस्टाग्राम पर अपनी बात रखती हूं लेकिन छोटी-छोटी बातों पर जिनमें सुंदरता, प्यार और मस्ती, सकारात्मकता और आनंद, लेकिन सच तो यही है कि आजकल सोशल मीडिया सबसे शक्तिशाली चीज है।'

हॉटस्टार स्पेशल्स की अद्भुत प्रस्तुति

## द लीजेंड ऑफ हनुमान: एक महान योद्धा से भगवान बनने तक का सफर

**13 एपिसोड की यह एनिमेटेड फिल्म, सात भाषाओं में होगी उपलब्ध**

**29 जनवरी, 2021 को डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी पर रिलीज़ होगी**

**108 नाम** लेकिन एक भावना: महाबली हनुमान। लंका दहन करने से लेकर दानवों का वध करने तक हनुमान के साहसिक कार्यों एवं भगवान राम की असीम भक्ति के लिए उनकी पूजा पूरी दुनिया में उनके लाखों भक्त करते हैं। लेकिन खुद की खोज करने के उनके अद्भुत सफर के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। एक सामान्य सा वानर, जो अपनी दैवीय शक्ति भुला बैठा था और कैसे उसके आस पास के लोगों ने उसे अपने अंदर के ईश्वर को तलाशने में मदद की, इसकी कहानी बहुत दिलचस्प है। शरद केलकर द्वारा सुनाई गई यह कहानी महान योद्धा भगवान हनुमान का सफर द लीजेंड ऑफ हनुमान में दिखा रही है। हॉटस्टार स्पेशल्स पर यह एक महाकाव्य का बहुत आकर्षक चित्रण है। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित एवं शरद देवराजन, जीवन जेण कांग और चारुवि पी सिंघल द्वारा बनाई गई यह पौराणिक एनिमेशन सीरीज़ उत्तम क्वालिटी के विज़्युअल्स के साथ डिज़ाइन एवं ग्लोबल स्केल पर प्रस्तुत की गई है, इससे पहले भारत में कभी नहीं हुआ। इस सीरीज़ का निर्देशन जीवन जे कांग और नवीन जॉन ने किया है। इसके मुख्य लेखक शरद देवराजन, सरवत चड्ढा, अश्विन पांडे और अर्शद सैयद हैं। इसमें अच्छाई और बुराई के बीच निरंतर संग्राम दिखाया गया है और बताया गया है कि हनुमान किस प्रकार बढ़ते अंधेरे के बीच रोशनी और आशा की अमर मशाल बनकर उभरे। लीजेंड ऑफ हनुमान में पौराणिक कथा के साथ बेहतरीन स्टोरीटेलिंग का समावेश किया गया है और आसान शब्दों एवं वाक्यांशों के माध्यम से हनुमान की कहानी दिखाई गई है। यह सीरीज़ पूरे देश के वयस्कों, बच्चों और परिवारों के देखने योग्य है। सभी 13 एपिसोड 7 भाषाओं . हिंदी, तमिल, तेलुगू, मराठी,




बंगाली, मलयालम और कन्नड़ में दिखाए जाएंगे। यह सीरीज़ 29 जनवरी, 2021 को केवल डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी पर रिलीज़ होगी। सूत्रधार के रूप में अपनी आवाज देने वाले शरद केलकर ने कहा, हममें से अधिकांश लोग या तो हनुमान की कहानियां सुनते हुए बड़े हुए हैं या फिर उन्हें टेलीविज़न पर देखा है। दिलचस्प बात यह है कि हम उनके शुरुआती सालों के बारे में बहुत कम जानते हैं। लीजेंड ऑफ हनुमान उनकी एक बेहतरीन कहानी है। हनुमान भूल चुके थे कि वो क्या हैं और यही मानते रहे कि वो एक आम वानर हैं। सूत्रधार के रूप में मेरा सौभाग्य है कि मैं इस कहानी को एक सूत्र में पिरोने के लिए अपनी आवाज दे रहा हूँ। यह एक अद्वितीय अनुभव है। मेरा मानना है कि यह कहानी लोगों को इस विश्वास की ओर प्रेरित करेगी कि अस्तित्व का महत्व शक्ति में नहीं, अपितु विश्वासए साहस एवं उदारता में है। शरद देवराजन, को-फाउंडर, ग्राफिक्स इंडिया ने कहा कि पहली बार हनुमान की पौराणिक दुनिया की भव्यता एवं पौराणिक भगवान, दानवए, वन्यजीव, यक्षों एवं मानवतुल्य प्रजातियां उच्च गुणवत्ता के एनिमेशन द्वारा देखने को मिलेंगी और ऐसी एनिमेटेड ईवेंट का निर्माण करेंगी, जो हमें उम्मीद है कि सदियों के अंतर को समाप्त कर सभी पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी, जिनके दिलों में हनुमान समाए हुए हैं। हमें डिज़्नी हॉटस्टार की अद्भुत टीम के साथ इस ड्रीम प्रोजेक्ट में काम करने का अवसर मिला, जो हमारा सौभाग्य है।